संताल एक्सप्रेस ई-पेपर व दैनिक ताजा खबर
www.santalexpress.com पर पढ़ें

03 फरवरी 2026, मंगलवार

पृष्ठ-08, मूल्य : 2 रुपये

दुमका, वर्ष- 08, अंक - 128

Email-santalexpress20@gmail.com

संताल परगना की आवाज

संताल एक्सप्रेस

झारखंड में महाशिवरात्रि तक रहेगी ठंड, इसके बाद गर्मी देगी दस्तक

रांची । झारखंड में महाशिवरात्रि (15 फरवरी) तक ठंड बने रहने की संभावना है। इसके बाद मौसम में बदलाव के साथ गर्मी धीरे-धीरे बढ़ेगी। मौसम विभाग ने सोमवार को इसकी जानकारी दी। मौसम विभाग के अनुसार, महाशिवरात्रि के बाद तापमान में वृद्धि होगी, लेकिन इसी दौरान कुछ स्थानों पर बारिश की संभावना भी है। बारिश होने से तापमान में थोड़ी कमी आएगी।

दुमका में झामुमो ने मनाया 47वां स्थापना दिवस, उमड़ी भीड़

मुख्यमंत्री हेमंत का केंद्र को दो-टूक, राजनीतिक चक्रव्यूह का देंगे मुंहतोड़ जवाब, अब बोका नहीं रहे झारखंडी

गुरुजी के सपनों का झारखंड, शिक्षा और संघर्ष से अधिकार छीनेगी राज्य की जनता : मुख्यमंत्री

झारखंड का खनिज, देश का बजटः सोरेन बोले- योगदान हमारा सबसे ज़्यादा, फिर भी हम 'बेनाम' क्यों

गुरुजी देह से दूर पर दिल के करीब : प्रो. स्टीफन मरांडी

दुमका । उपराजधानी दुमका आज झामुमो के 47वें स्थापना दिवस के अवसर पर ÷दुल्हन की तरह÷ सजी नजर आई। इस पर प्रोफेशनल स्टीफन मरांडी ने काफी खुशी जाहिर की। स्थानीय विधायक बसंत सोरेन के नेतृत्व को सराहा। उमड़े जनसैलाब को नमन करते हुए कहा कि यह कार्यक्रम जनता के अटूट प्रयास और तपस्या का परिणाम है। उन्होंने भावुक होते हुए कहा कि गुरुजी भले ही आज मंच पर नहीं हैं, पर उनकी प्रेरणा और संघर्ष का प्रमाण हर झारखंडी के चेहरे पर दिख रहा है। यह राज्य और यह सत्ता बहुत कठिन तपस्या और कुर्बानियों के बाद मिली है। जनता को अधिकार के लिए जागरूक करना चाहिए। आपको यह जानकर करना होगा की यह राज्य आपका है।

एस.के.झा सुमन

दुमका। दुमका के ऐतिहासिक मंच से 47वें झारखंड दिवस के अवसर पर सोमवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने जनता को संबोधित करते हुए भावुक और ओजस्वी संदेश दिया। उन्होंने संथाली और हिंदी में संवाद करते हुए स्पष्ट किया कि गुरुजी शिबू सोरेन का एकमात्र सपना राज्य के बच्चों को उच्च शिक्षित देखना था। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज हमारे पास वह शक्ति है कि हमारे बच्चे इंजीनियर, डॉक्टर और आई.ए.एस बनकर राज्य की सेवा करें।

विरासत पर गर्व और अंग्रेजों से की तुलना

मुख्यमंत्री ने पूर्वजों के संघर्ष को याद करते हुए कहा कि जिस व्यवस्था में कभी आदिवासियों को प्रताड़ित किया जाता था, आज उसी व्यवस्था में हमारे बच्चे 'अंग्रेजों के बच्चों' विदेशी परिवेश के साथ बराबरी में बैठकर शिक्षा ले रहे हैं। उन्होंने स्वयं को वीर सपूतों की संतान बताते हुए कहा कि वे अपने पूर्वजों के विचारों को कंधे पर उठाकर आगे बढ़ रहे हैं।

केंद्र पर अनदेखी का आरोप और स्वाभिमान की बात

झारखंड के खनिज संसाधनों की चर्चा करते हुए हेमंत सोरेन ने केंद्र सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि देश के बजट में झारखंड के खनिजों का योगदान सबसे अधिक है, लेकिन बजट घोषणाओं में राज्य का नाम तक नहीं लिया जाता। उन्होंने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि झारखंड के लोग अब 'बोका' (मूर्ख) नहीं हैं; वे राजनीतिक चक्रव्यूह और धनबल के खेल को अच्छी तरह समझते हैं।

अधिकारों के लिए फिर होगा संघर्ष

नगर पालिका के हो रहे चुनाव को लेकर लगे आचार संहिता का सम्मान करते हुए मुख्यमंत्री ने संक्षिप्त लेकिन कड़े शब्दों में कहा कि झारखंड की जनता ने पहले भी लड़कर अपना हक लिया था और आगे भी अन्याय के खिलाफ मजबूती से लड़ेगी। आर्थिक और मानसिक रूप से कमजोर समझने वालों को आगाह करते हुए उन्होंने कहा कि झारखंडी जनता विरोधियों की चाल चलने से पहले ही उसे भांप लेती है।

संघर्ष से मिला है राज्य, अब संवारने की जिम्मेदारी हमारी : बसंत

दुमका । झारखंड मुक्ति मोर्चा के 47वें स्थापना दिवस के अवसर पर दुमका के ऐतिहासिक गांधी मैदान में आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए विधायक बसंत सोरेन ने जनता के बीच अपनी बात रखी। उन्होंने राज्य की स्थापना और इसके भविष्य को लेकर समाज की सामूहिक जिम्मेदारी पर बल दिया। विधायक बसंत सोरेन ने कहा कि यह राज्य हमें बहुत मुश्किलों और लंबे संघर्ष के बाद मिला है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि यह हमारी अपनी सरकार है, और अब यह सोचना हम सभी का उत्तरदायित्व है कि इस राज्य को आगे कैसे ले जाया जाए। उन्होंने इस दिवस को केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि विचार करने का एक महत्वपूर्ण मंच बताया, जहाँ समाज के भविष्य की नींव रखी जा सके।

जनसैलाब भीड़ नहीं, बल्कि दिशोम गुरु के प्रति लोगों की गहरी आस्था का प्रतीक : हेमलाल मुर्मू

दुमका। झारखंड के दुमका में आयोजित 47वें झारखंड दिवस समारोह के दौरान उमड़े जनसैलाब ने एक बार फिर झारखंड मुक्ति मोर्चा की अटूट ताकत को साबित कर दिया है। इस अवसर पर हेमलाल मुर्मू, डॉ. लुईस मरांडी और प्रोफेसर स्टीफन मरांडी, राजमहल के सांसद विजय हांसदा, मंत्री सहित अन्य नेताओं ने संयुक्त रूप से दिशोम गुरु शिबू सोरेन के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं और श्रद्धा व्यक्त की। नेताओं ने भावुक होते हुए कहा कि आज उमड़ा यह जनसैलाब केवल एक भीड़ नहीं, बल्कि दिशोम गुरु के प्रति लोगों की गहरी आस्था का प्रतीक है। उन्होंने उल्लेख किया कि यद्यपि ÷गुरुजी÷ शारीरिक रूप से हमारे बीच नहीं रहे, लेकिन उनकी आत्मा आज भी झारखंड के कण-कण में जीवित है और राज्य के विकास को देख रही होगी। शिबू सोरेन के लंबे संघर्षों से खड़ी की गई पार्टी आज जिस मुकाम पर है, उसे इस ऐतिहासिक भीड़ ने एक बार फिर वीर साबित कर दिया है।

हक मिला और अब विश्वास बढ़ा है, परिवार की तरह एकजुट है झामुमो : आलोक सोरेन

दुमका । झारखंड मुक्ति मोर्चा के 47वें स्थापना दिवस के ऐतिहासिक अवसर पर शिकारीपाड़ा के नवनिर्वाचित विधायक आलोक सोरेन ने राज्यवासियों और कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए एक भावुक संदेश दिया। उन्होंने कहा कि आज हमें अपने हक मिले हैं और यह मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के कुशल नेतृत्व का ही परिणाम है कि आज जनता का विश्वास सरकार पर और मजबूत हुआ है। आलोक सोरेन ने जोर देकर कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि एक ÷परिवार÷ की तरह है। उन्होंने आह्वान किया कि जैसे हम अपने परिवार के सुख-दुख साझा करते हैं, वैसे ही झामुमो कार्यकर्ता भी एक साथ मिलकर राज्य के विकास में योगदान दें। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में झामुमो हर बाहरी और भीतरी चुनौती का सामना करने के लिए तैयार है। सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं जैसे आपनार आतो कामी के माध्यम से अंतिम व्यक्ति तक हक पहुँचाया जा रहा है। यह आयोजन विशेष रूप से महत्वपूर्ण रहा क्योंकि यह झामुमो के संघर्ष और बलिदान की याद दिलाता है।

धनबाद के मेयर प्रत्याशी चंद्रशेखर अग्रवाल ने भाजपा छोड़ झामुमो का दामन थामा

दुमका में मुख्यमंत्री ने पार्टी का पट्टा डाल झामुमो में शामिल कराया

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

धनबाद। नगर निकाय चुनाव से पहले भाजपा को तगड़ा झटका लगा है। भाजपा के नेता रहे पूर्व मेयर चंद्रशेखर अग्रवाल सोमवार को दुमका में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की मौजूदगी में झारखंड मुक्ति मोर्चा में शामिल हो गए हैं। चंद्रशेखर अग्रवाल झारखंड प्रदेश भाजपा की कार्यसमिति सदस्य भी थे। वे पूर्व में धनबाद के मेयर रह चुके हैं। इस बार भी चंद्रशेखर अग्रवाल ने नगर निकाय चुनाव में धनबाद मेयर पद के लिए पहले दिन ही नामांकन भर? दिया था। वैसे तो झारखंड में नगर निकाय चुनाव गैरदलीय हो रहा है। इसके बावजूद राजनीतिक दलों ने अपने-अपने

प्रत्याशियों का समर्थन कर अपने लोगों को चुनाव जिताने में लगे हैं। भाजपा ने धनबाद से संजीव अग्रवाल का समर्थन कर दिए जाने से चंद्रशेखर अग्रवाल नाराज चल रहे थे। चंद्रशेखर अग्रवाल को झामुमो में शामिल कराने का सूत्रधार झामुमो विधानसभा सचेतक मथुरा प्रसाद महतो को लेकर चर्चा आम है।

चंद्रशेखर अग्रवाल पूर्व मेयर रह चुके हैं। भाजपा के पुराने कार्यकर्ता रहे हैं। पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास के वे बेहद करीबी माने जाते हैं। लोकसभा व विधानसभा चुनाव में टिकट के लिए भी चंद्रशेखर अग्रवाल ने दावेदारी की थी। दोनों बार उन्हें पार्टी से तरहीज नहीं मिली। विधानसभा चुनाव के समय ही इस बात की चर्चा थी की चंद्रशेखर अग्रवाल भाजपा छोड़ रहे हैं और जेएमएम में जा रहे हैं। लेकिन भाजपा की एक लॉबी के दबाव के कारण उन्होंने पार्टी नहीं छोड़ी। दलगत चुनाव नहीं होने के कारण मेयर चुनाव में चंद्रशेखर अग्रवाल ने पार्टी का समर्थन मांगा था।

राहुल के भाषण पर हंगामा, लोकसभा दिनभर के लिए स्थगित

नई दिल्ली (एजेंसी)। लोकसभा में सोमवार को विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने पूर्व सेना अध्यक्ष जनरल मनोज मुकुंद नरवणे की अप्रकाशित पुस्तक पर एक मैग्जीन के लेख को सदन में उठाना चाहा। सत्ता पक्ष के विरोध और लोकसभा अध्यक्ष के व्यवस्था देने के बावजूद राहुल गांधी के बार-बार विषय उठाने के चलते कार्यवाही दो बार स्थगित हुई और बाद में दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई। लोकसभा में आज राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा आरंभ हुई। विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने चर्चा में भाग लेते हुए 2020 में भारत और चीन के बीच पूर्वी लद्दाख की सीमा पर हुई सैन्य तनातनी का मुद्दा उठाया।

जेपीएससी-2 घोटाले में ईडी ने मनी लाउंड्रिंग जांच की तेज, 28 अधिकारियों की संपत्ति का मांगा विवरण

संवाददाता

रांची । प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी-2) घोटाले में आईआर दर्ज करने के बाद मनी लाउंड्रिंग के बिंदु पर जांच को तेज कर दिया है। अधिकारियों के अनुसार, ईडी ने इस मामले में सीबीआई की ओर से आरोपित झारखंड पुलिस और प्रशासन के 28 अधिकारियों से संबंधित विस्तृत जानकारी मांगी है, जिसमें उनकी ओर से घोषित संपत्ति का विवरण भी शामिल है।

ईडी ने जिन अधिकारियों की संपत्ति का विवरण मांगा है, उनमें राधा प्रेम किशोर, विनोद राम, हरिशंकर, रवि कुमार कुजूर, मुकेश कुमार महतो, कुंदन कुमार सिंह, मौसमी नागेश, कानू राम नाग, प्रकाश कुमार, संगीता कुमारी, रजनीश कुमार, शिवेंद्र, संतोष कुमार चौधरी, रोहित सिंह, शैलेश कुमार श्रीवास्तव, अमित कुमार, राहुल जी आनंद, इंद्रजीत सिंह, शिशिर कुमार सिंह, राजीव



कुमार सिंह, रामकृष्ण कुमार, प्रमोद राम, अरविंद कुमार सिंह, विकास कुमार पांडे, मनोज कुमार, सुदामा कुमार और कुमुद कुमार शामिल हैं।

दरअसल, सीबीआई ने जेपीएससी-2 घोटाले की जांच के बाद कुल 60 आरोपितों के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया था। इसमें जेपीएससी के छह अधिकारी, ग्लोबल इंफॉरमेटिक्स के 28 परीक्षार्थी और 25 परीक्षक शामिल थे। आरोपित सभी 28 अधिकारी फिलहाल जमानत पर हैं। इन आरोपितों में से कुछ राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारी अब एडीएम रैंक में और राज्य पुलिस सेवा के दो अधिकारी आईपीएस रैंक में पदोन्नत हो चुके हैं।

ईडी ने राज्य सरकार को पत्र लिखकर इन सभी अधिकारियों की पोस्टिंग और संपत्ति का ब्योरा मांगा है।

उल्लेखनीय है कि अधिकारियों को सरकारी नौकरी में योगदान देते समय और हर साल अपनी संपत्ति की घोषणा करने का नियम है। अखिल भारतीय सेवा के अधिकारियों को यह विवरण भारत सरकार को भेजना होता है। अधिकारियों की संपत्ति की स्व घोषणा प्रशासनिक भ्रष्टाचार पर निगरानी के लिए अनिवार्य है।

ईडी अब जेपीएससी घोटाले में आरोपित सभी अधिकारियों द्वारा की गई संपत्ति की जानकारी एकत्र कर रही है।

भाजपा ने धनबाद, रांची, चास और हजारीबाग से मेयर उम्मीदवारों के नाम किए घोषित

संवाददाता

रांची । नगर निकाय चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने चार प्रमुख नगर निकायों के लिए अपने समर्थित मेयर प्रत्याशियों के नामों की घोषणा कर दी है। पार्टी ने धनबाद, रांची, चास और हजारीबाग नगर निगम के मेयर पद के लिए उम्मीदवार तय किए हैं। भाजपा की ओर से धनबाद से संजीव अग्रवाल, रांची से रोशनी खलखो, चास से अविनाश कुमार और हजारीबाग से सुदेश चंद्रवंशी को मेयर पद के लिए समर्थन देने का निर्णय लिया गया है। इन नामों के ऐलान के साथ ही शहरी राजनीति में हलचल तेज हो गई है।

शीर्ष नेतृत्व की सहमति के बाद सूची जारी

पार्टी सूत्रों के अनुसार, प्रत्याशियों के नामों को लेकर भाजपा के शीर्ष नेतृत्व स्तर पर विस्तृत मंथन किया गया। सामाजिक संतुलन, स्थानीय प्रभाव और चुनावी संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए इन नामों पर अंतिम सहमति बनी। गैर-दलीय चुनाव होने के बावजूद भाजपा द्वारा समर्थित प्रत्याशियों की घोषणा को राजनीतिक रणनीति के रूप में देखा जा रहा है। पार्टी सूत्रों का कहना है कि सभी सीटों पर स्थानीय समीकरणों और संभावित उम्मीदवारों को लेकर विचार-विमर्श जारी है।

गैर-दलीय चुनाव में सियासी तस्वीर साफ

नगर निकाय चुनाव भले ही गैर-दलीय आधार पर कराए जा रहे हों, लेकिन भाजपा की इस घोषणा से यह स्पष्ट हो गया है कि शहरी निकाय चुनाव पूरी तरह राजनीतिक माहौल में लड़े जाएंगे। आने वाले दिनों में अन्य दलों की रणनीति और उनके समर्थित प्रत्याशियों के नाम सामने आने की संभावना है।

दुमका रैली में नहीं पहुंची कल्पना सोरेन, जोबा मांझी और महुआ माजी

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

दुमका। झामुमो द्वारा आयोजित 47 वें झारखंड दिवस समारोह को मुख्य रूप से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने संबोधित किया।मुख्यमंत्री के अलावा पार्टी के दो सांसदों नलिन सोरेन और विजय हांसदा के साथ ही बसंत सोरेन,मथुरा महतो और डॉ. लुईस मरांडी सहित कई विधायकों ने रैली को संबोधित किया।झामुमो की प्रमुख नेताओं में गांडेय से पार्टी की विधायक कल्पना सोरेन, चाईबासा की एमपी जोबा मांझी और राज्य सभा सांसद महुआ मांजि पार्टी की दुमका रैली में शामिल नहीं हो सकीं,जबकि झामुमो 2 फरवरी के समारोह को उत्सव की तरह मनाता है।दुमका की इस रैली में जोबा मांझी और महुआ मांजि की अनुपस्थिति की वजह संसद के चल रहे सत्र में उनकी व्यस्तता हो सकती है।हालांकि झामुमो की इन प्रमुख नेताओं की दुमका रैली में अनुपस्थिति पर पार्टी की ओर से कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है।

रेलवे बजट में झारखंड को 7,536 करोड़ की सौगात, दो नई अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनें मिलेंगी

राज्य में कुल 57 अमृत भारत स्टेशनों का विकास हो रहा : डीआरएम

संताल एक्सप्रेस

रांची । केंद्र सरकार के आम बजट 2026-27 में रेलवे क्षेत्र के लिए कई महत्वाकांक्षी योजनाओं को मंजूरी दी गई है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट में रेलवे को मजबूत करने पर विशेष जोर दिया गया है। बजट में राज्यवार आवंटन की जानकारी रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से देशभर के सभी रेल मंडलों के अधिकारियों के साथ साझा की। हटिया स्थित डीआरएम कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में रेल मंत्री ने बताया कि इस बजट में झारखंड को रेलवे विकास के लिए 7,536 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। वर्ष 2009 से 2014 के दौरान झारखंड को औसतन मात्र 457 करोड़ रुपये का रेल बजट मिलता था, जबकि वर्तमान में यह राशि करीब 16 गुना बढ़ चुकी है। इस राशि से राज्य में रेलवे अवसंरचना के विस्तार, ट्रैक दोहरीकरण, स्टेशन आधुनिकीकरण, यात्री सुविधाओं में सुधार और सुरक्षा से जुड़े कार्यों को गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि झारखंड में इस समय 63,470 करोड़ रुपये की लागत से रेलवे इंफ्रास्ट्रक्चर से जुड़ी परियोजनाएं चल रही हैं। इन परियोजनाओं में नए रेल ट्रैक का निर्माण, ट्रैक डबलिंग, स्टेशन पुनर्विकास, स्टेशन डेवलपमेंट और सुरक्षा प्रणाली 'कवच' का कार्य शामिल है। रेल मंत्री ने बताया कि रेलवे का उद्देश्य झारखंड में यात्री सुविधाओं के साथ-साथ माल परिवहन और सुरक्षा व्यवस्था को भी मजबूत करना है। रेल बजट के तहत झारखंड को दो और अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनें मिलने जा रही हैं। इनमें से एक ट्रेन धनबाद-कोयंबटूर रूट पर चलाई जाएगी, जिससे राज्य को दक्षिण भारत से सीधी कनेक्टिविटी मिलेगी। **राज्य में कुल 57 अमृत भारत स्टेशनों का विकास हो रहा : डीआरएम** इस अवसर पर रांची रेल मंडल के डीआरएम करुणानिधि सिंह ने बताया कि राज्य में कुल 57 अमृत भारत स्टेशनों का विकास किया जा रहा है, जिनमें से 15 स्टेशन रांची रेल मंडल के अंतर्गत आते हैं। वर्तमान में झारखंड में 12 वंदे भारत ट्रेनें और चार जोड़ी अमृत भारत ट्रेनें संचालित हो रही हैं। जल्द ही दो और अमृत भारत ट्रेनों के परिचालन से राज्य की रेल कनेक्टिविटी को और मजबूती मिलेगी। उन्होंने बताया कि गोविंदपुर स्टेशन का उद्घाटन हो चुका है, जबकि लोहरदगा, मूरी और पिस्का स्टेशनों का कार्य पूरा कर लिया गया है। शेष स्टेशनों का निर्माण कार्य लगभग 90 प्रतिशत तक पूर्ण हो चुका है।

आदिवासियों के अधिकार छीन रही है गठबंधन सरकार : चंपाई सोरेन

संताल एक्सप्रेस

चाईबासा। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन सोमवार को पश्चिमी सिंहभूम जिले के टोंटो प्रखंड अंतर्गत सेरेंगसिया घाटी पहुंचे। यहां उन्होंने वीर पोटो हो सहित कोल विद्रोह के अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद उन्होंने राज्य की गठबंधन सरकार पर आदिवासी विरोधी नीतियां अपनाने का आरोप लगाते हुए जमकर निशाना साधा।चंपाई सोरेन ने कहा कि जल, जंगल, जमीन और परंपराओं की रक्षा के लिए जिन आदिवासी पूर्वजों ने अंग्रेजों के खिलाफ संघर्ष किया, वही अधिकार आज फिर खतरे में हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने वर्षों से चली आ रही परंपरा को तोड़ते हुए सेरेंगसिया के ग्रामीणों द्वारा हर साल आयोजित किए जाने वाले सांस्कृतिक और खेलकूद कार्यक्रम को जबरन रद्द करा दिया। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों का कसूर सिर्फ इतना था कि उन्होंने उन्हें मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया था।पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि भोगनाडीह से लेकर सेरेंगसिया तक शहीदों के परिवारों और पारंपरिक ग्राम प्रधानों के निर्णयों को नजरअंदाज कर पुलिस के बल पर आदेश थोपे जा रहे हैं, जिसे आदिवासी समाज कभी स्वीकार नहीं करेगा।उन्होंने सारंडा क्षेत्र का मुद्दा उठाते हुए कहा कि खनन कंपनियों के हित में सरकार उच्चतम न्यायालय तक पहुंच जाती है, लेकिन हजारों वर्षों से वहां बसे लाखों आदिवासी परिवारों की चिंता नहीं करती। उन्होंने सवाल उठाया कि वाइल्ड लाइफ सेंचुरी के नाम पर आदिवासियों को उजाड़ने की साजिश क्यों की जा रही है।

तेल और गैस संरक्षण के लिए सामूहिक प्रयास जरूरी : मंत्री दीपिका

संताल एक्सप्रेस

रांची। तेल और गैस संरक्षण को लेकर सामूहिक प्रयास की आवश्यकता पर ज़ोर देते हुए झारखंड सरकार की ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडे सिंह ने कहा कि भविष्य की पीढ़ियों के लिए ऊर्जा संसाधनों का संरक्षण बेहद जरूरी है। इससे न केवल ईंधन की बचत होगी, बल्कि पर्यावरण संरक्षण को भी मजबूती मिलेगी। मंत्री सोमवार को होटल बीएनआर चाणक्य में पेट्रोलियम संरक्षण अनुसंधान संघ की ओर से आयोजित सक्षम 2026 के शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में बोल रही थीं। यह जागरूकता अभियान 2 फरवरी से 16 फरवरी तक चलेगा, जिसके तहत राज्यभर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।दीपिका पांडे सिंह ने कहा कि राज्य सरकार पर्यावरण संरक्षण की दिशा में लगातार कार्य कर रही है। बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत महिलाओं की सक्रिय भागीदारी से अब तक दो करोड़ से अधिक पौधे लगाए जा चुके हैं, जो एक बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि सरकार और तेल कंपनियां मिलकर यदि इस दिशा में काम करें। राज्य कार्यक्रम की जानकारी देते हुए इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के एसएलसी पंकज कुमार ने बताया कि सक्षम अभियान के तहत उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान एलपीजी के सुरक्षित उपयोग, सीएनजी-पीएनजी को बढ़ावा, बीएस-6 ईंधन, और कार्बन उत्सर्जन में कमी जैसे विषयों पर भी जागरूकता फैलाई जाएगी।बीपीसीएल के टेरिटरी मैनेजर रतन कच्छप ने कहा कि सक्षम कार्यक्रम में सभी की भागीदारी जरूरी है। नेट-ज़ीरो कार्बन उत्सर्जन के लक्ष्य को हासिल करने के लिए ऑयल कंपनियां मिलकर काम कर रही हैं। बीपीसीएल अपने कई रिटेल आउटलेट्स पर सोलर सिस्टम का उपयोग कर रही है।एचपीसीएल के आरएम शुभम दत्ता ने भी तेल और गैस संरक्षण को जन आंदोलन बनाने की आवश्यकता बताई। वहीं धन्यवाद ज्ञापन में गेल के डीजीएम प्रशांत कुमार ने कहा कि तेल और गैस पर निर्भरता कम करने के लिए हर घर तक पीएनजी और हर वाहन तक सीएनजी पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है।

बुजुर्ग की हत्या का खुलासा, पिता-पुत्र समेत तीन गिरफ्तार

संताल एक्सप्रेस

रांची। रांची के लालपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत लोवर वर्द्धमान कंपाउंड में शनिवार रात हुई मधेश्वर सिंह की हत्या का पुलिस ने खुलासा करते हुए तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में मुन्ना कच्छप और उसके दो बेटे अमन कच्छप तथा अनिकेत कच्छप शामिल हैं।सोमवार को आयोजित प्रेस वार्ता में नगर पुलिस उपाधीक्षक केवी रमण ने बताया कि मामूली विवाद के बाद दो सगे भाइयों ने अपने पिता के साथ मिलकर बुजुर्ग मधेश्वर सिंह की बेरहमी से पिटाई की, जिससे उनकी मौत हो गई। उन्होंने बताया कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन के निर्देश पर गठित टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घटना के 24 घंटे के भीतर सभी नामजद आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है।पुलिस के अनुसार, 31 जनवरी की रात लोवर वर्द्धमान कंपाउंड निवासी मधेश्वर सिंह टहलने निकले थे। इसी दौरान मोहल्ले के ही अमन और अनिकेत कच्छप से किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। विवाद बढ़ने पर दोनों भाइयों ने उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। शोर सुनकर पिता मुन्ना कच्छप मौके पर पहुंचा और उसने भी अपने बेटों के साथ मिलकर हमला किया। गंभीर चोट लगने से मधेश्वर सिंह मौके पर ही बेहोश हो गए।परिजनों और स्थानीय लोगों ने उन्हें तुरंत अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद पीड़ित के पुत्र पियूष कुमार सिंह के बयान पर लालपुर थाने में हत्या सहित अन्य धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की गई है।

स्वास्थ्य योजनाओं में लापरवाही पर सरकार सख्त

15वें वित्त आयोग में शून्य प्रगति वाले जिलों पर कार्रवाई तय

संताल एक्सप्रेस

रांची। राज्य में स्वास्थ्य योजनाओं के क्रियान्वयन में लापरवाही अब भारी पड़ सकती है। 15वें वित्त आयोग के तहत शून्य प्रगति वाले जिलों पर सख्त कार्रवाई के संकेत देते हुए अपर मुख्य सचिव, स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग अजय कुमार सिंह ने स्पष्ट कहा है कि सुधार नहीं होने की स्थिति में संबंधित सिविल सर्जनों के वेतन पर रोक लगाई जाएगी। सोमवार को नामकुम स्थित आईपीएच सभागार में सभी जिलों के सिविल सर्जनों के साथ आयोजित समीक्षा बैठक में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम), मुख्यमंत्री अस्पताल रखरखाव योजना, 15वां वित्त आयोग एवं पीएम-अभीम की प्रगति की गहन समीक्षा की गई। बैठक में एनएचएम के अभियान निदेशक शशि प्रकाश झा, अपर सचिव विद्यानंद शर्मा पंकज, संयुक्त सचिव ललित मोहन शुक्ला, निदेशक प्रमुख स्वास्थ्य सेवाएं डॉ. सिद्धार्थ सान्याल सहित विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। अपर मुख्य सचिव ने एनएचएम के अंतर्गत किए गए व्यय एवं लंबित भुगतान पर नाराजगी जताते हुए निर्देश दिया कि शीघ्र विपत्र तैयार कर भुगतान सुनिश्चित किया जाए। इसके लिए सभी संबंधित अधिकारियों और स्टेकहोल्डर्स के साथ आवश्यक बैठकें करने को कहा गया। मुख्यमंत्री अस्पताल रखरखाव योजना के तहत अस्पतालों में मरम्मत एवं रंग-रोगन कार्यों की समीक्षा करते हुए उन्होंने निर्देश दिया कि जहां भी छोटी कमियां शेष हैं, उन्हें तत्काल दुरुस्त किया जाए। 15वें वित्त आयोग की समीक्षा के दौरान श्री सिंह ने सभी अस्पतालों में आवश्यक मशीनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। कम खर्च वाले जिलों पर नाराजगी जताते हुए उन्होंने शून्य प्रगति वाले जिलों से कारण-पृच्छा करने और चेतावनी दी कि स्थिति में सुधार नहीं होने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बेहतर प्रदर्शन करने वाले जिलों की सराहना भी की गई। बैठक में यह भी सामने आया कि उप विकास आयुक्त एवं नगर परिषद स्तर पर आवंटित राशि का उपयोग धीमी गति से हो रहा है। इस पर सभी सिविल सर्जनों को निर्देश दिया गया कि 13 फरवरी तक न्यूनतम 60 प्रतिशत राशि के उपयोग का यूटिलाइजेशन सर्टिफिकेट अनिवार्य रूप से जमा कराया जाए। इसके अलावा, अस्पताल कर्मियों की उपस्थिति को वेतन से जोड़ने की प्रक्रिया पर कार्य शुरू होने की जानकारी दी गई। वहीं, सहियाओं के इंसेंटिव को ऑनलाइन भुगतान प्रणाली से जोड़ने के लिए आवश्यकता पड़ने पर कैबिनेट प्रस्ताव लाने की बात भी कही गई। एंबुलेंस संचालन में आ रही समस्याओं पर अपर मुख्य सचिव ने 108 एंबुलेंस सेवा को एकीकृत संचालन प्रणाली के तहत सौंपने का सुझाव दिया, ताकि सेवा अधिक सुरक्षित और सुचारु हो सके।

एक ही परिवार के 3 सदस्यों ने किया आत्महत्या का प्रयास, बेटे की मौत

संताल एक्सप्रेस

रांची।अरगोड़ा थाना क्षेत्र स्थित कडरू, एजी कॉलोनी (मंदिर मार्ग) में एक ही परिवार के तीन सदस्यों ने आत्महत्या करने का प्रयास किया। इस घटना में परिवार के इकलौते बेटे की मौत हो गई है, जबकि मां और बेटी की हालत गंभीर बनी हुई है।मिली जानकारी के अनुसार, मृतक की पहचान मिहिर के रूप में हुई है।मिहिर ने फंदे से लटककर अपनी जान दे दी।वहीं, उसकी मां स्नेहा अखौरी और 14 वर्षीय बहन ने जहर खाकर अपनी जीवन लीला समाप्त करने की कोशिश की।घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और एफएसएल की टीम मौके पर पहुंच गई है और मामले की जांच शुरू कर दी गई है। बताया जा रहा है कि मिहिर हाल ही में कोलकाता से अपनी सीए की पढ़ाई पूरी कर रांची लौटा था।चर्चा है कि उसका चयन प्रतिष्ठित उषा मार्टिन कंपनी में हुआ था और वह जल्द ही अपनी पेशेवर जिंदगी की शुरुआत करने वाला था। मिहिर की मां, स्नेहा अखौरी, झारखंड हाई कोर्ट में एक अधिवक्ता हैं। उन्होंने और उनकी 14 साल की नाबालिग बेटी ने जहर खा लिया है।दोनों को आनन-फानन में रांची के गुरुनानक अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी स्थिति चिंताजनक बनी हुई है।डॉक्टर उन्हें बचाने की हरसंभव कोशिश कर रहे हैं।घटनास्थल पर पहुंची पुलिस को अभी तक सुसाइड नोट या किसी ठोस कारण का पता नहीं चला है।

स्कूल की दीवार गिरने से छात्रा घायल

देवघर। जमनी प्राथमिक विद्यालय में सोमवार को एक दुर्घटना में कक्षा छह की छात्रा प्रियंका कुमारी गंभीर रूप से घायल हो गई। छात्रा बिहार के बांका जिले के चांदन थाना क्षेत्र के जमनी गांव की रहने वाली है। घटना तब हुई जब स्कूल में टिफीन के समय सभी बच्चे बाहर खेल रहे थे। खेलते समय प्रियंका पांच इंच मोटी स्कूल की दीवार पर चढ़ने लगी। इसी दौरान दीवार अचानक ढह गई और प्रियंका के दाहिने पैर में गंभीर चोट आ गई।प्राथमिक उपचार के लिए उसे पहले चांदन स्थित अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के बाद बेहतर चिकित्सा के लिए देवघर सदर अस्पताल भेजा गया।

देवघर में सड़क हादसे में युवक की मौत

देवघर। बिहार के जमुई जिले के चन्द्रमंडी थाना क्षेत्र के छाता गांव के 30 वर्षीय नरेश बास्की की सड़क हादसे में मौत हो गई। नरेश के पीछे एक बच्चा और पत्नी हैं। हादसे की खबर से परिवार में मातम छा गया है। परिजनों ने बताया कि नरेश मद्रास में मजदूरी करता था। सोमवार सुबह वह मद्रास से घर लौटा था। वह दोपहर में अपनी पत्नी से मिलने बिंझा गांव स्थित मायके जा रहा था। इसी दौरान बिंझा गांव के पास एक तीखे मोड़ पर उसकी बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई।परिजनों ने नरेश को पहले चकाई स्थित रेफरल अस्पताल ले जाकर इलाज कराया। हालत गंभीर देख उसे बेहतर इलाज के लिए देवघर सदर अस्पताल भेजा गया। देवघर सदर अस्पताल के डॉक्टरों ने उसे देखने के बाद मृत घोषित कर दिया। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है और पूरे गांव में हादसे की खबर से शोक व्याप्त है।

गांधी स्मृति यात्रा का हजारीबाग में पहुंचने पर विभिन्न जगहों पर स्वागत

संताल एक्सप्रेस

हजारीबाग। गांधी स्मृति यात्रा का हजारीबाग में पहुंचने पर विभिन्न जगहों पर भव्य स्वागत किया गया। यात्रा दल के सदस्यों ने नगर में गांधी महत्व के विभिन्न स्थलों का दौरा किया और गांधी की कई प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया। इस दौरान यात्रियों के साथ विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधियों सहित विद्यार्थी, शिक्षक और पत्रकार थे। पिछले चार दिनों से झारखंड में लगातार चल रही इस यात्रा दल में महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो मनोज कुमार,वरिष्ठ समाजसेवी और लेखक डॉ मनोज मीता और वरिष्ठ पत्रकार प्रसून लतांत शामिल थे। इस यात्रा का मकसद झारखंड से जुड़ी गांधी की यादों का ताजा करना और जन जन को उनकी भूमिकाओं से अवगत कराना है।यात्रियों ने सबसे पहले सेंट कोलंबस कॉलेज के द्वार पर स्थित गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस दौरान कॉलेज के प्रिंसिपल विमल के साथ बड़ी संख्या में शिक्षक और छात्र छात्राएं भी मौजूद थीं। इस मौके पर प्रिंसिपल ने कहा कि कॉलेज में गांधी जी के विचारों और मूल्यों से विद्यार्थियों को अवगत कराया जाता है। उन्होंने कहा कि हमारी कोशिश रहती है कि समाज के अंतिम व्यक्तियों के परिवार के बच्चे शिक्षा से जुड़े। इस कॉलेज में महात्मा गांधी 18 सितंबर 1925 को आए थे और इस मौके पर गांधी जी ने विद्यार्थियों के बीच स्वदेशी, छुआछूत और पर्दा प्रथा के खिलाफ भाषण दिया। बाद यात्री गण शार्क संस्था के सभागार में गए और वहां महिला कार्यकर्ताओं के बीच गांधी के विचारों पर प्रकाश डाला। यहां विश्वनाथ आजाद, बिन्नी, सुहागिनी, श्वेता और कुमार दिलीप ने यात्रियों का स्वागत सम्मान किया। यात्री गण सैनिक स्कूल के बच्चों से भी मिले और उनके बीच गांधी जी के बचपन के प्रसंगों की चर्चा की ताकि बच्चों में नैतिक मूल्यों का विकास हो। यात्रियों ने विनोबा भावे विश्व विद्यालय के कुलपति चंद्रभूषण शर्मा से मुलाकात कर विभिन्न कॉलेजों में गांधी और विनोबा पीठ कायम करने की मांग की। यात्रियों का दिल तब बहुत दुखी हुआ जब कुम्हार टोली स्थित गंदगी के ढेर के बीच गांधी की प्रतिमा को सलाखों में कैद देखा। महात्मा गांधी का हजारीबाग से गहरा नाता रहा है, वे 18 सितंबर 1925 को पहली बार संत कोलंबा कॉलेज आए थे। इस दौरान उन्होंने मटवारी मैदान में भी एक सभा को संबोधित किया और कल्लू चौक पर विश्राम किया, साथ ही सरस्वती देवी व रामनारायण सिंह जैसे नेताओं से मिले। उनकी यादें आज भी कुम्हारटोली स्थित स्मारक में जीवित हैं।

दुबई में फंसे झारखंड के 14 प्रवासी श्रमिकों ने लगाई घर वापसी की गुहार

गिरिडीह। झारखंड के प्रवासी श्रमिकों को विदेशों में फंसने और फिर वतन वापसी के मामले अक्सर सुर्खियों में रहते है।इसी क्रम में सोमवार को दुबई का एक मामला सामने आया है। इस बार भी गिरिडीह, हजारीबाग और बोकारो के 14 प्रवासी मजदूर फंसे हुए हैं।कंपनी के जरिये मजदूरों के बीच काम के बदले मजदूरी का भुगतान नहीं किया जा रहा है।साथ ही समय से अधिक काम कराया जा रहा है। इससे मजदूरों को वहां रहने और खाने-पीने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।विदेश में फंसे मजदूरों ने एक वीडियो भेजकर अपनी पीड़ा को साझा करते हुए सरकार से मदद की अपील की है।प्रवासी मजदूरों के हित में कार्य करने वाले सिकन्दर अली को मजदूरों ने वीडियो भेजा है। मजदूरों के जरिये भेजे गए वीडियो को उन्होंने मीडिया के साथ साझा किया है।सिकन्दर अली ने केंद्र और राज्य सरकार से मजदूरों के सकुशल वतन वापसी के लिए ठोस पहल करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि विदेशों में फंसने वाले मजदूरों का यह कोई पहला मामला नहीं है। इससे पहले भी कई बार प्रवासी मजदूर ज्यादा पैसे कमाने की लालच में विदेश जाकर फंस चुके हैं।

सीएमपीडीआई के सीएमडी ने विजेता एवं उप-विजेता को पुरस्कृत किया

रांची । सीएमपीडीआई के रिक्रियेशन क्लब के तत्वावधान में आयोजित ''पुरूष एवं महिला क्रिकेट टूर्नामेंट'' के पुरूष वर्ग के फाइनल मैच में इंडियन फाइटर्स ने एवेंजर्स को 47 रनों से हराकर कप जीता। पहले बल्लेबाजी करते हुए इंडियन फाइटर्स ने 12 ओवरों में 114/5 रन बनाए, जवाब में एवेंजर्स 67 रनों पर आल आउट हो गई। इंडियन फाइटर्स के श्री अभिषेक प्रसाद को ''मैन आफ द मैच'' का खिताब मिला। एवेंजर्स टीम के सुजीत कुमार को ''मैन आफ द टूर्नामेंट'' का खिताब मिला।सीएमपीडीआई के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक चौधरी शिवराज सिंह और निदेशक (तकनीकी/आरडीएंडटी) नृपेन्द्र नाथ ने क्रमशः पुरूष और महिला टीमों के विजेताओं और उपविजेताओं को कप प्रदान किए। इस अवसर पर सिंह ने शारीरिक फिटनेस और टीम भावना को बढ़ावा देने में खेलों की भूमिका पर जोर दिया।

वाइवीएन में वैज्ञानिक जिम्मेदारी व्याख्यान का आयोजन

रांची । रसायन विज्ञान विभाग द्वारा विज्ञान स्कूल के अंतर्गत एक वैज्ञानिक-सामाजिक जिम्मेदारी व्याख्यान का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम डॉ. आशा मिश्रा, विज्ञान स्कूल की डीन और डॉ. सारिका वर्मा, रसायन विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष की मार्गदर्शन एवं पर्यवेक्षण में विश्वविद्यालय के सम्मेलन कक्ष में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत वक्ता डॉ. अफसाना परवीन का सम्मान तथा वाईबीएन विश्वविद्यालय के कुलपति के प्रेरक शब्दों से हुई। वक्ता एवं विषय का परिचय डॉ. सारिका वर्मा द्वारा दिया गया, उसके बाद विषय पर– हीट टू हील– कैसे मिर्ची मोटापा और चयापचय विकारों से लड़ने में मदद कर सकती है–पर अतिथि व्याख्यान हुआ।अतिथि व्याख्यान डॉ. अफसाना परवीन द्वारा दिया गया। अध्यक्ष रामजी यादव, प्रबंध निदेशक डॉ. अंकिता यादव, सभी डीन, विभागाध्यक्ष, विज्ञान स्कूल, इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, फार्मेसी, नर्सिंग, होम्योपैथी, आर्ट्स एंड ह्यूमैनिटीज, लीगल स्टडीज, मैनेजमेंट तथा संगीत के संकाय सदस्य एवं छात्रों ने भाग लिया।

जमशेदपुर में स्कूल वैन-ऑटो चालकों की अनिश्चितकालीन हड़ताल, हजारों बच्चे प्रभावित

संताल एक्सप्रेस

जमशेदपुर। पूर्वी सिंहभूम में सोमवार को स्कूल वैन और स्कूली ऑटो चालकों की अनिश्चितकालीन हड़ताल का व्यापक असर देखने को मिला। हड़ताल के कारण हजारों स्कूली बच्चों और उनके अभिभावकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा।हड़ताल के समर्थन में करीब 2000 स्कूल वैन और ऑटो चालक सड़कों पर उतर आए, जिससे सुबह के समय शहर के कई इलाकों में अफरा-तफरी की स्थिति बन गई। मजबूरी में अभिभावक अपने बच्चों को बाइक, कार और अन्य निजी साधनों से स्कूल पहुंचाते नजर आए।यह हड़ताल टेल्को स्थित एलएफएस इंग्लिश स्कूल से जुड़े एक मामले को लेकर की जा रही है। स्कूल वैन चालक मन्नू पांडेय को पॉक्सो एक्ट के तहत गिरफ्तार कर 27 जनवरी को जेल भेजे जाने के विरोध में चालक अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। चालकों का आरोप है कि मन्नू पांडेय को साजिश के तहत फंसाया गया है और उनके साथ अन्याय हुआ है। सुबह से ही बड़ी संख्या में चालक विभिन्न इलाकों में एकत्र होकर हड़ताल को सफल बनाने का दावा करते रहे। वहीं, अभिभावकों का कहना है कि बच्चों को स्कूल पहुंचाने में उन्हें अतिरिक्त समय, खर्च और मानसिक तनाव झेलना पड़ रहा है। हालांकि कई अभिभावकों ने यह भी कहा कि यदि किसी के साथ अन्याय हुआ है तो उसे न्याय मिलना चाहिए। राधिका नगर की रहने वाली श्वेता सिंह ने बताया कि उनका आठ वर्षीय बेटा और छोटी बेटी मन्नू पांडेय के साथ ही स्कूल जाया करते थे। उनका कहना है कि मन्नू गलत इंसान नहीं हो सकते और उनके बच्चे भी मन्नू अंकल की रिहाई के लिए प्रार्थना कर रहे हैं। श्वेता सिंह के साथ कई अन्य महिलाएं और अभिभावक भी मन्नू पांडेय की रिहाई की मांग को लेकर सड़क पर उतरे। हड़ताल पर बैठे चालकों ने प्रशासन से मांग की है कि पूरे मामले की फास्ट ट्रैक कोर्ट में न्यायिक जांच कराई जाए, ताकि सच्चाई जल्द सामने आ सके। उधर, प्रशासन स्थिति पर नजर बनाए हुए है, लेकिन हड़ताल समाप्त न होने से आम लोगों की परेशानियां लगातार बढ़ती जा रही हैं।

नहीं थम रहा अधिवक्ता और स्वास्थ्य कर्मियों का विवाद, विरोध प्रदर्शन जारी

धनबाद। धनबाद में बार एसोसिएशन और स्वास्थ्य विभाग के बीच चल रहा विवाद थमने का नाम नही ले रहा है। सदर अस्पताल परिसर स्थित पार्किंग रास्ते में दीवाल दिए जाने के बाद से करीब एक सप्ताह से विवाद चल रहा है। बार एसोसिएशन और स्वास्थ्य विभाग आमने सामने आ गये है। दोनों पक्षों में पत्थरबाजी की भी घटना हो चुकी है। वहीं, सोमवार को अधिवक्ताओं ने सड़क जाम कर जोरदार प्रदर्शन किया, जिससे शहर की यातायात व्यवस्था कुछ समय के लिए प्रभावित रही।बार एसोसिएशन धनबाद और स्वास्थ्य विभाग के बीच जारी आंदोलन के तहत आज अधिवक्ताओं ने सड़क पर उतरकर जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान आंदोलनकारी अधिवक्ताओं ने सड़क जाम किया और उपायुक्त आदित्य रंजन एवं एसएसपी प्रभात कुमार के खिलाफ नारेबाजी की। सड़क जाम के कारण आम लोगों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। वहीं कुछ जगहों पर वाहन चालकों के साथ बदसलूकी की भी बात सामने आई है।

सीआईटी में शोकसभा के बाद कक्षाएं स्थगित

रांची । सीआईटी के 2021 बैच (इसीई ब्रांच) के छात्र अंश राज गुप्ता व उनकी माता का निधन विगत 31 जनवरी को पूरी बीच में नहाने के दौरान हो गया है. सोमवार को संस्थान में मृत आत्मायों की शांति के लिए शोकसभा का आयोजन किया गया. दो मिनट के मौन धारण के बाद प्राचार्य डॉ एल रंगनाथन ने सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि इस हृदयविदारक घटना से कैंब्रिज परिवार हतप्रह और अत्यंत शोकाकुल है. भगवान मृत जनों की आत्मा को शांति प्रदान करें. वंही उप प्राचार्य रसिका नवनीत सिंह ने करुण स्वर में कहा कि छात्र की याद हमेशा जेहन में बना रहेगा. बता दें की मृतक छात्र की मौत अपनी माता को बचाने के दौरान समुद्र में डुबकर हो गई है. इस घटना में माँ बेटे दोनों की दुःखद मृत्यु हो गई है. मृतक जन रांची के धुर्वा के रहने वाले थे.

बिहार के समय से ही पार्टी सुप्रीमों शिबू सोरेन ने स्थापना दिवस कार्यक्रम शुरू किया था : सुप्रियो

झामुमो स्थापना दिवस को लेकर दुमका रवाना हुए कार्यकर्ता

संताल एक्सप्रेस

कुंडहित (जामताड़ा) । झामुमो पार्टी का 47वॉ स्थापना दिवस पर कुंडहित प्रखंड से हजारों की संख्या में कार्यकर्ता विभिन्न यातायात के माध्यम से दुमका के लिए रवाना हुए। इस दौरान पार्टी के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा बिहार राज्य के समय से पार्टी के सुप्रीमों शिबू सोरेन द्वारा पार्टी का स्थापना दिवस शुरू किया गया था।आज पहली बार 76वां पार्टी की स्थापना दिवस पर गुरु जी के अनुपस्थिति में एक ऐतिहासिक स्थापना दिवस समारोह का आयोजन किया जा रहा है। सथापना दिवस मे संथाल परगना सहित राज्य के सभी जिलों से कार्यकर्ता एवं पार्टी पदाधिकारी पहुंचेंगे। वही नाला विधायक सह विधानसभा अध्यक्ष रबीन्द्रनाथ महतो ने कहा आज

दुमका में नाला विधानसभा क्षेत्र से हजारों हजारों कार्यकर्ता स्थापना दिवस समारोह में भाग लेने हेतु पहुंच रहे हैं।यह स्थापना दिवस गुरुजी द्वारा शुरू किया गया था।आज उनके अनुपस्थिति पर यह समारोह एक ऐतिहासिक रूप से मनाया जाएगा। मौके प्रखंड अध्यक्ष अपिश्वर हेम्बरम एवं सचिव कुतुबुद्दीन खान, विधायक प्रतिनिधि शरम मंडल के नेतृत्व में हजारो कार्यकर्ता मांदर, नगाड़ा, झंडा, तीर धनुष के साथ दुमका स्थित गांधी मैदान में स्थापना दिवस समारोह के लिए रवाना हुए। इस दौरान पार्टी के प्रखंड सचिव कुतुबुद्दीन खान ने कहा कार्यकर्ताओ के सुविधा को ध्यान में रखते हुए कुंडहित प्रखंड के 15 पंचायत से 15 बड़ा बस सहित सैकड़ो छोटे वाहनो से कार्यकर्ता दुमका के लिए रवाना किया गया। उन्होने कहा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी झामुमो पार्टी का स्थापना दिवस ऐतिहासिक होगा। उन्होने कहा पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर प्रखंड के सभी मुख्य मार्ग पर तोरण द्वार व झंडा-बैनर लगाया गया है। उन्होने कहा विरोधी पार्टी द्वारा झामुमो पार्टी को दबाने का प्रयास किया जा रहा है। विरोधी पार्टी के लोग कितना भी जोर लगा दें झामुमो को दबा नही सकते। मौके पर पार्टी के शरम मंडल, बिद्युत मान्ना, संतोष सिंहा, निशिकांत घोष, राजीब मंडल, निरोद सिंह, निर्मल मान्ना, सुधीर हेम्बरम,बापी सिंह, मधुसुदन सिंह, प्रेम मान्ना सहित सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

सोशल मीडिया पर सतत निगरानी रखी जाएं : डीसी

संताल एक्सप्रेस

गोड्डा । नगरपालिका आम चुनाव के निर्धारित समय-सीमा में नियमित, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण आयोजन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सोमवार को समाहरणालय सभागार में उपायुक्त अंजली यादव एवं पुलिस अधीक्षक मुकेश कुमार की संयुक्त अध्यक्षता में जिला स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपायुक्त ने निर्वाचन से जुड़े सभी विभागों एवं पदाधिकारियों को राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया लोकतंत्र का महत्वपूर्ण आधार है, अतः इसमें पारदर्शिता, निष्पक्षता एवं कानून-व्यवस्था की सुदृढ़ व्यवस्था सर्वोपरि होनी चाहिए।उपायुक्त ने मतदाता सूची के अद्यतन, मतदान केंद्रों की तैयारी, मतदान कर्मियों की प्रतिनियुक्ति, मत पत्र एवं मतपेटियों की सुरक्षा, प्रशिक्षण कार्यक्रम, आदर्श आचार संहिता के अनुपालन, सुरक्षा व्यवस्था, संवेदनशील क्षेत्रों की पहचान एवं

सतत निगरानी जैसे बिंदुओं पर विस्तृत समीक्षा की।बैठक में निर्वाचन से जुड़े सभी कोषांगों के वरीय पदाधिकारियों को निर्वाचन संबंधी तैयारियां, मतदान, कार्मिक प्रबंधन, सामग्री आपूर्ति, सुरक्षा व्यवस्था, आदर्श आचार संहिता के अनुपालन एवं सूचना-प्रचार से संबंधित बिंदुओं पर गहन चर्चा की गई। बैठक में उप विकास आयुक्त दीपक कुमार दूबे, अपर समाहर्ता प्रेमलता मुर्मू, अनुमंडल पदाधिकारी, गोड्डा वैद्यनाथ उरांव, जिला कोषागार पदाधिकारी विजय मिश्रा, जिला पशुपालन पदाधिकारी डॉ0 मनोज कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी अरविंद प्रसाद अग्रवाल, संबंधित कोषांगों के नोडल पदाधिकारी एवं अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

बैंक-सीएसपी-एटीएम की लापरवाही अब नहीं होगी बर्दाश्त : एसपी

संताल एक्सप्रेस

जामताड़ा। जामताड़ा जिले में साइबर अपराध के बढ़ते मामलों पर प्रभावी रोक लगाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक राजकुमार मेहता ने एक सख्त और अनूठी पहल की है। एसपी ने अपने कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान स्पष्ट शब्दों में कहा कि पुलिस लगातार सक्रियता के साथ साइबर अपराध के विरुद्ध कार्रवाई कर रही है, लेकिन बैंक, सीएसपी संचालक और एटीएम प्रभारी अपेक्षित सहयोग नहीं कर रहे हैं, जिसके कारण अपराधियों को बढ़ावा मिल रहा है।एसपी ने बताया कि पूर्व में ही सुरक्षा मानकों के तहत सीसीटीवी कैमरा, अलार्म सिस्टम, ग्रिल और अन्य आवश्यक प्रावधानों को अनिवार्य रूप से लागू करने का निर्देश दिया गया था। इसके बावजूद कई बैंक और सीएसपी केंद्रों द्वारा न तो आवश्यक डाटा उपलब्ध कराया गया और न ही पुलिस जांच में सहयोग किया जा रहा है।उन्होंने

कहा कि जहां भी साइबर फ्रॉड से जुड़ी राशि की बड़ी निकासी हो रही है या म्यूल अकाउंट की जानकारी है, वहां संबंधित पदाधिकारियों की यह अनिवार्य जिम्मेदारी है कि वे तत्काल पुलिस को सूचित करें। डाटा उपलब्ध नहीं कराने वाले बैंकों और जिम्मेदार अधिकारियों की पहचान कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।इस पहल को धरातल पर उतारने के लिए एसपी की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित एसजीवाई सभागार में जिले के सभी बैंक अधिकारी, सीएसपी संचालक, एटीएम प्रभारी और बैंकिंग क्षेत्र से जुड़े प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गई, जिसमें आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए।

विधिक सेवा आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित

गोड्डा । जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव दीपक कुमार के निर्देश के आलोक में सदर प्रखंड के मछिया सिमरडा पंचायत में विधिक सेवा आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान डालसा के अधिकार मित्र इंतेखाब आलम ने ग्रामीणों को कानूनी व सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। डालसा टीम ने गंदी बस्ती या सड़क पर रहने वाले बच्चों को नशे की लत छुड़ाने को लेकर झारखंड विधिक सेवा प्राधिकरण के प्रोजेक्ट वात्सल्य पर प्रकाश डाला। नशीले पदार्थ के सेवन से कैसे बच्चे पतन की ओर जाते हैं। नशा कैसे बच्चे के विकास में बाधा बनती हैं, यह नशीले पदार्थ कैसे परिवार के सुख एवं शांति को नष्ट कर देते हैं, आदि विषयों पर विस्तृत प्रकाश डाला। प्रोजेक्ट वात्सल्य के मुख्य उद्देश्य सड़क पर रहने वाले बच्चों की मैपिंग, प्रायोजन, फोस्टर योजनाओं के साथ जुड़ाव, रीनपास में इलाज एवं काउंसिलिंग, ऐसे बच्चों का सरकारी विद्यालयों में दाखिला (सरकारी आवासीय विद्यालय में) व्यक्तिगत बाल देखभाल, योजनाओं का लाभ सुनिश्चित कराने, ऐसे बच्चे का पुनर्वास पूरा होने तक उचित निगरानी करना शामिल है। इसके अलावा विधिक सहायता, बाल श्रम, बाल विवाह, बाल अधिकार आदि पर भी प्रकाश डाला गया। वहीं, सिविल कोर्ट परिसर में चल रहे मध्यस्थता शिविर के बारे में महिलाओं को जानकारी दी गई। दौरान दर्जनों महिलाएं ग्रामीण आदि मौजूद थे।

मनरेगा दिवस पर जामताड़ा की पंचायतों में गूंजा विकास का संकल्प

संताल एक्सप्रेस

जामताड़ा। मनरेगा दिवस के अवसर पर जामताड़ा जिले में मनरेगा का विश्वास, रोजगार से विकास अभियान का भव्य आयोजन किया गया। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी रवि आनंद के निर्देश पर यह अभियान जिले की सभी 118 पंचायतों में एक साथ चलाया गया। अभियान की औपचारिक शुरुआत उप विकास आयुक्त निरंजन कुमार ने फतेहपुर प्रखंड अंतर्गत धसनिया पंचायत से की।इस क्रम में उप विकास आयुक्त ने चापुड़िया, पालजोरी एवं डुमरिया पंचायतों में आयोजित कार्यक्रमों का निरीक्षण कर कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। अभियान के तहत प्रभात फेरी और जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए, जहां मनरेगा से जुड़े नारों के माध्यम से ग्रामीणों को 100 दिन रोजगार, श्रमिक अधिकार और सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। साथ ही

अमृत सरोवर स्थलों पर वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया।कार्यक्रम के दौरान ई केवाईसी कैंप लगाकर जॉब कार्ड वितरण, आधार सीडिंग और ई केवाईसी सत्यापन किया गया। ग्रामीणों से कार्य मांग के आवेदन भी लिए गए ताकि उन्हें समय पर रोजगार उपलब्ध कराया जा सके। इस अवसर पर 100 दिन कार्य पूर्ण करने वाले लाभुकों एवं उत्कृष्ट कार्य करने वाले मेट को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।अभियान में परियोजना पदाधिकारी मनरेगा पूनोम, जिला समन्वयक सिराज अंसारी, बीपीओ, रोजगार सेवक सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

गोड्डा में सांसद खेल महोत्सव पुरस्कार बंटे

गोड्डा । स्थानीय इंडोर स्टेडियम के कुश्ती कक्ष में रविवार को सांसद खेल महोत्सव के तहत पिछले दिनों गोड्डा में आयोजित हॉकी प्रतियोगिता तथा देवघर में आयोजित कुश्ती प्रतियोगिता के प्रतिभागी गोड्डा के खिलाड़ियों को प्राप्त ट्रॉफी एवं मेडल उन्हें बतौर मुख्य अतिथि अनुमंडल पदाधिकारी बैद्यनाथ उरांव, अति विशिष्ट अतिथि जिला खेल पदाधिकारी डॉ. प्राण महतो विशिष्ट अतिथि लोक मंच सचिव सर्वजीत झा अंतेवासी के हाथों प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए हॉकी गोड्डा एवं जिला कुश्ती संघ सचिव सुरजीत झा ने बताया कि हॉकी के पुरुष वर्ग में बेथेल मिशन स्कूल गोड्डा उपविजेता तथा सीएमएसओइ गोड्डा तीसरे स्थान पर जबकि महिला वर्ग में सीएमएसओइ गोड्डा विजेता रही थी। इसके अलावा कुश्ती प्रतियोगिता में गोड्डा उपविजेता रहा था। चूंकि सारे प्रतियोगिताओं का पुरस्कार वितरण देवघर में हुआ था जहां यहां के बच्चे जा नहीं सके थे, इसलिए वहां से भेजे गए ट्रॉफी एवं मेडल के अलावा गोड्डा के टेक्नीकल्स के लिए भेजे गए ट्रैक सूट का वितरण किया गया। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि श्री उरांव ने कहा कि गोड्डा में खेल और खिलाड़ियों का भविष्य उज्ज्वल है। सभी खेलों में यहां की प्रतिभाएं अपना परचम लहरा रही हैं। डीएसओ डॉ. महतो ने कहा कि सांसद खेल महोत्सव स्थानीय प्रतिभाओं को मंच और अवसर प्रदान करने का सुनहरा अवसर है। गोड्डा ने इस महोत्सव में अपना लोहा मनवाया है। लोक मंच सचिव श्री झा ने कहा कि गोड्डा खेल में ही नहीं हर क्षेत्र में अपनी दमदार उपस्थिति दर्ज कर रही है। इस अवसर पर हॉकी गोड्डा के अध्यक्ष मनोज कुमार पप्पु, उपाध्यक्ष अमित राय, अखिल कुमार झा एवं संजीव कुमार झा, कोषाध्यक्ष मनीष कुमार सिंह, संयुक्त सचिव अमरेंद्र सिंह, सुभाष चंद्र दास, शक्ति कुमार, प्रियव्रत परमेश, अजय कुमार राय एवं संदीप कुमार, सदस्य राहुल कुमार एवं रौशन कुमार साह सहित बड़ी संख्या में खिलाड़ी उपस्थित थे।

भवन प्रमंडल और भवन निर्माण निगम संचालित योजनाओं की समीक्षा

संताल एक्सप्रेस

गोड्डा । समाहरणालय स्थित कार्यालय प्रकोष्ठ में उपायुक्त अंजली यादव की अध्यक्षता में जिला में भवन प्रमंडल एवं भवन निर्माण निगम द्वारा संचालित सभी निर्माणाधीन एवं प्रस्तावित योजनाओं की समीक्षा बैठक आहूत की गई। बैठक के दौरान उपायुक्त के द्वारा जिले में चल रहे विभिन्न सरकारी भवनों, कार्यालय भवनों, आवासीय भवनों एवं अन्य आधारभूत संरचना से संबंधित योजनाओं की अद्यतन प्रगति की विस्तारपूर्वक जानकारी ली गई। उन्होंने कार्यों की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी योजनाओं को निर्धारित समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण किया जाए। बैठक के दौरान उपायुक्त के द्वारा अपर समाहर्ता गोड्डा, प्रेमलता मुर्मू को आईटीआई पथरगामा हेतु जमीन चिन्हित करने, धुमकुड़िया भवन निर्माण बोआरीजोर, स्पोर्ट स्पोर्ट्स कंपलेक्स गोड्डा, कला केंद्र गोड्डा में जमीन उपलब्ध कराने हेतु संबंधित संबंधित अंचलाधिकारी से समन्वय स्थापित करते हुए कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।बैठक में निर्देश दिए गए कि जिन योजनाओं में भूमि, तकनीकी स्वीकृति, निविदा या अन्य प्रशासनिक कारणों से विलंब हो रहा है, उन सभी बाधाओं को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र दूर किया जाए। उपायुक्त ने समन्वय बनाकर कार्य करने पर बल देते हुए कहा कि सभी विभाग आपसी सहयोग से योजनाओं को धरातल पर उतारें, ताकि आमजनों को समय पर उसका लाभ मिल सके। उन्होंने यह भी कहा कि सरकारी भवनों का निर्माण केवल संरचना तक सीमित न होकर, उनकी उपयोगिता, सुरक्षा एवं दीर्घकालिक स्थायित्व को ध्यान में रखकर किया जाना चाहिए।

कार्यों के पूर्ण होने के पश्चात हैंडओवर की प्रक्रिया भी ससमय सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। बैठक में भवन प्रमंडल, भवन निर्माण निगम के पदाधिकारीगण एवं संबंधित अभियंता उपस्थित थे।

पोड़ैयाहाट में स्वच्छ भारत अभियान कार्यक्रम

पोड़ैयाहाट । प्रखंड अंतर्गत ग्राम सिझुआ गांव में नव भारत जागृति केन्द्र और एसबीआई फाउंडेशन, मुंबई के सहयोग से स्वच्छ भारत अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया, जिसमें 168 ग्रामीण और विद्यालय के छात्रों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस आयोजन के तहत विद्यालय में 6 झाड़ू, 6 बाल्टी और पास के सलैया स्कूल में 4 झाड़ू, 4 बाल्टी वितरित किए गए। इसके अलावा, विद्यालय के छात्रों को 100 पीस साबुन भी दिए गए।

मिहिजाम की बेटियों ने वर्दी पहनकर रचा स्वर्णिम अध्याय

संताल एक्सप्रेस

जामताड़ा। यहां की बेटियां अब देश की सीमाओं और सुरक्षा प्रतिष्ठानों की शान बनकर उभर रही हैं। मिहिजाम थाना क्षेत्र की तीन होनहार युवतियों ने बीएसएफ और सीआईएसएफ में चयनित होकर जिले, राज्य और समाज का मान बढ़ाया है।पियलसोला पंचायत के केलाही गांव की रहने वाली शबनम परवीन ने सीमित संसाधनों और कठिन हालातों के बावजूद बीएसएफ (पंजाब) में स्थान बनाकर यह साबित किया कि संघर्ष ही सफलता की नींव होता है। शबनम ने अपनी उपलब्धि का श्रेय अपने पिता

को देते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन ने उसे आगे बढ़ने की ताकत दी।मिहिजाम नगर परिषद क्षेत्र के कुर्मीपाड़ा की निवासी संजना कुमारी यादव का चयन बीएसएफ, ग्वालियर में हुआ है। उन्होंने अपनी सफलता को अपनी मां की मेहनत और त्याग को समर्पित किया।वहीं जियाजोरी, मिहिजाम की रहने वाली सुष्मिता हेंब्रम ने सीआईएसएफ में चयन पाकर क्षेत्र को गौरवान्वित किया। बताया कि देश सेवा उनका बचपन का सपना था, जिसे आज उन्होंने साकार किया।

झामुमो के स्थापना दिवस को लेकर कार्यकर्ताओं में उत्साह

संताल एक्सप्रेस

फतेहपुर (जामताड़ा)। दुमका में आयोजित झारखंड मुक्ति मोर्चा के 47वें स्थापना दिवस समारोह में भाग लेने के लिए नाला विधानसभा क्षेत्र से हजारों की संख्या में पार्टी कार्यकर्ता सैकड़ों छोटे-बड़े वाहनों के काफिले के साथ युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष कुणाल कंचन महतो के नेतृत्व में दुमका रवाना हुए। इस अवसर पर पूरे क्षेत्र में उत्साह और जोश का माहौल देखने को मिला। कार्यकर्ता पार्टी के झंडे, बैनर और नारों के साथ स्थापना दिवस को ऐतिहासिक बनाने के संकल्प के साथ आगे बढ़ते नजर

आए। फतेहपुर प्रखंड स्थित अंगूठिया मोड़ पर स्थानीय विधायक सह झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रबीन्द्रनाथ महतो स्वयं उपस्थित होकर कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने काफिले को दुमका के लिए रवाना किया और कार्यकर्ताओं से अनुशासन एवं एकजुटता बनाए रखने की अपील की। इस दौरान उन्होंने कहा कि झामुमो केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि झारखंड की अस्मिता, संस्कृति और अधिकारों की लड़ाई का प्रतीक है। पार्टी ने हमेशा आदिवासी-मूलवासी, गरीब और वंचित वर्गों की आवाज को मजबूती से उठाया है । महिलाएं, युवा और बुजुर्ग सभी वर्गों के लोग पूरे उत्साह के साथ स्थापना दिवस समारोह में शामिल होने के लिए दुमका की ओर रवाना हुए। स्थापना दिवस को लेकर कार्यकर्ताओं का यह उत्साह साफ तौर पर पार्टी की मजबूत जमीनी पकड़ और संगठनात्मक एकता को दर्शाता है।

झामुमो स्थापना दिवस पर मेहरमा से कार्यकर्ता दुमका रवाना

मेहरमा । प्रखंड क्षेत्र से सोमवार की प्रातः झारखंड मुक्ति मोर्चा के सैकड़ों कार्यकर्ता प्रखंड अध्यक्ष शत्रुघ्न सिंह के नेतृत्व में झारखंड मुक्ति मोर्चा के 47वें स्थापना दिवस पर आयोजित समारोह में शामिल होने के लिए दुमका रवाना हुए। वहीं कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल देखने को मिला। सभी कार्यकर्ता पार्टी का झंडा तथा पारंपरिक रिति-रिवाज में गाजे-बाजे के साथ दुमका प्रस्थान किए। इस अवसर पर प्रखंड अध्यक्ष शत्रुघ्न सिंह ने कहा कि राज्य के गठन के पीछे पार्टी के संस्थापक व आंदोलनकारियों का बड़ा योगदान रहा है। स्थापना दिवस समारोह के माध्यम से पार्टी कार्यकर्ता राज्य के संघर्ष और बलिदान की परंपरा को याद करेंगे। उन्होंने कहा कि दुमका में आयोजित होने वाला समारोह ऐतिहासिक होगा, जिसमें संथाल परगना से लाखों कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे। इससे पार्टी को नई ऊर्जा मिलेगी और संगठन को और मजबूती मिलेगी। रवानगी के दौरान झामुमो जिला कोषाध्यक्ष महेन्द्र उरांव, प्रखंड सचिव ताला टूडू, वरिष्ठ झामुमो नेता गुलजारी लाल नंदा समेत झामुमो के कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

नगर निकाय चुनावः मिहिजाम नगर परिषद और जामताड़ा नगर पंचायत की नामांकन प्रक्रिया में तेजी

संताल एक्सप्रेस

जामताड़ा। नगरपालिका (आम) निर्वाचन 2026 को लेकर जामताड़ा जिले में चुनावी हलचल तेज होती जा रही है। जिला जनसंपर्क कार्यालय, जामताड़ा द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार मिहिजाम नगर परिषद (वर्ग-ख) एवं जामताड़ा नगर पंचायत क्षेत्र में नाम निर्देशन प्रपत्रों की बिक्री और दाखिले की प्रक्रिया लगातार जारी है।मिहिजाम नगर परिषद में अध्यक्ष पद के लिए सोमवार को 04 नाम निर्देशन प्रपत्रों की बिक्री हुई। प्रपत्र खरीदने वालों में सुनीता भंडारी, मधुबाला देवी, सुधा देवी और गुलशन आरा शामिल हैं। अब तक अध्यक्ष पद के लिए कुल 14 प्रपत्र बिक चुके

हैं। वहीं वार्ड पार्षद पद के लिए सोमवार को 26 प्रपत्रों की बिक्री हुई, जिससे कुल बिक्री संख्या 76 पहुंच गई। हालांकि अध्यक्ष पद के लिए सोमवार को कोई नामांकन दाखिल नहीं हुआ, जबकि विभिन्न वार्डों से 09 प्रत्याशियों ने नाम निर्देशन प्रपत्र दाखिल किया है।दूसरी ओर जामताड़ा नगर पंचायत में अध्यक्ष पद के लिए सोमवार को 01 नाम निर्देशन प्रपत्र की बिक्री हुई, जिसे अर्चना यादव ने खरीदा। इस पद के लिए अब तक कुल 07 प्रपत्र बिक चुके हैं। वार्ड पार्षद पद के लिए सोमवार को 08 प्रपत्र बेचे गए, जिससे कुल संख्या 52 हो गई। नामांकन के मोर्चे पर अध्यक्ष पद के लिए मुक्ता मंडल, लवली दुबे और बबीता झा सहित 03 प्रत्याशियों ने पर्चा दाखिल किया। वहीं वार्ड पार्षद पद के लिए विभिन्न वार्डों से 05 अभ्यर्थियों ने नामांकन किया है।प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार आगामी दिनों में नामांकन प्रक्रिया और तेज होने की संभावना है, जिससे चुनावी माहौल और अधिक रोचक होता नजर आ रहा है।

नगर परिषद क्षेत्र से तीन एवं महागामा से अध्यक्ष पद के एक प्रत्याशियों ने भरा नामांकन पर्चा



गोड्डा । नगर निकाय चुनाव को लेकर सोमवार को नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो गई। जहां सोमवार को गोड्डा नगर परिषद क्षेत्र से अध्यक्ष पद के तीन एवं वार्ड के लिए 19 अभ्यर्थियों ने नामांकन पर्चा दाखिल किया। वहीं महगामा नगर पंचायत क्षेत्र के लिए सोमवार को जहां एक अध्यक्ष पद के उम्मीदवारों ने नामांकन पर्चा दाखिल किया वहीं वार्ड के लिए सात उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र भरा। इस प्रकार देखें तो गोड्डा से नामांकन के चौथे दिन सोमवार को नामांकन की प्रक्रिया शुरू हुई जहां तीन अध्यक्ष सहित कुल 22 प्रत्याशियों ने अपना नामांकन पर्चा दाखिल किया। जबकि महागामा क्षेत्र में एक अध्यक्ष सहित आठ अभ्यर्थियों ने पर्चा दाखिल किया। नामांकन प्रक्रिया शुरू होते ही अब चुनावी महासंग्राम में तेजी आने की उम्मीद है। हालांकि अब नामांकन को जहां दो दिन शेष रह गए हैं।

डॉ. नरेन्द्र राष्ट्रीय सम्मेलन में हुए सम्मानित

गोड्डा । एसोसिएशन ऑफ फिजिशियंस ऑफ इंडिया (एपीआई) के तत्वावधान में पटना में आयोजित एपिकॉन-2026 के भव्य राष्ट्रीय सम्मेलन में गोड्डा जिले के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. नरेन्द्र कुमार को उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। यह सम्मान देश-विदेश से आए प्रख्यात चिकित्सकों, शिक्षाविदों और शोधकर्ताओं की गरिमामयी उपस्थिति में प्रदान किया गया।डॉ. नरेन्द्र कुमार गोड्डा जिले के एक प्रतिष्ठित चिकित्सक हैं, जिन्हें हृदयरोग संबंधी चिकित्सा के क्षेत्र में लंबे अनुभव और निष्ठावान सेवा के लिए जाना जाता है। उन्होंने अपने करियर में न केवल रोगियों के उपचार को प्राथमिकता दी, बल्कि चिकित्सा जागरूकता, नैतिक चिकित्सकीय अभ्यास और समाज के कमजोर वर्गों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने में भी अहम भूमिका निभाई है।सेवा और समर्पण के मिसाल डॉ. नरेन्द्र कुमार की पहचान एक संवेदनशील और जनसेवी चिकित्सक के रूप में है। ग्रामीण और पिछड़े क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी को देखते हुए उन्होंने निरंतर प्रयास किए, जिससे आम लोगों को बेहतर चिकित्सा परामर्श और उपचार मिल सके। जटिल रोगों के उपचार के साथ-साथ वे युवा चिकित्सकों के मार्गदर्शन और प्रशिक्षण में भी सक्रिय रहे हैं। सम्मेलन के दौरान वक्ताओं ने कहा कि डॉ. नरेन्द्र कुमार का यह सम्मान उनकी वर्षों की कड़ी मेहनत, पेशेवर ईमानदारी और मानव सेवा के प्रति समर्पण का प्रतीक है। गोड्डा जैसे दूरस्थ जिले से निकलकर राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित होना न केवल जिले बल्कि पूरे झारखंड के लिए गौरव की बात है।डॉ. नरेन्द्र कुमार को मिले इस सम्मान से क्षेत्र के चिकित्सकों और युवाओं को प्रेरणा मिलेगी कि समर्पण और सेवा भाव से किया गया कार्य अवश्य पहचान पाता है।

लकड़मारा बांध काटे जाने से मछली पालन करने वालों में आक्रोश

मेहरमा । अंचल क्षेत्र अंतर्गत लकड़मारा में प्रस्तावित बांध खुदाई कार्य से पूर्व संवेदक द्वारा बांध काटे जाने की घटना से मत्स्य समिति व स्थानीय ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है। मत्स्य समिति के सदस्यों ने आरोप लगाया कि बिना किसी पूर्व सूचना के बांध काट दिए जाने से बांध में पाली जा रही मछलियां पानी के साथ बह गईं, जिससे समिति को लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। संवेदक द्वारा रातों-रात बांध काट देने से भारी क्षति उठानी पड़ी है। इस संबंध में समिति ने विभागीय अधिकारियों व स्थानीय प्रशासन से दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। वहीं बांध के बंदोबस्तक दिलीप मंडल ने बताया कि बिना किसी सूचना के पोकलेन मशीन से रात में बांध काट दिया गया, जिससे करीब दस लाख रुपये मूल्य के मछलियों के बच्चे पानी के साथ बह गए। उन्होंने इसे लापरवाही बताते हुए उचित मुआवजे व कार्रवाई की मांग की। इस मौके पर अंचल मत्स्य समिति के पूर्व प्रखंड मंत्री दिलीप मंडल, शैलेन्द्र कुमार निषाद सहित मत्स्य समिति के कई सदस्य व स्थानीय ग्रामीण मौजूद थे। जिन्होंने एक स्वर में इस घटना की निंदा करते हुए संवेदक पर कार्रवाई की मांग की है।

झामुमो स्थापना दिवस में भाग लेने कार्यकर्ता दुमका रवाना

नाला (जामताड़ा) । झामुमो के स्थापना दिवस में भाग लेने के लिए सोमवार को प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न जगहों से कार्यकर्ता समर्थक दुमका रवाना हुए। मालूम हो कि प्रखंड अध्यक्ष उज्ज्वल भट्टाचार्य के नेतृत्व में हजारों की संख्या में नाला प्रखंड से कार्यकर्ता दुमका की ओर रवाना हुए।इस दौरान उन्होंने कहा कि इस बार स्थापना दिवस एतिहासिक होगा। मौके पर सचिव बासुदेव हांसदा, बीस सदस्य भवसिंधु लायेक, बीस सूत्री सदस्य जनार्दन भंडारी, गुपीन सोरेन, स्वपन गोराई, सपन मंडल, तपन राउत, बनमाली मंडल, धरम माजी,गौरी सिंह, कृष्ण टुडू ,भास्कर घोष,केंद्रीय समिति सदस्य शेख जहांगीर, अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला सचिव सफीक अंसारी,शेख मुश्ताक,जिला युवा मोर्चा के युवा नेता राजु दास, 20 सुत्री सदस्य नदियानंद सिंह,संयुक्त सचिव दयामय घोष, प्रखंड उपाध्यक्ष अनंत मंडल, महिला मोर्चा की प्रखंड सचिव यशोदी मुर्मू,सह सचिव मंगल सोरेन, महिला मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष नीला सोरेन, मंजूड़ा कर्मकार, वरूण घोष, कृष्णा टुडू, मानिक हेम्ब्रम, लखिंदर हेम्ब्रम, मुकेश झा,महेश्वर मुर्मू,मनसुबोध मरांडी ,सहित काफी संख्या में पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता पंचायत क्षेत्र के विभिन्न जोन से दुमका रवाना हुए।

संत रविदास की मनाई गई जयंती

ठाकुरगंगटी । माघी पूर्णिमा के अवसर पर प्रखंड अंतर्गत भीगंडा गांव में संत रविदास की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर सहायक अध्यापक सह समाज सेवी बुलाकी रविदास, समाजसेवी दामोदर मंडल, गोपाल रविदास, दिलीप रविदास, रविदास, भगवान दास आदि द्वारा केक काटा गया। इस अवसर पर कई जानकारों ने कहा कि संत रविदास के व्यक्तित्व, कथनों, कार्यों आदि से सीख लेने की आवश्यकता है। वह एक बहुत बड़े महान समाजसेवी, जानकार और विद्वान थे, इसलिए देशवासियों द्वारा आज उनकी जयंती मनाई जा रही है। उन्हें नमन करते हुए तस्वीर पर पुष्प अर्पित किया गया साथ ही उनके जन्मदिवस को ऐतिहासिक बनाने के लिए केक भी काटा गया। वहीं इस मौके पर दर्जनों ग्रामीण गणमान्य एवं कार्यकर्ता आदि शामिल थे।

तो इन्हें सताता है देश की बदनामी का डर?

कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर भारतीय जनता पार्टी के नेता व समर्थक अक्सर यह आरोप लगाते रहते हैं कि वे विदेशी की धरती पर भारतीय राजनीति, संस्थानों चुनाव आयोग, न्यायपालिका या भारतीय मीडिया व सरकार की आलोचना करके देश की छवि को ख़राब करते रहते हैं। इतना ही नहीं बल्कि भाजपा इसे देश-विरोधी या भारत को बदनाम करने की साज़िश तक बताती है। सवाल यह है कि आख़िर किन बातों से देश की बदनामी होती है और बदनामी और नेकनामी का पैमाना है क्या? याद कीजिये जब राहुल गांधी ने 2023 में कैंब्रिज यूनिवर्सिटी (यूके) में कहा कि भारत में विपक्ष को दबाया जा रहा है और चीन का ख़तरा समझा नहीं जा रहा है। इसमें राहुल ने क्या ग़लत कहा था? परन्तु भाजपा ने राहुल के इस सच्चाई भरे वक्तव्य को भारत को बदनाम करना बताया था। इसी तरह जब 2023 में कोलंबिया की एक यूनिवर्सिटी में राहुल ने कहा कि भारतीय लोकतंत्र पर हमला हो रहा है और कुछ बड़े व्यापारियों का अर्थव्यवस्था पर क़ब्ज़ा है तब भी भाजपा ने इसे राहुल द्वारा विदेशी धरती पर भारत को बदनाम करना बताया था। अभी कुछ समय पूर्व ही जब राहुल गाँधी ने बर्लिन (जर्मनी) में चुनाव आयोग पर सवाल उठाए और कहा कि हरियाणा चुनाव में धांधली हुई उस समय भी भाजपा ने इसे संस्थानों को बदनाम करने की साज़िश बताया था। राहुल गाँधी के ऐसे आरोपों से भाजपा इतना तिलमिला जाती है कि वह राहुल की आलोचना को एंटी-इंडिया फ़ोर्सेज़ से जोड़कर कांग्रेस को कमज़ोर करने की कोशिश करने लगती है। यहाँ तक कि कुछ भाजपा नेता इसे चाइना की तारीफ़ या विदेशी हस्तक्षेप को आमंत्रित करने तक के रूप में परिभाषित कर देते हैं। भाजपाई कहते हैं कि इससे भारत की ग्लोबल इमेज ख़राब होती है।इस विषय पर कांग्रेस व राहुल गाँधी का कहना है कि वे सिर्फ़ सच्चाई बोलते हैं,और आलोचना लोकतंत्र का हिस्सा है। लिहाज़ा राहुल भाजपा के आरोपों को ख़ारिज करते हुए कहते हैं कि चीन जैसे मुद्दों पर तो मोदी ख़ुद ही विदेश में भारत को बदनाम करते हैं। कुछ का मत है कि राहुल विदेश में कुछ नया नहीं कहते,वे भारत में भी यही कहते हैं। कांग्रेस के अनुसार समस्या चुनावी प्रक्रिया में है, न कि आलोचना में। कांग्रेस इसे साइलेंट करने की कोशिश बताती है। और सच भी है कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर राजनीतिक नेता प्रायः विदेश में अपनी सरकार की आलोचना करते हैं, और यह फ़्री स्पीच का हिस्सा माना जाता है। इससे देश की बदनामी नहीं होती, बल्कि इससे किसी भी देश के लोकतान्त्रिक मूल्य नज़र आते हैं। दूसरी महत्वपूर्ण बात यह भी कि ऐसे भी कोई प्रमाण नहीं है कि विदेश में की गयी राहुल की बातों से भारत की अर्थव्यवस्था, निवेश या कूटनीति पर कभी कोई नकारात्मक प्रभाव पड़ा हो। सरकार ख़ुद ही तो बताती रहती है कि भारत की जी डी पी ग्रोथ और ग्लोबल रैंकिंग मज़बूत बनी हुई है? इसी तरह राहुल गांधी व कांग्रेस के कई नेता नरेंद्र मोदी पर भी यह आरोप लगा चुके हैं कि वे विदेशी धरती पर भारत या पिछले 70 वर्षों के शासन की आलोचना कर देश को बदनाम करते हैं। नरेंद्र मोदी ने 2014 से 2023 के दौरान देश विदेश में कई बार यह दोहराया कि पिछले 70 सालों में भारत में कुछ ख़ास नहीं हुआ, पहले लोग भारत में जन्म लेना दुर्भाग्य मानते थे, या 70 साल में विकास नहीं हुआ। इसी तरह मोदी ने 2022 में रूस में एक कार्यक्रम में भारत के पिछड़ापन, ग़रीबी या पिछली सरकारों की कमियों पर बात की थी। अमेरिका, यूके या अन्य देशों में भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए मोदी ने अक्सर पूर्व सरकारों की कमज़ोर विदेश नीति, उनके घोटालों या उस दौर में विकास की कमी पर ज़ोर दिया है । कांग्रेस भी मोदी की इन बातों को भारत की बदनामी बताती है। कांग्रेस के अनुसार, मोदी ने कम से कम 4-5 बार विदेश में ऐसा कहा कि कांग्रेस शासन में भारत को दुनिया ने गंभीरता से नहीं लिया या पिछले शासकों ने देश को कमज़ोर बनाया आदि । कांग्रेस इसे भारत और भारतीयों ख़ास तौर से पिछली पीढ़ियों का अपमान मानती है, क्योंकि यह कांग्रेस के शासन काल को नकारात्मक रूप से पेश करता है। राहुल गांधी ने 2023 में लंदन में कहा भी था कि मोदी ख़ुद विदेश में भारत को बदनाम करते हैं, क्योंकि वे हर भारतीय, उनके माता-पिता और दादा-दादी का अपमान करते हैं। ऐसे में यह समझना भी ज़रूरी है कि दरअसल सत्ता व विपक्ष के उपरोक्त आरोपों प्रत्यारोपों से ही देश की बदनामी होती है या फिर इसतरह के आरोप प्रत्यारोप ही एक दूसरे नेताओं व उनके दलों को नीचा दिखाने व उन्हें जनता में बदनाम करने जैसा एक षड्यंत्र मात्र है? या फिर वास्तव में जनता को इस तरह की बहस में उलझाकर उन वास्तविक समस्याओं व विषयों पर पर्दा डालने का प्रयास है जिससे हक़ीक़त में देश की बदनामी होती है? क्या ग़लत कहते है राहुल गांधी कि चुनाव आयोग संदिग्ध है? वे चुनाव आयोग सामने कितने सबूत पेश कर चुके जिनका कोई जवाब नहीं आया? क्या देश के अनेक महत्वपूर्ण संस्थानों व संसाधनों पर अडानी का क़ब्ज़ा नहीं होता जा रहा? क्या सरकारी संस्थाओं का दुरुपयोग विपक्ष को परेशान करने के लिये नहीं किया जा रहा?

आम बजट 26-27 उम्मीदों की ऊँचाई पर खड़ा देश, आशाओं के बीच छिपी बेचैनी

विनोद कुमार सिंह

आम बजट 2026-27 एक आशावादी सरकारी दस्तावेज है,पर इसकी असली परीक्षा जमीन पर होगी।किसान के खेत में,मजदूर की हथेली में,युवा की नौकरी में, महिला के उद्यम में और गरीब की थाली में। बजट भाषण में शब्द बहुत हैं,योजनाएँ बहुत हैं,सरकारी आँकड़ो का अम्बार हैं। वही देश का आम आदमी पूछता है–क्या इस बार सपने सच होंगे?यही बजट की कहानी है -आशा और निराशा के बीच खड़ा भारत,खुशी और गम के बीच अपनी राह तलाशता हुआ नजर आ रहा है।

देश के लोकतंत्र में बजट केवल आय-व्यय का सरकारी दस्तावेज नहीं होता,बल्कि राष्ट्र की सामूहिक धड़कन होती है,जिसमें करोड़ों लोगों की आशाएँ,सपने,शिकायतें और संघर्ष एक साथ सांस लेते हैं।आम बजट 2026-27 भी ठीक ऐसा ही है-एक ओर विकास की तेज रफ्तार का दावा,दूसरी ओर आम आदमी की जेब में चुभती महँगाई और रोजगार की चिंता।यह बजट उम्मीद और निराशा के बीच झूलते भारत का आईना है,जिसमें खुशी की चमक भी है और गम की गहराई भी।केन्द्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने जब लोकसभा में यह कहा कि सार्वजनिक पूंजीगत व्यय 2014-15 के ?2 लाख करोड़ से बढ़कर 2025-26 में ?11.2 लाख करोड़ तक पहुँच गया है और अब इसे 2026-27 में ?12.2 लाख करोड़ करने का प्रस्ताव है,तो यह घोषणा केवल एक संख्या नहीं थी। यह उस भारत का संदेश था जो सड़क, रेल,बंदरगाह,डिजिटल नेटवर्क और औद्योगिक गलियारों के माध्यम से भविष्य की नींव रख रहा है।सवाल यह भी उठता है कि क्या इस विकास की ईंटें गरीब की झोपड़ी तक गर्माहट पहुँचा पाएँगी, या यह केवल महानगरों के सपनों की इमारत बनकर रह जाएगा?सरकार ने निजी निवेश को भरोसा देने के लिए इन्फ्रास्ट्रक्चर रिस्क गारंटी फंड की घोषणा की है, जो ऋणदाताओं को आंशिक क्रेडिट गारंटी देगा।यह एक साहसिक कदम है,क्योंकि देश की विकास यात्रा में निजी क्षेत्र की भागीदारी आवश्यक है।इसी के साथ आम नागरिक के मन में यह चिंता भी है कि जब बड़े डेवलपर्स के जोखिम सरकार उठाएगी,तो छोटे किसान और मजदूर के जोखिम कौन उठाएगा? विकास का पुल तभी मजबूत होगा जब उसके दोनों छोर समान रूप से सुरक्षित हों।

राजकोषीय घाटा जीडीपी का 4.3 प्रतिशत रहने का अनुमान है, जो पिछले वर्ष 4.4 प्रतिशत था। ऋण-से-जीडीपी अनुपात भी 55.6 प्रतिशत रहने की बात कही गई है। आर्थिक अनुशासन की यह तस्वीर बाजारों को राहत देती है,निवेशकों को भरोसा देती है।आम जनता के लिए सवाल वही पुराना है -क्या यह अनुशासन उनके जीवन में सस्ती शिक्षा,बेहतर स्वास्थ्य और स्थायी रोजगार का अनुशासन बन पाएगा?बजट में किसानों,पशुपालकों और ग्रामीण भारत के लिए कई घोषणाएँ की गई हैं।छोटे और सीमांत किसानों की आय बढ़ाने पर जोर, मत्स्य पालन के लिए 500 जलाशयों का विकास,पशुपालन क्षेत्र के लिए लोन आधारित सब्सिडी कार्यक्रम,तटीय फसलों के लिए सहायता,नारियल,काजू, कोको,चंदन जैसी फसलों को वैश्विक ब्रांड बनाने की योजना–ये सब सुनने में आशाजनक हैं। ग्रामीण भारत के लिए यह राहत की सांस है। परंतु खेतों में खड़ा किसान आज भी पूछता है - क्या यह योजनाएँ कागज से निकलकर जमीन तक पहुँचेंगी? या फिर यह भी फाइलों की धूल में दब जाएँगी? भारत-ड्ढद्धस्न्नक्र जैसे बहुभाषी एआई टूल की शुरुआत किसानों को आधुनिक निर्णय लेने में मदद करेगी।यह डिजिटल क्रांति का नया अध्याय है।इसी के साथ यह चिंता भी है कि क्या देश का हर किसान डिजिटल रूप से सक्षम है? क्या गांवों में इंटरनेट और प्रशिक्षण की वह व्यवस्था है,जो इस एआई टूल को सचमुच किसान का साथी बना सके?बजट में खेल क्षेत्र के लिए खेलो इंडिया मिशन की घोषणा भी युवाओं के लिए उम्मीद की किरण है।अगले दशक में खेल प्रतिभाओं को निखारने,खेल तकनीक और इन्फ्रास्ट्रक्चर विकसित करने की बात कही गई है।भारत जिस तरह वैश्विक मंच पर खेलों में उभर रहा है,यह पहल उसे नई ऊँचाई दे सकती है।गाँव की मिट्टी में दौड़ता बच्चा आज भी पूछता है -क्या उसके पास मैदान होगा,कोच होगा, संसाधन होंगे?युवाओं की क्षमता बढ़ाने के लिए सेवा क्षेत्र पर जोर,शिक्षा से रोजगार और उद्यम पर स्थायी समिति, 2047 तक सेवा क्षेत्र में वैश्विक हिस्सेदारी बढ़ाने का लक्ष्य–ये घोषणाएँ भविष्य की दिशा बताती हैं। लेकिन आज का युवा, जो प्रतियोगी परीक्षाओं की भीड़ में खड़ा है,जो बेरोजगारी की मार झेल रहा है,उसके लिए यह भविष्य थोड़ा दूर और धुंधला लगता है।उसे आज चाहिए नौकरी,आज चाहिए अवसर,आज चाहिए भरोसा।

बैंकिंग सेक्टर में सुधार,कॉरपोरेट बॉन्ड बाजार काविस्तार,म्यूनिसिपल बॉन्ड को बढ़ावा, निवेश सीमा बढ़ाने की घोषणाएँ वित्तीय जगत के लिए सकारात्मक हैं। परंतु आम आदमी के लिए बैंकिंग सुधार का अर्थ तभी है जब उसे सस्ता ऋण मिले,उसकी बचत सुरक्षित हो और उसका आर्थिक जीवन आसान बने।

ग्रामीण महिलाओं के लिए शी- मार्ट्स की घोषणा एक सामाजिक बदलाव का संकेत है।स्व-सहायता समूहों की महिलाएँ अब बाजार से जुड़ेंगी,उद्यमी बनेंगी।यह बजट की सबसे सुंदर तस्वीरों में से एक है, जहाँ विकास का चेहरा महिला नेतृत्व में दिखाई देता है।यह आशाओं की वह किरण है जो ग्रामीण भारत की आंखों में चमक सकती है।पर्यटन के लिए राष्ट्रीय हॉस्पिटैलिटी संस्थान,10 हजार गाइड्स को प्रशिक्षित करने की योजना,डिजिटल नॉलेज ग्रिड, ट्रैकिंग और हाइकिंग ट्रेल्स, पुरातात्विक स्थलों का विकास–ये भारत की सांस्कृतिक अर्थव्यवस्था को नई ऊर्जा देंगे।इससे रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे।क्या यह रोजगार स्थायी होंगे या केवल मौसमी?

स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में भी कई घोषणाएँ हुई हैं - स्वास्थ्य संस्थानों का अपग्रेडेशन, एक लाख नए स्वास्थ्य पेशेवर,मेडिकल टूरिज्म के लिए क्षेत्रीय हब,आयुर्वेद संस्थानों की स्थापना।यह सुनकर लगता है कि सरकार स्वास्थ्य को प्राथमिकता दे रही है।परंतु सरकारी अस्पतालों की भीड़,दवाओं की कमी और इलाज की महँगाई आज भी आम आदमी की पीड़ा है। कपड़ा उद्योग के लिए राष्ट्रीय फाइबर योजना,समर्थ 2.0,मेगा टेक्सटाइल पार्क और हथकरघा- हस्तशिल्प कार्यक्रम ग्रामीण रोजगार को बढ़ावा दे सकते हैं।यह भारत की परंपरा और आधुनिकता का संगम है तो वही बुनकर आज भी न्यूनतम मजदूरी और बाजार की मार से जूझ रहा है।सबसे बड़ा आकर्षण रहा–20 नए जलमार्ग और सात हाई स्पीड रेल कॉरिडोर का एलान।यह भारत की गतिशीलता का सपना है।मुंबई से पुणे, दिल्ली से वाराणसी, चेन्नई से बंगलूरू तक हाई स्पीड रेल नेटवर्क देश को जोड़ने की नई कहानी लिखेगा।यह विकास का गर्व है। लेकिन इसी के साथ यह सवाल भी है- क्या आम यात्री के लिए यह यात्रा सस्ती होगी या केवल उच्च वर्ग की सुविधा बनकर रह जाएगी? सरकार ने सात क्षेत्रों में आर्थिक विकास की पहल का प्रस्ताव रखा है - विनिर्माण,एमएसएमई,ऊर्जा सुरक्षा,शहरी विकास,कैपिटल गुड्स,टेक्सटाइल और बायो फार्मा शक्ति।यह एक व्यापक रोडमैप है। सेमीकंडक्टर मिशन और रेयर अर्थ कॉरिडोर जैसी योजनाएँ भारत को वैश्विक प्रतिस्पर्धा में मजबूत बनाएंगी। सन 2025 - 2026 का केन्द्रीय आम बजट का सच यही है -यह उम्मीदों का गुलदस्ता भी है और निराशाओं का कांटा भी।यह विकास की घोषणा भी है और आम आदमी की चिंता भी।खुशी इस बात की है कि भारत भविष्य की ओर बढ़ रहा है।गम इस बात का है कि यह भविष्य कब तक हर घर के दरवाजे तक पहुंचेगा? आम बजट 2026-27 एक आशावादी सरकारी दस्तावेज है,पर इसकी असली परीक्षा जमीन पर होगी।किसान के खेत में,मजदूर की हथेली में,युवा की नौकरी में, महिला के उद्यम में और गरीब की थाली में। बजट भाषण में शब्द बहुत हैं,योजनाएँ बहुत हैं, सरकारी आँकड़ो का अम्बार हैं। वही देश का आम आदमी पूछता है–क्या इस बार सपने सच होंगे?यही बजट की कहानी है -आशा और निराशा के बीच खड़ा भारत, खुशी और गम के बीच अपनी राह तलाशता हुआ नजर आ रहा है।

बजट 2026-27 : लोकलुभावन वादों से दूर, राहत और मायूसी का मिश्रण

योगेश कुमार गोयल

आम आदमी की आकांक्षाओं पर कितना खरा है बजट? वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत केंद्रीय बजट 2026-27 को एक ओर जहां सरकार के घटक दलों द्वारा विकसित भारत का बजट और बदलते भारत की राजनीतिक-आर्थिक प्राथमिकताओं तथा सरकार की दीर्घकालिक सोच का आईना बताया गया है, वहीं विपक्ष द्वारा इसे पूरी तरह दिशाहीन बजट करार दिया गया है। वैसे निर्मला सीतारमण ने लगातार नौवीं बार बजट पेश कर संसदीय इतिहास में एक नया अध्याय जोड़ दिया है। सवाल यह नहीं है कि बजट कितना बड़ा है या कितने नए आंकड़े पेश किए गए हैं बल्कि यह है कि क्या यह बजट महंगाई से जूझ रहे आम नागरिक के वर्तमान को कुछ राहत देता है और भविष्य के लिए भरोसेमंद आधार तैयार करता है? बजट के तमाम महत्वपूर्ण प्रावधानों का आकलन किया जाए तो यह बजट विकास, निवेश, बुनियादी ढ़ांचे, डिजिटल अर्थव्यवस्था और आत्मनिर्भर भारत की स्पष्ट झलक तो दिखाता है लेकिन इसके साथ ही इसमें कई ऐसे खाली स्थान भी हैं, जो आम आदमी और विशेषकर किसान, निम्न आय वर्ग और असंगठित क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए निराशा पैदा करते हैं। सरकार ने इस बार तात्कालिक लोकलुभावन उपायों से दूरी बनाते हुए दीर्घकालिक क्षमता निर्माण पर जोर दिया है। यह दृष्टिकोण आर्थिक रूप से समझदारी भरा हो सकता है लेकिन लोकतंत्र में बजट का मूल्यांकन केवल भविष्य के सपनों से नहीं, वर्तमान की चुनौतियों से भी होता है।

शिक्षा और रोजगार को जोड़ने वाला 'एजुकेशन-टू-एम्प्लॉयमेंट' मॉडल सरकार की उस सोच को सामने लाता है, जो कक्षा और कार्यस्थल के बीच की खाई को पाटने का दावा करती है। पहली नौकरी पाने वाले युवाओं के लिए 15,000 रुपये का डीबीटी बोनस और एक करोड़ इंटर्नशिप की घोषणा निश्चित रूप से आकर्षक लगती है। यह कदम युवाओं को औपचारिक अर्थव्यवस्था से जोड़ने और उन्हें सामाजिक सुरक्षा के दायरे में लाने की दिशा में सकारात्मक है। लेकिन यहां भी सबसे बड़ा प्रश्न क्रियान्वयन का है। क्या ये इंटर्नशिप वास्तविक कौशल और स्थायी रोजगार की ओर ले जाएंगी या फिर यह योजना सस्ते श्रम तक सीमित रह जाएगी? भारत पहले भी कई बार योजनाओं के आकर्षक नाम और बड़े लक्ष्यों के बावजूद जमीनी स्तर पर कमजोर क्रियान्वयन का अनुभव कर चुका है।

'स्किल इंडिया 2.0' के तहत आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डेटा साइंस और मशीन लर्निंग जैसी उभरती तकनीकों को क्षेत्रीय भाषाओं में सिखाने की योजना डिजिटल डिवाइड को कम करने की दिशा में अहम कदम है। ग्रामीण और अर्ध-शहरी युवाओं के लिए यह तकनीकी दुनिया में प्रवेश का द्वार खोल सकता है लेकिन प्रशिक्षकों की गुणवत्ता, पाठ्यक्रम की प्रासंगिकता और उद्योग-सहयोग के बिना यह पहल भी सीमित असर तक सिमट सकती है। शिक्षा बजट को लगभग 1.35 लाख करोड़ रुपये तक बढ़ाने का प्रस्ताव सराहनीय है लेकिन बढ़ती छात्र संख्या, वैश्विक प्रतिस्पर्धा और शोध की जरूरतों के सामने यह राशि अपर्याप्त प्रतीत होती है। मध्यम वर्ग के लिए यह बजट राहत और मायूसी का मिश्रण है। आयकर दरों में तो कोई बदलाव नहीं हुआ है लेकिन आयकर प्रणाली को सरल बनाने की दिशा में घोषणा अवश्य की गई है। सरकार का उद्देश्य स्पष्ट है, कर व्यवस्था को जटिल छूटों के जाल से निकालकर सरल और पारदर्शी बनाना, ताकि उपभोग बढ़े और अर्थव्यवस्था में मांग का संचार हो। यह दृष्टिकोण आर्थिक सुस्ती के दौर में उपयोगी हो सकता है।

सरकार ने कुछ चुनिंदा वस्तुओं और क्षेत्रों में कर कटौती कर राहत देने की कोशिश की है। कैंसर और मधुमेह जैसी गंभीर बीमारियों की दवाओं का सस्ता होना निसंदेह करोड़ों परिवारों के लिए जीवनरक्षक कदम है। मोबाइल फोन, ईवी बैटरी और सौर पैनलों पर रियायतें हरित ऊर्जा और डिजिटल इंडिया को गति देने के साथ-साथ तकनीक को आम आदमी की पहुंच में लाने का प्रयास हैं। जूते, कपड़े और कुछ घरेलू उपकरणों के सस्ते होने से मध्यमवर्गीय खपत में हल्की तेजी आ सकती है लेकिन दूसरी ओर शराब, खनिज और स्क्रैप पर बढ़े शुल्क से उत्पादन लागत बढ़ने और अंततः उपभोक्ता कीमतों पर असर पड़ने की आशंका भी बनी हुई है। सबसे बड़ा झटका शेयर बाजार में देखने को मिला। फ्यूचर एंड ऑप्शन ट्रेडिंग पर बढ़े टैक्स ने खुदरा निवेशकों की धारणा को कमजोर किया और बजट के दौरान बाजार में भारी गिरावट दर्ज की गई। इससे यह संदेश गया कि सरकार सट्टात्मक गतिविधियों पर सख्ती चाहती है लेकिन इसके दुष्परिणाम अल्पकाल में निवेशकों और बाजार की स्थिरता पर पड़े। यह बजट महंगाई और निवेश के मोर्चे पर एक तरह का विरोधाभास प्रस्तुत करता है, एक ओर खपत बढ़ाने की कोशिश, दूसरी ओर निवेश भावना को झटका। इंफ्रास्ट्रक्चर पर ?12.2 लाख करोड़ का पूंजीगत व्यय सरकार की विकास रणनीति का सबसे मजबूत स्तंभ है। सात हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर, जिनमें मुंबई-पुणे और दिल्ली-वाराणसी जैसे मार्ग शामिल हैं, भारत की कनेक्टिविटी और क्षेत्रीय विकास की तस्वीर बदल सकते हैं। बेहतर परिवहन से उद्योग, लॉजिस्टिक्स, पर्यटन और रियल एस्टेट को नई गति मिल सकती है। टियर-2 और टियर-3 शहरों पर फोकस शहरीकरण के असंतुलन को सुधारने की दिशा में सही कदम है।

पाकुड़ की खबरें

बायोफ्लॉक तकनीक से मछली पालन

महेशपुर (पाकुड़)प्रखंड के सोनारपाड़ा गांव में आत्मा पाकुड़ के द्वारा 30 किसानों के समूह को बॉयफ्लॉक का परिभ्रमण कराया गया, जिसमें बॉयफ्लॉक संचालक बिट्टू कुमार दास द्वारा किसानों को बॉयफ्लॉक पद्धति से मछली पालन के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।वही एटीएम संतानु शील ने जानकारी देते हुए बताया की बायोफ्लॉक तकनीक एक आधुनिक और वैज्ञानिक तरीका है।जिसमें मछलियों के अतिरिक्त भोजन को लाभकारी बैक्टीरिया की मदद से प्रोटीन में बदला जाता है। यह प्रोटीन मछलियों के लिए भोजन का काम करता है, जिससे मछलियों का विकास तेज़ होता है और पानी की बर्बादी भी नहीं होती ।इस तकनीक से मछली पालन करने पर कम लागत, कम जगह और न्यूनतम श्रम लागत में अधिक से अधिक मछली उत्पादन किया जा सकता है। बायोफ्लॉक तकनीक में पंगेसियस, तिलापिया, देशी मांगुर, सिंघी, कोई कॉर्प, पाब्दा एवं कॉमन कार्प जैसी मछलियां पाली जा सकती हैं ।

स्थापना दिवस के लिए लिट्टीपाड़ा विधायक अपने समर्थकों के साथ पहुचें दुमका

पाकुड़ । झारखंड मुक्ति मोर्चा का दुमका में 47 वें स्थापना दिवस मनाया जा रहा है जिसमे लिट्टीपाड़ा के विधायक हेमलाल मुर्मू के नेतृत्व में लिट्टीपाड़ा विधानसभा क्षेत्र से हजारों कार्यकर्ता स्थापना दिवस में सम्मिलित होने के लिए दुमका रवाना हुए। इस दौरान अमड़ापाड़ा के फतेहपुर मोड़ पर झामुमो प्रखंड इकाई ने विधायक का अभिनंदन किया।झामुमो और विधायक के समर्थन में जमकर नारेबाजी की। विधान सभा क्षेत्र से जोश-खरोश से पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता और समर्थकों के वाहनों का लंबा काफिला दुमका के लिए रवाना हुआ। विधायक ने कहा कि गुरुजी शिबू सोरेन की कमी तो खलेगी। उन्हें श्रद्धाञ्जलि दी जायेगी। स्थापना दिवस ऐतिहासिक और यादगार होगा। अमरपारा में भी उनका भव्य स्वागत किया गया। मौके पर जिला अध्यक्ष अजीजुल इस्लाम, जिला उपाध्यक्ष समद अली का भी स्वागत किया गया। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष श्याम हेंब्रम, सचिव जहीरूद्दीन अंसारी, विकाश मुर्मू, रंजन साह, तनवीर आलम, संजय रजक, मोहन मुर्मू,बजल बास्की, जोसेफिना हेंब्रम, अफताब आलम, मोहन किस्कू सहित दर्जनों कार्यकताओं ने विधायक और जिला अध्यक्ष का स्वागत किया। तत्पश्चात कार्यकर्ता दुमका के लिए अमरापाड़ा से रवाना हो गये। दुमका के गांधी मैदान में आयोजित स्थापना दिवस समारोह को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन संबोधित करेंगे।

लोगों को प्यास बुझाने वाली जलमीनार खुद प्यासी

संवाददाता

पाकुड़। लोगों की प्यास बुझाने वाली जलमीनार आज खुद ही प्यासी रह गयी है। पाकुड़ प्रखंड के दर्जन भर पंचायत में जलमीनार खराब होकर महज शोभा की वस्तु बन कर रह गया है। चापानल में ही सोलर युक्त जलमीनार का निर्माण कराया गया था, ताकि लोगों को आसानी से पेयजल उपलब्ध हो सके। यह पानी टंकी लगाने का कार्य 2020 में मुखिया फंड से शुरू किया गया। बाद में 14वें वित्त व 15वें वित्त आयोग से प्रखंड के सभी पंचायतों में सोलर युक्त पानी टंकी लगाया गया। टंकी लगने के बाद से ही मरम्मति के अभाव में खराब होकर अब शोभा का वस्तु बन गया है। जिसका खामियाजा स्थानीय लोगों को उठाना पड़ रहा है। अब उस पानी टंकी से पानी मिलना बंद हो गया है। एक तो चापानल को पहले की मोटर लगाने के खराब कर दिया गया, वहीं दूसरे ओर पानी टंकी भी खराब होने के कारण अब बेकार पड़ा है। पानी की समस्या होने पर ग्रामीणों की ओर से प्रखंड के वरीय पदाधिकारी को भी लिखित व मौखित शिकायत किया गया है। शिकायत किए जाने के बाद भी खराब पड़े पानी टंकी को दुरूस्त नहीं किया गया है।

कमीशन के चक्कर में लगा निम्न गुणवत्ता की सामग्री....

सोलर युक्त पानी टंकी में उपयोग होने वाले सामग्री कमीशनखोरी के चक्कर में निम्न गुणवत्ता वाली खरीदी गयी है। निर्माण के वक्त गुणवत्ता को पूरी तरह दरकिनार किया गया। नियम के मुताबिक दो साल तक सोलर युक्त जलमीनार की दुरूस्त करने का जिम्मेवारी ठेकेदार को था। ठेकेदार किसी तरह टाल-मटौल कर दो साल पूरा करते हुए अपना बिल तो पास करा लिया लेकिन अब खराब पड़े जलमीनार को दुरूस्त करने वाला कोई भी नहीं है।

जलमीनार में झूला झूल रहे बच्चे.... सदर प्रखंड के फारसा पंचायत में लगाए गए दो जलमीनार लगाने के कुछ महीना बाद ही खराब हो गया है। खराब पड़े पानी टंकी की मरम्मति भी ठीक से नहीं किया गया है। इसी तरह संग्रामपुर गांव स्थित नीचे टोला में लगाए गए जलमीनार बच्चों के लिए अब झुला बनकर रह गया है। खराब पड़े पानी टंकी में बच्चे झूला झूलते हैं। उसी तरह कालिदासपुर, रामचंद्रपुर, मालपहाड़ी, सीतापहाड़ी के अलावे कई पंचायतों में खराब पड़ा है।

सरकार कर रही है आदिवासियों की अनदेखी : दिनेश मरांडी

संताल एक्सप्रेस संवाददाताहिरणपुर (पाकुड़) सोमवार को लिट्टीपाड़ा विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक दिनेश मरांडी ने अपने आवास में संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड के वर्तमान सरकार आदिवासी हितों की अनदेखी कर रही है। उन्होंने भ्रष्टाचार और अवैध खनन को संरक्षण देने जैसे गंभीर आरोप लगाए हैं। पूर्व विधायक ने कहां की जिले में अवैध कोयला परिचालन और बालू का गैरकानूनी खनन खुलेआम हो रहा है। इस अवैध गतिविधियों के पीछे सीधे तौर पर सत्ताधारी दल का हाथ है। उन्होंने मुख्यमंत्री पर निशाना साधते हुए कहा कि वे असम जाकर यह बयान दे रहे हैं कि झारखण्ड के आदिवासी असम के आदिवासियों से ज्यादा अच्छे और विकसित हैं।जबकि हकीकत इसके बिल्कुल विपरीत है।उन्होंने ने मुख्यमंत्री को चुनौती देते हुए कहा कि पहले वे अपने ही विधानसभा क्षेत्र बरहेट पर नजर डालें आज भी वहां बेहतरअस्पताल, कॉलेज, सड़क और स्वच्छ पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं। वर्तमान सरकार में विधायक और सांसद केवल निजी स्वार्थ और राजनीतिक फायदे के लिए बनाए जा रहे हैं।प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान पूर्व विधायक ने कहा कि अगर समय रहते सरकार ने अपनी नीतियों और कार्यशैली में सुधार नहीं किया, तो इसका सीधा नुकसान आदिवासी समाज और संथाल परगना की जनता को उठाना पड़ेगा। उन्होंने जनता से अपील की कि वे सच्चाई को समझें और आने वाले समय में सही निर्णय लें। मौके पर भाजपा सोशल मीडिया प्रभारी संथाल परगना जयंत मंडल, भाजपा आईटी सेल के जिला प्रभारी आशीष सेन सहित पार्टी के दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

नप चुनावः अध्यक्ष पद के लिए तीन अभ्यर्थियों ने भरा नामांकन

पाकुड़। नगर परिषद चुनाव में अध्यक्ष पद के लिए तीन अभ्यर्थियों ने सोमवार को नामांकन पर्चा दाखिल किया। इनमें मीता पांडेय, पूनम देवी एवं सीमा सोनी भगत शामिल है। तीनों अभ्यर्थियों ने निर्वाची पदाधिकारी के समक्ष अपना-अपना नामांकन पर्चा दाखिल किया। नामांकन पर्चा दाखिल करने वाली तीनों अभ्यर्थियों में से मीता पांडेय नगर परिषद की पूर्व अध्यक्ष रह चुकी है। मीता पांडेय (पति- स्वर्गीय काली प्रसाद पांडेय) शहर के बलिहारपुर (कलिकापुर) मोहल्ले की रहने वाली है। वहीं पूनम देवी (पति- विश्वनाथ प्रसाद भगत) हरिणडांगा बाजार की निवासी है। पूनम देवी ने दो सेट में नामांकन पर्चा दाखिल किया है। जबकि सीमा सोनी भगत (पति- बबलू भगत) हाटपाड़ा की निवासी हैं। उल्लेखनीय है कि नगर परिषद की इस चुनाव में अध्यक्ष का पद महिलाओं के लिए (अनारक्षित) रिजर्व है।

सरकारी शिक्षक रहने के बावजूद सहायक अध्यापक के हाथ प्राचार्य की चाभीः शिकायत

पाकुड़। सरकारी शिक्षक रहने के बावजूद सहायक अध्यापक के द्वारा प्रधानाचार्य का कार्य किया जाना चिंता का विषय है, जिससे बच्चों को बेहतर शिक्षा का लाभ नहीं मिल रहा है। मामला सदर प्रखंड के प्राथमिक विद्यालय रणडांगा की है। इस विद्यालय में लगभग 650 से अधिक छात्र-छात्राएं पढ़ाई करते हैं। स्कूल में सरकारी एक और चार शिक्षक कार्यरत है। इस विद्यालय में सरकारी शिक्षक के रूप में मुसलेउद्दीन शेख है। लेकिन स्कूल के ही सहायक अध्यापक अनवारूल हक को प्रभार दिया गया है। मामले को प्रबंधन समिति के अध्यक्ष हबिबुर रहमान ने इसकी शिकायत जिले के वरीय पदाधिकारी को किया था। शिकायत किए जाने के बाद विभाग ने मामले को गंभीरता से लेते हुए 19 दिसम्बर 2025 को जिला शिक्षा अधीक्षक नयन कुमार रजक ने निर्देश दिया कि दो दिनों के अंदर मो. मुसलेहुद्दीन शेख को प्रभार दिया जाय, लेकिन अबतक सहायक अध्यापक अनवारूल शेख ने प्रभार नहीं दिया है। इससे साफ प्रतित हो रहा है कि सरकारी शिक्षक व सहायक अध्यापक मिलकर नियम की धज्जियां उड़ाते हुए कार्य कर रहे है। मामले को लेकर जिला शिक्षा अधीक्षक नयन कुमार रजक से संपर्क करने की कोशिश किया गया, लेकिन उससे संपर्क नहीं होने के कारण उसकी बात को नहीं रखा गया।क्या कहते सरकारी शिक्षक....स्कूल के सरकारी शिक्षक मुसलेहुद्दीन शेख ने बताया कि शारीरिक समस्या के कारण प्रधानाचार्य का प्रभार नहीं लिया हूं। विभाग को भी इसकी जानकारी है। जिस कारण स्कूल के ही सहायक अध्यापक अनवारूल हक प्राचार्य का प्रभार लेकर कार्य कर रहे है। क्या है नियम....जानकारों के मुताबिक यदि स्कूल में सरकारी शिक्षक है तो उसे ही प्राचार्य का प्रभार लेना होगा। जब किसी स्कूल में सरकारी शिक्षक नहीं होते है तो सहायक अध्यापक संचालन कर सकते है। लेकिन प्राथमिक विद्यालय रणडांगा में सरकारी शिक्षक रहने

सीनियर क्रिकेट लीग टूर्नामेंट-पोखरिया पैंथर्स ने 9 विकेट से जीता मैच

साहिबगंज- जिला क्रिकेट संघ साहिबगंज के तत्वाधान में सिदो-कान्हू स्टेडियम में चल रहे सीनियर क्रिकेट लीग टूर्नामेंट के तहत् सोमवार को माही ब्लू बनाम पोखरिया पैंथर्स के बीच मैच खेला गया. पोखरिया पैंथर्स ने टॉस जीत कर पहले गेंदबाजी का फैसला लिया. वहीं माही ब्ल्यू पहले बल्लेबाजी करते हुए 25 ओवर में 111 रन बना कर ऑल आउट हो गई. हसीबुल इस्लाम ने 20, तुफैल अंसारी ने 22, राकेश कुमार ने 19 व प्रिंस राज ने 16 रन की पारी खेली. पोखरिया पैंथर्स के गेंदबाज अभिषेक कुमार ने 3, आदित्य मंडल, गौरव कुमार व शुभम कुमार ने 2-2 विकेट लिए. जवाबी बल्लेबाजी करने उतरी पोखरिया पैंथर्स 13.2 ओवर में एक विकेट के नुकसान पर 113 रन बना कर 09 विकेट से मैच जीत लिया. राहुल ने 36, विकास ने 32 व गौरव कुमार ने 34 रन की पारी खेली. माही ब्लू के गेंदबाज तौसीफ अंसारी ने 01 विकेट लिया.पोखरिया पैंथर्स के खिलाड़ी अभिषेक कुमार को मैन ऑफ दी मैच घोषित किया गया.मुख्य अतिथि व्यवसायी रवि पोद्दार ने अभिषेक कुमार को मैन ऑफ दी मैच की ट्रॉफी से पुरस्कृत किया.वहीं मुख्य अतिथि रवि पोद्दार ने सभी खिलाड़ियों को कैप देकर सम्मानित किया.मैच में अंपायरिंग अयातुल्लाह व तारीक अनवर ने किया. जबकि स्कोरिंग श्याम रंजन ने किया. मौके पर जिला क्रिकेट संघ सचिव अंकुर सिन्हा,टूर्नामेंट इंचार्ज मो अशफाक आलम ने बताया कि मंगलवार को बरहरवा बनाम यंग स्टार क्रिकेट क्लब के बीच मैच खेला जाएगा.

निर्वाचन से संबंधित सभी कार्य तय समय-सीमा के भीतर पूरे किए जाएं : डीसी

देवघर । नगरपालिका आम निर्वाचन 2026 को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियों को तेज कर दिया है। इसी क्रम में 2 फरवरी को समाहरणालय सभागार में जिला निर्वाचन पदाधिकारी नगरपालिका सह डीसी नमन प्रियेश लकड़ा की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में निर्वाचन से जुड़े सभी कोषांगों द्वारा अब तक किए गए कार्यों की बिंदुवार समीक्षा की गई। बैठक के दौरान डीसी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि निर्वाचन से संबंधित सभी कार्य पारदर्शी तरीके से और तय समय-सीमा के भीतर पूरे किए जाएं। उन्होंने कहा कि चुनाव कार्य में प्रतिनियुक्त सभी पदाधिकारी और कर्मी अपनी जिम्मेदारी का ईमानदारी से निर्वहन करें। बेहतर चुनाव प्रबंधन के लिए आपसी समन्वय को अनिवार्य बताया गया। डीसी ने कार्मिक कोषांग को पोलिंग पार्टियों की सूची तैयार कर समय पर तामिला कराने, प्रशिक्षण कोषांग को विधिवत प्रशिक्षण कार्यक्रम तय करने तथा सामग्री कोषांग को मतपेटिकाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। वहीं परिवहन कोषांग को मतदान कार्य के लिए आवश्यक वाहनों के अधिग्रहण की व्यवस्था करने को कहा गया। बैठक में वाहन, कार्मिक, लॉजिस्टिक, मटेरियल, प्रशिक्षण, मीडिया, लेखा, आदर्श आचार संहिता सहित अन्य सहायक कोषांगों की एक-एक कर समीक्षा की गई।

नगरपालिका चुनाव के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी

देवघर। नगरपालिका आम चुनाव 2026 के दौरान आम नागरिकों की समस्याओं और शिकायतों के समाधान के लिए जिला प्रशासन ने हेल्पलाइन सेवा शुरू की है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी नपा सह डीसी नमन प्रियेश लकड़ा के निर्देश पर हेल्पलाइन एवं जन शिकायत कोषांग के लिए एक दूरभाष संख्या आवंटित की गई है। प्रशासन ने बताया कि चुनाव से जुड़ी किसी भी शिकायत या जानकारी के लिए आम नागरिक हेल्पलाइन नंबर 8987611110 पर कॉल कर सकते हैं। इस हेल्पलाइन पर प्राप्त शिकायतों को दर्ज कर संबंधित कोषांग के माध्यम से समयबद्ध तरीके से उनका निराकरण किया जाएगा। जिला प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि नगरपालिका आम चुनाव 2026 के दौरान किसी भी प्रकार की समस्या, अनियमितता या जानकारी के लिए हेल्पलाइन का उपयोग करें, ताकि निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव प्रक्रिया सुनिश्चित की जा सके।

मैट्रिक और इंटर परीक्षा को लेकर दिए गए निर्देश

देवघर। झारखंड अधिविद्य परिषद रांची द्वारा आयोजित वार्षिक माध्यमिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा 2026 के सफल संचालन को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में आज 2 फरवरी 2026 को डीसी की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग के अधिकारियों, प्रतिनियुक्त गश्तीदल एवं स्टैटिक दंडाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों तथा संबंधित बैंक प्रबंधकों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान परीक्षा को कदाचारमुक्त, शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने पर जोर दिया गया। सभी केंद्राधीक्षकों और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि परीक्षा केंद्रों पर आवश्यक व्यवस्थाएं समय से सुनिश्चित की जाएं, ताकि परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। जानकारी दी गई कि वार्षिक माध्यमिक सैद्धांतिक परीक्षा 3 फरवरी से 17 फरवरी तक प्रथम पाली में सुबह 9.45 बजे से दोपहर 1.00 बजे तक आयोजित होगी। वहीं इंटरमीडिएट कला, विज्ञान एवं वाणिज्य की सैद्धांतिक परीक्षा 3 फरवरी से 23 फरवरी तक द्वितीय पाली में दोपहर 2.00 बजे से शाम 5.15 बजे तक संचालित की जाएगी। परीक्षा केंद्रों में मोबाइल फोन सहित सभी इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। प्रश्नपत्र एवं उत्तर पुस्तिकाओं के सुरक्षित भंडारण की जिम्मेदारी संबंधित बैंकों को सख्ती से निभाने का निर्देश दिया गया।

मधुपुर के मोहम्मद जाफर अहमद ने राष्ट्रीय बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता में जीता स्वर्ण पदक

मधुपुर । शहर के इस्लाम बाग मोहल्ला निवासी मोहम्मद जाफर अहमद ने राष्ट्रीय स्तर पर मधुपुर और देवघर जिले का नाम गौरवान्वित किया है। छत्तीसगढ़ के डलिराजहरा में 30 जनवरी से 1 फरवरी तक आयोजित फर्स्ट ओपन नेशनल मेंस/वुमेन्स बॉडी बिल्डिंग एंड मेंस बेस्ट फिजिक 2026 प्रतियोगिता में उन्होंने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। आयरन बॉडी बिल्डिंग स्पोर्ट्स फेडरेशन के तत्वावधान में आयोजित इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देशभर से आए सैकड़ों प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। 70 किलोग्राम भार वर्ग में देवघर जिला अंतर्गत मधुपुर इस्लाम बाग निवासी मोहम्मद जाफर अहमद ने कड़े मुकाबले में सभी प्रतिस्पर्धियों को पीछे छोड़ते हुए गोल्ड मेडल हासिल किया। अपनी इस बड़ी सफलता पर जाफर अहमद ने कहा कि यह उपलब्धि वर्षों की कड़ी मेहनत,अनुशासन और नियमित अभ्यास का परिणाम है। उन्होंने अपनी जीत का श्रेय ओल्ड जिम के प्रशिक्षक को देते हुए कहा कि प्रशिक्षक के मार्गदर्शन और निरंतर प्रोत्साहन ने उन्हें इस मुकाम तक पहुंचाया।

हंसडीहा-दुमका मुख्य मार्ग पर दिनदहाड़े लूट, पुलिस ने दो अपराधियों को दबोचा

हंसडीहा। हंसडीहा-दुमका मुख्य मार्ग पर अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। सोमवार को हंसडीहा थाना क्षेत्र के बढ़ेत गांव के समीप बेखौफ अपराधियों ने हथियार का भय दिखाकर लूटपाट की घटना को अंजाम दिया। अपराधी बिना नंबर की अपाची बाइक पर सवार होकर आए थे और हंसडीहा निवासी राम सिंह को ओवरटेक कर रोक लिया। पिस्टल की नोंक पर उन्होंने राम सिंह से उनकी रॉयल एनफील्ड (बुलेट) और सोने की अंगूठी छीन ली और देवघर की ओर फरार हो गए। राम सिंह, जो नोनीहाट स्थित शराब दुकान से काम कर वापस लौट रहे थे, ने तुरंत इसकी सूचना हंसडीहा थाना प्रभारी को दी। घटना की गंभीरता को देखते हुए हंसडीहा पुलिस ने सरैयाहाट पुलिस के साथ मिलकर घेराबंदी शुरू की। सूत्रों के अनुसार, पुलिस ने पीछा कर दो अपराधियों को दबोच लिया है और उनके पास से लूटी गई बाइक, अंगूठी और हथियार भी बरामद कर लिए गए हैं। हालांकि, गिरफ्तारी की आधिकारिक पुष्टि होना अभी बाकी है। थाना प्रभारी अजीत कुमार यादव ने बताया कि पुलिस टीम छापेमारी और जांच में जुटी हुई है।

वार्ड 27 से प्रियंका देवी का नामांकन 4 फरवरी को

देवघर। देवघर नगर निगम चुनाव के तहत वार्ड संख्या 27 से वार्ड पार्षद पद के लिए प्रत्याशी प्रियंका देवी द्वारा 4 फरवरी, बुधवार को नामांकन दाखिल किए जाने की जानकारी दी गई है। नामांकन से पूर्व उसी दिन सुबह 10 बजकर 30 मिनट पर वार्ड संख्या 27 स्थित निजी आवास से आशीर्वाद यात्रा निकाले जाने का कार्यक्रम तय किया गया है। यह जानकारी प्रियंका देवी के पति ध्रुव प्रसाद साह की ओर से साझा की गई है। उनके अनुसार नामांकन से पहले निर्धारित समय पर यात्रा निकलेगी, जिसके बाद नामांकन की प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

शिव बारात की तैयारी को लेकर प्रशासन सतर्क

देवघर । शिवबारात के सफल और सुव्यवस्थित आयोजन को लेकर समाहरणालय में बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता डीसी नमन प्रियेश लकड़ा ने की। इस दौरान संबंधित विभागों के अधिकारियों और शिवबारात समिति के सदस्यों के साथ अब तक की तैयारियों की बिंदुवार समीक्षा की गई। डीसी ने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने का निर्देश देते हुए कहा कि शिवबारात देवघर की परंपरा और आस्था से जुड़ा आयोजन है, इसलिए इसकी गरिमा और भव्यता बनाए रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने जिलावासियों और स्वयंसेवी संस्थाओं से भी आयोजन को सफल बनाने में सहयोग की अपील की।

गोलीकांड में फरार अभियुक्त सुनील यादव गिरफ्तार

दुमका। वर्ष 2022 में सरैयाहाट चौक पर अहले सुबह व्यवसाई अशोक दे पर गोली चलाने के मामले में फरार चल रहे अप्राथमिकी अभियुक्त सुनील यादव को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपी की गिरफ्तारी बिहार के बांका जिले के कटोरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम असंघट्टा से की गई। गिरफ्तार अभियुक्त सुनील यादव, पिता शिवनारायण यादव, पर सरैयाहाट थाना में आर्म्स एक्ट के तहत दो मामले दर्ज हैं। उल्लेखनीय है कि सरैयाहाट के कारोबारी अशोक यादव पर उस समय गोली चलाई गई थी, जब वे मुख्य मार्ग स्थित अपनी मिठाई दुकान पर पहुंचे थे। हालांकि इस घटना में वे बाल-बाल बच गए थे।

नप चुनाव : अनारक्षित सीट ने बदला सियासी समीकरण

अध्यक्ष पद के लिए पांच ने किया नामांकन दाखिल

ब्यूरो

दुमका। झारखंड में नगर निकाय चुनाव की घोषणा के साथ ही दुमका नगर परिषद का चुनावी माहौल पूरी तरह गरमा गया है। अध्यक्ष पद के अनारक्षित होते ही दावेदारों की संख्या अचानक बढ़ गई है और समाहरणालय परिसर राजनीतिक गतिविधियों का केंद्र बन गया है। 29 जनवरी से शुरू हुई नामांकन प्रक्रिया के दौरान सोमवार को खासा उत्साह देखने को मिला, जब शुभ मुहूर्त में नामांकन दाखिल करने के लिए प्रत्याशियों और उनके समर्थकों की भीड़ उमड़ पड़ी।

अब तक अध्यक्ष पद के लिए कुल 18 संभावित उम्मीदवारों ने नाजीर रसीद कटवाई है, जिनमें से सोमवार को पांच प्रत्याशियों ने विधिवत अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन करने वालों में दिग्गजों के साथ-साथ नए चेहरे भी शामिल हैं, जिससे मुकाबला और रोचक हो गया है। निवर्तमान अध्यक्ष श्वेता झा के पति अजय कुमार झा उर्फ मिक्की झा ने अपनी दावेदारी पेश कर सियासी हलकों में चर्चा तेज कर दी है। वहीं दो बार नगर परिषद के उपाध्यक्ष रह चुके अनुभवी नेता विनोद कुमार लाल ने भी मैदान में उतरकर मुकाबले को कड़ा बना दिया है।

इसके अलावा सुमित कुमार पटवारी, सतीश कुमार और अंकित कुमार जैसे नए प्रत्याशियों ने पहली बार चुनावी समर में कदम रखते हुए बदलाव और नए विजन का दावा किया है। इन नए चेहरों की एंट्री से चुनावी समीकरण में नई संभावनाएं जुड़ गई हैं।

नामांकन के दौरान समाहरणालय परिसर में अलग-अलग रंग देखने को मिले। कुछ प्रत्याशियों ने समर्थकों के साथ गाजे-बाजे, नारों और शक्ति प्रदर्शन के बीच नामांकन किया, तो कुछ उम्मीदवार पूरी सादगी के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचे। नामांकन के बाद प्रत्याशियों ने जनता से जुड़े मुद्दों और प्राथमिकताओं की बात रखी। जहां पुराने चेहरे अपने कार्यकाल के विकास कार्यों को आगे बढ़ाने की बात कह रहे हैं, वहीं नए प्रत्याशी व्यवस्था में बदलाव और नए प्रयोग का भरोसा दिला रहे हैं।

इस बार अध्यक्ष पद के अनारक्षित होने ने चुनावी समीकरण को पूरी तरह बदल दिया है। पिछले चुनाव में यह सीट महिलाओं के लिए आरक्षित थी, लेकिन सामान्य श्रेणी में आने के बाद दावेदारों की लंबी कतार लग गई है। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि इसी वजह से प्रत्याशियों की संख्या में अप्रत्याशित बढ़ोतरी हुई है और चुनाव त्रिकोणीय या चतुष्कोणीय मुकाबले में तब्दील हो सकता है। आने वाले दिनों में नामांकन प्रक्रिया के साथ दुमका की सियासत और अधिक गरमाने के आसार हैं।

देवघर नगर निगम में महापौर पद के लिए 8 प्रत्याशियों ने किया नामांकन

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

देवघर । नगरपालिका आम चुनाव 2026 के तहत नाम निर्देशन की प्रक्रिया के चौथे दिन देवघर जिला अंतर्गत देवघर नगर निगम और मधुपुर नगर परिषद में उम्मीदवारों ने बड़ी संख्या में नामांकन दाखिल किए। देवघर नगर निगम में महापौर पद हेतु कुल 08 प्रत्याशियों ने नामांकन कराया। इनमें अशोक कुमार मिश्र, नागेंद्र नाथ बलियासे, रवि कुमार केशरी, सूरज कुमार झा, रीता चौरसिया, धीरेन्द्र कुमार पाण्डेय, मंजू देवी एवं सुनील कुमार गुप्ता शामिल हैं। वहीं मधुपुर नगर परिषद में अध्यक्ष पद के लिए एकमात्र प्रत्याशी मित्ती कुमारी ने नामांकन दाखिल किया। इसके अलावा वार्ड स्तर पर भी भारी संख्या में उम्मीदवार मैदान में उतरे हैं। देवघर नगर निगम के वार्ड संख्या 01 से 12 में 32, वार्ड संख्या 13 से 24 में 34 और वार्ड संख्या 25 से 36 में 42 प्रत्याशियों ने नामांकन किया है।

मधुपुर नगर परिषद के वार्ड संख्या 01 से 12 में 27 तथा वार्ड संख्या 13 से 23 में भी 27 प्रत्याशियों ने वार्ड पार्षद पद के लिए नामांकन कराया। नामांकन की इस तेज रफ्तार से साफ है कि निकाय चुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है और आने वाले दिनों में प्रचार और जनसंपर्क गतिविधियां और बढ़ने वाली हैं।

मेयर प्रत्याशी सूरज झा ने पदयात्रा निकालकर दिखाई ताकत

देवघर संताल एक्सप्रेस । देवघर नगर निगम के मेयर पद के प्रत्याशी सूरज झा ने सोमवार को शहर में भव्य पदयात्रा निकालकर अपनी चुनावी ताकत का प्रदर्शन किया। नामांकन से पहले उन्होंने समर्थकों के साथ शिवराम झा चौक से समाहरणालय तक पैदल मार्च किया। पदयात्रा की शुरुआत पंडित शिवराम झा के चित्र पर माल्यार्पण से हुई। इसके बाद जुलूस मानसिंह चौक,शिवगंगा,लक्ष्मीपुर चौक, चांदनी चौक,शिक्षा सभा चौक, आज़ाद चौक,टावर चौक, वीआईपी चौक और अम्बेडकर चौक होते हुए डीसी कार्यालय पहुँचा। पूरे रास्ते ÷सूरज झा जीतेंगे÷ और ÷देवघर का विकास हमारा मिशन÷ जैसे नारों से माहौल गूंजता रहा। इस मौके पर सूरज झा ने कहा कि यह पदयात्रा केवल रैली नहीं, बल्कि देवघर के नवनिर्माण के प्रति जनता के विश्वास और उनके संकल्प का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि उनका एजेंडा पूरी तरह साफ है–पारदर्शिता, समावेशी विकास, मजबूत बुनियादी ढांचा और युवाओं व महिलाओं के लिए अवसर। । पदयात्रा में भारी जनसमर्थन देखकर राजनीतिक हलकों में इसे सूरज झा की मजबूत पकड़ के रूप में देखा जा रहा है।

महापौर प्रत्याशी नागेंद्रनाथ बलियासे ढोल-बाजे के साथ नामांकन करने पहुंचे

देवघर। देवघर नगर निगम चुनाव के तहत सोमवार को महापौर पद के प्रत्याशी नागेंद्रनाथ बलियासे उर्फ बाबा बलियासे ने नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन के दौरान उनके समर्थक बिलासी स्थित चुनाव कार्यालय से रैली के रूप में डीसी कार्यालय पहुंचे। रैली में ढोल-बाजे के साथ बड़ी संख्या में लोग शामिल थे। डीसी कार्यालय में नामांकन प्रक्रिया पूरी करने के बाद प्रत्याशी ने पत्रकारों से बातचीत की। उन्होंने बताया कि वे लंबे समय से समाजसेवा से जुड़े रहे हैं और इसी अनुभव के आधार पर नगर निगम चुनाव में भाग ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव के माध्यम से जनता के बीच अपनी बात रखने का अवसर मिला है। नागेंद्रनाथ बलियासे ने यह भी कहा कि देवघर के विकास के लिए केंद्र, राज्य और स्थानीय स्तर पर समन्वय जरूरी है। शहर के बुनियादी ढांचे, नागरिक सुविधाओं और पर्यटकों से जुड़े विषयों पर काम करने की आवश्यकता है। नामांकन के दौरान प्रशासन की ओर से सुरक्षा और व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। नामांकन प्रक्रिया शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई।

बासुकीनाथ नगर पंचायत में अध्यक्ष पद के लिए तीन और वार्ड पार्षद के लिए 34 अभ्यर्थियों ने नामांकन दाखिल किया

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

बासुकीनाथ । नगर पंचायत निर्वाचन क्षेत्र से सोमवार को अध्यक्ष पद के लिए तीन अभ्यर्थी क्रमशः पूनम देवी, मधुरित देवी और वीणा देवी ने अपना नामांकन दाखिल किया। जबकि नपं बासुकीनाथ के कुल 12 वार्डों में वार्ड पार्षद पद हेतु कुल 34 अभ्यर्थियों ने सोमवार को अपना नामांकन दाखिल किया, जिसमें वार्ड संख्या दो में नागेन्द्र ततवा ने, वार्ड संख्या तीन में आशिष कुमार मंडल ने, वार्ड संख्या छह में निमाई बाउरी एवं पांचु दास ने दो- दो सेट में नामांकन कराया है।

इन्होंने भरा नामांकन

अध्यक्ष पद के लिए तीन अभ्यर्थियों ने भरा नामांकन

मधुमिता देवी, पति मंटु कुमार लाहा
वीणा देवी, पति निरंजन मंडल
पूनम देवी पति स्व बमबम पंडा

वार्ड संख्या -01

मुकेश कुमार गुप्ता, पिता कन्हाई प्रसाद साह
केशव कुमार, पिता विजय कुमार साह
अरूण कुमार गुप्ता, पिता नरेश प्रसाद साह
बबलु यादव, पिता गयानंद महराणा
दुर्गा कुमार गुप्ता, पिता घनश्याम साह
नवीन कुमार भगत, पिता हरिशंकर भगत

वार्ड संख्या 02

गणेश भंडारी, पिता पुरन भंडारी
नागेन्द्र ततवा, पिता स्व लक्ष्मण मानरी(2 सेट में)
जयप्रकाश शर्मा पिता सहदेव मिस्त्री
रोहित कुमार राउत पिता कार्तिक राउत
विनोद कुमार पंडित पिता गोपाल पंडित

वार्ड संख्या-03

निकेश कुमार, पिता अनिल मंडल
आशिष कुमार मंडल, पिता स्व अभिमन्यु मंडल(2सेट में)
मणिकांत मंडल, पिता कृष्णा मंडल

वार्ड संख्या- 04

अमृत कुमार , पिता नरेश प्रसाद साह
रोहित कुमार दे, पिता उत्तम कुमार दे

वार्ड संख्या- 05

चंदना पाल, पति स्व पूरन चंद्र पाल
अंजली कुमारी, पति रितेश कुमार
सविता झा, पति मंतोष झा

वार्ड संख्या--06

निमाई बाउरी, पिता स्व राजेश बाउरी (2 सेट में)
पांचु दास पिता अनुप दास (2 सेट में)

वार्ड संख्या---07

कल्याणी देवी, पति योगेन्द्र पंडित
पम्पा कुमारी गण, पति मिथुन कुमार गण
पूर्णिमा मोदी, पति विश्वजीत मोदी

वार्ड संख्या--08

विरेंद्र झा, पिता राजेन्द्र झा
श्वेता मिश्रा, पति रमेश कुमार मिश्रा
सुरज रंजन सिन्हा, पिता अशोक कुमार सिन्हा

वार्ड संख्या--09

गुंजा देवी, पति लालू राउत
ज्योति देवी, पति राजकुमार राव
दुलु देवी, पति रामदेव साह

वार्ड संख्या-10

मनीषा पांडा, पति किशोर पंडा
रानी कुमारी, पति निरंजन कुमार संतरा

वार्ड संख्या--11

धनंजय मंडल, पिता सहदेव मंडल
अनिल मंडल, पिता अरूण मंडल

दुमका में लूटकांड का पुलिस ने किया खुलासा, तीन अपराधी गिरफ्तार

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

मसलिया । मसलिया व शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र में हुए दो अलग-अलग लूटकांड का पुलिस ने सफल उद्भेदन करते हुए तीन शातिर अपराधकर्मियों को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार दिनांक बीते 29 जनवरी 2026 को शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत दुमका-शिकारीपाड़ा मुख्य मार्ग पर केंदपहाड़ी मोड़ के पास एक फेरी व्यवसायी को सुनसान स्थान पर तीन मोटरसाइकिल सवार अपराधियों ने रोक लिया। चाकू का भय दिखाकर उससे करीब आठ हजार रुपये लूट लिए गए तथा विरोध करने पर चाकू से हमला कर उसे घायल कर दिया गया। इस संबंध में शिकारीपाड़ा थाना कांड संख्या 15/26, दिनांक 30.01.2026, धारा 309(6)/311/3(5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया।

इसी तरह 30 जनवरी 2026 को मसलिया थाना क्षेत्र के सिदपहाड़ी मोड़ के पास भी तीन अज्ञात अपराधियों ने एक व्यक्ति से करीब सात हजार रुपये की लूट की। लगातार हो रही घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक दुमका के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सदर के नेतृत्व में एक विशेष छापामारी टीम का गठन किया गया। टीम द्वारा की गई कार्रवाई में 1 फरवरी 2026 को इस कांड में संलिप्त तीनों अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों में धर्मेन्द्र राय उम्र 24 साल, बिबिसन राय उम्र 22 साल एवं इदुल सलामत अंसारी उर्फ सोनू 20 साल शामिल हैं।

वार्ड 22 से डॉ. अपर्णा झा ने किया नामांकन

देवघर संताल एक्सप्रेस । देवघर नगर निगम चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया 29 जनवरी से शुरू हो चुकी है और अब केवल दो दिन शेष हैं। नामांकन के चौथे दिन निवर्तमान वार्ड पार्षद कन्हैया झा की पत्नी डॉ. अपर्णा झा ने वार्ड 22 से पार्षद पद के लिए नामांकन दाखिल किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि उनके पति कन्हैया झा वर्षों से जनता की निस्वार्थ सेवा करते आ रहे हैं और अपना कार्यकाल सफलतापूर्वक पूरा किया है। जनता के सहयोग और आशीर्वाद से उन्हें फिर सेवा का अवसर मिलने की उम्मीद है। डॉ. अपर्णा झा ने कहा कि वे वार्ड 22 के सभी नागरिकों को अपने परिवार का सदस्य मानती हैं और 2015 से उनका परिवार लगातार जनसेवा में लगा हुआ है। वहीं कन्हैया झा ने कहा कि उन्होंने सदैव वार्ड 22 की जनता की समस्याओं के समाधान को प्राथमिकता दी है। पिछले चुनाव के प्रत्याशी आशीष कुमार पांडे और अमित मिश्रा ने भी डॉ. अपर्णा झा को समर्थन दिया है। नामांकन के दौरान वार्ड 22 के सैकड़ों समर्थक उपस्थित रहे।

देवघर : जंगल से दो साइबर ठग गिरफ्तार

देवघर । जिले में साइबर अपराध के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। एसपी सौरभ के आदेश और पुलिस उपाधीक्षक राजा कुमार मित्रा के निर्देश पर 1 फरवरी को सारठ थाना क्षेत्र से दो साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। दोनों पर आम लोगों को झांसे में लेकर ऑनलाइन ठगी करने का आरोप है। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि सारठ थाना अंतर्गत पुरनीकरहैया स्थित जंगल झाड़ में कुछ संदिग्ध युवक फर्जी मोबाइल नंबरों के जरिए खुद को फ्लिपकार्ट, अमेजन, कस्टमर केयर, एयरटेल पेमेंट बैंक पदाधिकारी बताकर ठगी कर रहे हैं। साथ ही गूगल पर फोनपे कस्टमर केयर, पीएम किसान योजना और लोन दिलाने के नाम पर भी लोगों को भ्रमित किया जा रहा है। सूचना के आधार पर छापामारी कर पुलिस ने जंगल झाड़ से दो साइबर अपराधियों को पकड़ लिया।

वार्ड-28 से राजेश तिवारी ने किया नामांकन

देवघर संताल एक्सप्रेस । सोमवार को देवघर नगर निगम के वार्ड संख्या-28 से समाजसेवी राजेश कुमार तिवारी ने अपना नामांकन दाखिल किया। नामांकन से पूर्व उन्होंने अपने वार्ड स्थित बजरंगबली मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना की। इसके पश्चात सैकड़ों की संख्या में वार्डवासियों के साथ पूरे वार्ड क्षेत्र का भ्रमण करते हुए अनुमंडल कार्यालय पहुंचे और नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन के बाद उन्होंने कहा कि वार्ड पार्षद बनने पर उनकी पहली प्राथमिकता वार्ड में समुचित पेयजल व्यवस्था, नियमित सफाई व्यवस्था तथा वार्ड स्वास्थ्य केंद्र की स्थापना होगी। उनके नामांकन से वार्ड में चुनावी माहौल गर्म हो गया है।

वार्ड-06 से मीना ठाकुर ने किया नामांकन

देवघर संताल एक्सप्रेस । देवघर नगर निगम चुनाव को लेकर वार्ड संख्या-06 से लोकप्रिय वार्ड पार्षद प्रत्याशी मीना ठाकुर ने सोमवार को अपना नामांकन दाखिल किया। शिक्षित एवं कर्मठ महिला प्रत्याशी मीना ठाकुर के नामांकन के दौरान बड़ी संख्या में समर्थक मौजूद रहे, जिससे माहौल उत्साहपूर्ण रहा। स्थानीय जनता में उनकी सादगी, जनसंपर्क और सामाजिक कार्यों को लेकर खासा भरोसा देखा जा रहा है। नामांकन के बाद मीना ठाकुर ने कहा कि वे वार्ड के सर्वांगीण विकास, स्वच्छता, शिक्षा और महिला सशक्तिकरण को प्राथमिकता देंगी। उनके नामांकन से वार्ड-06 में चुनावी सरगर्मी तेज हो गई है।

सतत व समग्र विकास के लिए पर्यावरण के प्रति जागरूकता जरूरी: प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

साहिबगंज - विश्व आर्द्र भूमि दिवस पर सोमवार को पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय में वन प्रमंडल के तत्वधान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया. मुख्य अतिथि के तौर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अखिल कुमार, डीसी हेमंत सती, पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिंह, विशिष्ट अतिथि के रूप डीएफओ प्रबल गर्ग व पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय के प्राचार्य आनंद कुमार सिंह ने शिरकत की.

अतिथियों का स्वागत पौधा देकर व शॉल ओढ़ा किया गया. अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की. इस दौरान हुई क्विज प्रतियोगिता में जिला के 11 विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया.कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अखिल कुमार ने कहा कि सतत व समग्र विकास के लिए जागरूकता जरूरी है. आज के बच्चे कल किशोर व युवा बनेंगे. अपने पर्यावरण व परिस्तिथिकी के बारे में ऐसे ही जागृत रहें तो आने वाली पीढ़ी को बढ़िया वातावरण दे पाएंगे. झारखंड अपने जल जंगल व जमीन के लिए जाना जाता है. तीनों परिस्तिथिकी के महत्वपूर्ण भाग हैं. हम सबकी जिम्मेवारी है कि इन्हें बचाये रखें. इसके रक्षा का संकल्प लें लोग. जहां तक हो सके अपना व्यक्तिगत योगदान दें. डीसी ने उपस्थित बच्चों को खराब पर्यावरण से होने वाले नुकसान की कल्पना कराते हुए कहा कि जीवन के लिए जरूरी तत्व प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से पर्यावरण से आता हैं. आज आद्रभूमि भी इको सिस्टम का एक पार्ट है। बच्चों का कर्तव्य है कि आपने आसपास स्वच्छता और पेड़-पौधों का ख्याल रखें. हर बच्चे सिर्फ अपने जन्मदिन पर ही पेड़ लगाने की ठान लें तो बुढ़ापे तक कम से कम 60 पेड़ तो लग जाएंगे.क्विज प्रतियोगिता में संत जेवियर स्कूल के छात्र अनंत गौरव शिल्पा

पीहू ने प्रथम, जवाहर नवोदय के छात्र साक्षी राज व सृष्टि सोनम मुर्मू ने द्वितीय एवं संत जेवियर स्कूल हिंदी के छात्र रिमझिम कुमारी व पावनी कुमारी ने तृतीय स्थान हासिल किया. वहीं संत जेवियर स्कूल के वाइस प्रिंसिपल आदित्य राज ठाकुर क्विज मास्टर बने. विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया. मौके पर वनरक्षी अंकित झा, संत जेवियर के शिक्षक , जवाहर नवोदय विद्यालय के शिक्षक बीके यादव सहित सैंकड़ों छात्र-छात्रा मौजूद थे.

नगर निकाय चुनाव : चौथे दिन अध्यक्ष पद के चार सहित 45 अभ्यर्थियों ने दाखिल किया नामांकन

संवाददाता

साहिबगंज । नगरपालिका आम निर्वाचन-2026 के अंतर्गत आज नामांकन प्रक्रिया के चौथे दिन सोमवार को साहिबगंज जिले के साहिबगंज नगर परिषद, राजमहल नगर पंचायत एवं बरहरवा नगर पंचायत के अध्यक्ष व वार्ड पार्षद के लिए कुल 45 अभ्यर्थियों ने निर्वाची पदाधिकारी के समक्ष अपना नामांकन दाखिल किया.मिली जानकारी के अनुसार साहिबगंज नगर परिषद के अध्यक्ष पद के लिए सोमवार को झामुमो समर्थित प्रत्याशी रामनाथ पासवान उर्फ छोटू पासवान एवं कपिल देव दास ने निर्वाची पदाधिकारी सह एसी गौतम भगत के समक्ष अपना नामांकन दाखिल किया.वही राजमहल नगर पंचायत के अध्यक्ष पद के लिए सोमवार को भावना गुप्ता व मो मखदूम शेख ने निर्वाची पदाधिकारी के समक्ष अपना नामांकन दाखिल किया.साहिबगंज नगर परिषद के वार्ड संख्या 1 से 28 के वार्ड पार्षद पद के लिए 25 अभ्यर्थियों ने,राजमहल नगर पंचायत के वार्ड संख्या 1 से 14 के वार्ड पार्षद पद के लिए 14 अभ्यर्थियों ने एवं बरहरवा नगर पंचायत के वार्ड संख्या 1 से 14 के वार्ड पार्षद पद के लिए 02 अभ्यर्थियों ने निर्वाची पदाधिकारी के समक्ष उत्साहपूर्वक नामांकन पत्र दाखिल किया.

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार विभिन्न पदों के लिए नामांकन जमा शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित रूप से संपन्न हो रही है. निर्वाचन कार्य में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई थीं तथा अभ्यर्थियों एवं उनके समर्थकों द्वारा निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का पालन किया जा रहा है.

नामांकन पत्र दाखिल करने वाले अध्यक्ष व वार्ड पार्षदों की संख्या इस प्रकार है

साहिबगंज नगर परिषद

* अध्यक्ष पद के लिए-02
* वार्ड पार्षद पद के लिए वार्ड संख्या 01 से 07 के लिए -02
* वार्ड पार्षद पद के लिए वार्ड संख्या 08 से 14 के लिए -05
* वार्ड पार्षद पद के लिए वार्ड संख्या 15 से 21 के लिए -05
* वार्ड पार्षद पद के लिए वार्ड संख्या 22 से 28 के लिए -13.

नगर पंचायत राजमहल

* अध्यक्ष पद के लिए -02
* वार्ड पार्षद पदके लिए वार्ड संख्या 01 से 07 के लिए -07
* वार्ड पार्षद पद के लिए वार्ड संख्या 08 से 14 के लिए -07.

नगर पंचायत बरहरवा

* अध्यक्ष पद के लिए -00
* वार्ड पार्षद पद के लिए वार्ड संख्या 01 से 07 के लिए -01
* वार्ड पार्षद पद के लिए वार्ड संख्या 08 से 14 के लिए -01.

नगर निकाय चुनाव : चौथे दिन 6 अध्यक्ष सहित 37 अभ्यार्थियों ने खरीदा नामांकन पत्र

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

नगरपालिका (आम) निर्वाचन-2026 के अंतर्गत नामांकन प्रक्रिया के चौथे दिन सोमवार को साहिबगंज जिले के साहिबगंज नगर परिषद, राजमहल नगर पंचायत एवं बरहरवा नगर पंचायत हेतु अभ्यर्थियों द्वारा उत्साहपूर्वक नामांकन पत्रों का क्रय किया गया.मिली जानकारी के अनुसार चौथे दिन अध्यक्ष पद के लिए 6 अभ्यार्थियों एवं वार्ड पार्षद पद के लिए कुल 31 अभ्यार्थियों ने नामांकन पत्र की खरीदारी की.मिली जानकारी के अनुसार साहिबगंज नगर परिषद के अध्यक्ष पद के लिए अमृत कुमार रजक,संजय रविदास,मनोज पासवान व विनोद कुमार चौधरी ने नामांकन पत्र खरीदा है.वही वार्ड संख्या 1 से 28 के लिए कुल 19 अभ्यार्थियों ने नामांकन पत्र खरीदा है.राजमहल नगर पंचायत के अध्यक्ष पद के लिए दो अभ्यार्थी ने एवं वार्ड पार्षद पद के लिए 10 अभ्यार्थियों ने नामांकन पत्र खरीदा है.बरहरवा नगर पंचायत

के लिए सोमवार को एक भी अभ्यार्थी ने नामांकन पत्र नही खरीदा है.वही वार्ड पार्षद पद के लिए दो अभ्यार्थी ने नामांकन पत्र खरीदा है.बताते चले कि साहिबगंज नगर परिषद के अध्यक्ष पद के लिए अभी तक 15 अभ्यर्थी अशोक कुमार तुरी, रामनाथ पासवान उर्फ छोटू पासवान,पंकज रजक, कपिल देव दास,अनूप लाल हरि, रविन्द्र कुमार पासवान उर्फ बुढ़ो पासवान, रोहित कुमार रविदास,दारा पासवान,मनोज कुमार पासवान, प्रमोद कुमार पासवान,दिनेश कुमार पासवान, अमृत कुमार रजक,संजय रविदास,मनोज पासवान व विनोद कुमार चौधरी ने नामांकन पत्र खरीदा है.वही राजम ल नगर पंचायत के अध्यक्ष पद के लिए 8 प्रत्याशियों ने अपना नामांकन पर्चा खरीदा है. जिसमें नगर पंचायत क्षेत्र के नया बाजार निवासी मो महिउद्दीन शेख, गुदारा घाट निवासी भावना गुप्ता, महाजन टोली निवासी मोहम्मद मखदूम शेख, नया बाजार निवासी केताबुद्दीन शेख, नया बाजार निवासी मोहम्मद जियाउल अंसारी, कासिम बाजार निवासी माधवी लता मंडल, मटियाल निवासी अब्दुल

कादिर एवं नया बाजार निवासी कार्तिक कुमार साहा ने नामांकन पर्चा खरीदा है. निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार विभिन्न पदों के लिए नामांकन पत्रों की बिक्री शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित रूप से संपन्न हुई. निर्वाचन कार्य में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई है तथा अभ्यर्थियों एवं उनके समर्थकों द्वारा निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का पालन किया गया.

अध्यक्ष व वार्ड पार्षद के लिए नामांकन पत्र की बिक्री की सूची इस प्रकार है

साहिबगंज नगर परिषद

अध्यक्ष पद के लिए -04
वार्ड पार्षद पद के लिए वार्ड संख्या 01 से 07 के लिए -05
वार्ड पार्षद पद के लिए वार्ड संख्या 08 से 14 के लिए -07
वार्ड पार्षद पद के लिए वार्ड संख्या 15 से 21 के लिए -03
वार्ड पार्षद पद के लिए वार्ड संख्या 22 से 28 के लिए -04

नगर पंचायत राजमहल

अध्यक्ष पद के लिए -02
वार्ड पार्षद पद के लिए वार्ड संख्या 01 से 07 के लिए -09

वार्ड पार्षद पद के लिए वार्ड संख्या 08 से 14 के लिए -01

नगर पंचायत बरहरवा

=============

अध्यक्ष पद के लिए -00
वार्ड पार्षद पद के लिए वार्ड संख्या 01 से 07 के लिए -01
वार्ड पार्षद पद के लिए वार्ड संख्या 08 से 14 के लिए -01

राजमहल से हजारों कार्यकर्ता दुमका रवाना

साहिबगंज -झारखंड मुक्ति मोर्चा के 47वां झारखंड दिवस के मौके पर आयोजित सम्मेलन में शामिल होने के लिए राजमहल विधानसभा से हजारों की संख्या में पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता दुमका रवाना हुए.झामुमो युवा मोर्चा जिला सचिव सह विधायक प्रतिनिधि मो मारूफ उर्फ गुड्डू के नेतृत्व में चार पहिया वाहन एवं बसो के माध्यम से सोमवार को सभी कार्यकर्ता एकत्रित होकर दुमका के लिए रवाना हुए. विधायक प्रतिनिधि ने कहा कि संगठन के सभी कार्यकर्ता सामूहिक रूप से इस कार्यक्रम में बढ़-कर कर हिस्सा ले रहे हैं. राजमहल विधानसभा के कार्यकर्ता अनुशासित तरीके से कार्यक्रम में भाग लेंगे. मौके पर झामुमो नेता घीसु शेख, राजमहल प्रखंड अध्यक्ष अनिसुर रहमान, सचिव दुर्गा मंडल, उधवा प्रखंड अध्यक्ष अयुब अली उर्फ बाबू दा, सचिव विश्वजीत मंडल, नगर अध्यक्ष मो आजाद, सचिव स्मित चौरसिया, साहिबगंज प्रखंड अध्यक्ष अमरजीत सिंह, जिप सदस्य अब्दुल बारीक शेख, मो अफजल, विकास यादव, अजय दास, आबेदीन शेख, राजीव बर्मन, मुर्शीद राजा, शाहिद रिजवी सहित अन्य मौजूद थे.

मधुमक्खी पालन प्रशिक्षण का शुभारंभ

साहिबगंज - वित्तीय वर्ष 2025-26 में राष्ट्रीय बागवानी मिशन योजना के अंतर्गत आत्मा द्वारा चयनित 25 कृषकों के लिए सात दिवसीय मधुमक्खी पालन प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ सोमवार को बरहरवा प्रखंड के कालू पंचायत में किया गया.कार्यक्रम का उद्घाटन सहायक निदेशक उद्यान दुमका दयानंद प्रसाद द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया. इस अवसर पर गोस्वामी मधुमक्खी पालन प्रशिक्षण केंद्र के प्रशिक्षक राधाकांत गिरी ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि मधुमक्खी पालन एक लाभकारी एवं शत-प्रतिशत जैविक व्यवसाय है. जिससे किसानों की आय में वृद्धि के साथ-साथ फसलों की उत्पादन क्षमता में भी उल्लेखनीय बढ़ोतरी होती है.कार्यक्रम में उद्यान विभाग से प्रेम पासवान सहित आत्मा द्वारा चयनित सभी 25 कृषक उपस्थित रहे। प्रशिक्षण के माध्यम से किसानों को स्वरोजगार के नए अवसर प्रदान करने एवं उनकी आर्थिक स्थिति सुदृढ़ करने का लक्ष्य रखा गया है.

सभी पंचायत में मनाया गया मनरेगा दिवस

संताल एक्सप्रेस राजमहल- मनरेगा के स्थापना दिवस के अवसर पर सोमवार को प्रखंड क्षेत्र के सभी 23 पंचायत में मनरेगा दिवस आयोजित किया गया. इस अवसर पर पंचायत स्तरीय कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधि का आयोजन किया गया. जिसमें जागरूकता रैली, 100 दिन रोजगार प्राप्त करने मजदूर को सम्मानित किया गया. नए जॉब कार्ड का वितरण, ईकेवाईसी, नए कार्य की मांग, नए योजना का चयन, सहित पुराने योजना की पूर्णता पर कार्य किया गया. इस दौरान मुख्य रूप से खुटहरी पंचायत में बीपीओ श्वेता एवं गुणिहारी पंचायत में बीपीओ गगन बापू ने भाग लिया. मौके पर कैलाश वर्मा, रवि हेम्ब्रम, शम्स आजम सहित सभी ग्राम रोजगार सेवक, बीएफटी शामिल थे.

विद्यालय के प्रधान शिक्षकों को दिया गया प्रशिक्षण

बोरियो- प्लस टू उच्च विद्यालय बोरियों में सोमवार को चिकित्सा पदाधिकारी डॉ विनोद कुमार के द्वारा आगामी 10 फरवरी से 25 फरवरी तक आयोजित होने वाले एमडीए कार्यक्रम का एक दिवसीय प्रशिक्षण सभी विद्यालय के प्रधान शिक्षको को दिया गया. जिसमे उपस्थित सभी शिक्षको को एमडीए कार्यक्रम से संबंधित जानकरियां दी गई. विदित हो कि 10 फरवरी को सभी आंगनवाड़ी केन्द्र एवं स्कूलों में सहिया, सेविका एवं स्वास्थ्य कर्मियों के द्वारा बूथ लगाया जायेगा. वही 11 फरवरी से 25 फरवरी तक घर -घर भ्रमण कर फाईलेरिया रोधी डीईसी और अलबेण्डाज़ोल की एक खुराक दवा खिलाई जाएगी. साथ ही सभी शिक्षको को फाईलेरिया बीमारी के फैलने के कारण, लक्षण एवं रोकथाम कि जानकारी दी गई. शिक्षको को अपने-अपने विद्यालय में सभी बच्चों को दवा सेवन कराने को कहा गया. मौके पर प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी तरुण कुमार घाटी, बीपीओ राजेश्वरी सिन्हा, डॉ शमीर राज, बीपीएम बिष्णु कुमार भगत, एमटीएस मनोहर पंडित, बीआरपी, सीआरपी, प्रधान शिक्षक सहित अन्य उपस्थित थे.

स्थापना दिवस में शामिल होने बरहेट से दुमका रवाना हुए सैकड़ों कार्यकर्ता

संताल एक्सप्रेस बरहेट-झारखंड मुक्ति मोर्चा के स्थापना दिवस के अवसर पर दुमका में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने के लिए बरहेट प्रखंड क्षेत्र के सभी पंचायतों से सैकड़ों की संख्या में पार्टी कार्यकर्ता सोमवार को दुमका के लिए रवाना हुए.प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों से कई बसों में पार्टी समर्थक एवं कार्यकर्ता दुमका रवाना हुए. वहीं दर्जनों सक्रिय कार्यकर्ता छोटे वाहनों से भी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए निकले. कार्यकर्ताओं को दुमका पहुंचाने के लिए वाहनों की व्यवस्था एवं समन्वय का नेतृत्व झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष बर्नार्ड मरांडी एवं प्रखंड सचिव मजबूर रहमान द्वारा किया गया.इस अवसर पर जिला परिषद अध्यक्ष मोनिका किस्कू, छवि हेंब्रम, एजाज अली, अली अंसारी, अरशद अंसारी सहित कई अन्य वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता सक्रिय रूप से सहयोग करते नजर आए। कार्यकर्ताओं में स्थापना दिवस को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला.

शहीद जगदेव कुशवाहा की जयंती

साहिबगंज - साहिबगंज नगर के दहिया टोला स्थित अंबेडकर भवन में सोमवार को सुबह 11 बजे अंबेडकर संस्था की ओर से बिहार के लेनिन कहे जाने वाले शहीद बाबू जगदेव प्रसाद कुशवाहा की 104 वीं जयंती मनाया गया.इस अवसर पर अंबेडकर संस्था के सभी सदस्यों ने शहीद बाबू जगदेव प्रसाद कुशवाहा की तस्वीर पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पण किया. संस्था के मीडिया प्रभारी अनिल पासवान ने कहा कि बाबू जगदेव प्रसाद कुशवाहा जी बहुजन समाज के क्रान्तिकारी राजनेता थे. बहुजन समाज को जागरूक करने के लिए नारा दिए सौ में नब्बे शोषित है नब्बे भाग हमारा है धन - धरती और राज पाट में, नब्बे भाग हमारा है दस का शासन नब्बे पर नहीं चलेगा, नहीं चलेगा.दो बातें है मोटी -मोटी, हमें चाहिए इज्जत रोटी.मिटे गरीबी और अमीरी, मिटे चाकरी और मजबूरी.समता बिना समाज नहीं, बिन समाज जनराज नहीं.मौके पर अनिल पासवान, शेखर पासवान, विजय वर्मा, आशीष रतन लाल नवल किशोर पासवान, सत्य प्रकाश, विष्णु कुमार, शिवम कुमार ,दिलदार अंसारी, अंकित कुमार एवं दर्जनों लोग मौजूद थे.

पुलिस ने 14 वर्षीय युवक का शव किया बरामद

हिरणपुर (पाकुड़) थाना क्षेत्र के धनगढ़ा स्थित जंगल किनारे स्थित एक पेड़ से लटकते हुए एक 14 वर्षीय नाबालिग लड़का का शव पुलिस ने बरामद किया है। जिसकी पहचान खुजुरडांगा निवासी शिवलाल मुर्मू के पुत्र संतोष मुर्मू (14) के रूप में हुई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। दिए लिखित शिकायत में पिता ने कहा है कि उसका बेटा 31 जनवरी को घर से किसी को बिना बताए निकल गया है। शाम तक घर नहीं आने पर खोजबीन करने पर पता नहीं चला। इसी क्रम में 01 फरवरी की शाम को धनगढ़ा के जंगल किनारे पेड़ पर फांसी पर लटका हुआ उसका शव मिला।जिसके बाद इसकी सूचना पुलिस को दी गई। पिता का कहना है कि उसके पुत्र की दिमागी हालात ठीक नहीं है। बहरहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

`शिबू सोरेन की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

बोरियो- झारखंड मुक्ति मोर्चा के 47वें स्थापना दिवस के अवसर पर बोरियो विधायक डी सोरेन के नेतृत्व में हजारों कार्यकर्ता दुमका में आयोजत कार्यक्रम में भाग लेने के लिए सोमवार को बोरियो से दुमका के लिए रवाना हुए. इस दौरान विधायक ने सर्वप्रथम बोरियो शिबू सोरेन कॉलेज गेट के समीप स्थित दिसोम गुरु स्व- शिबू सोरेन के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया. जिसके बाद हजारों कार्यकर्ता के साथ दुमका के लिए रवाना हुए. मौके पर प्रखंड अध्यक्ष जेठा मरांडी, सचिव गफ्फार अंसारी, रिजवान अंसारी, शकील अहमद, एजाज अंसारी, फरहाद अंसारी सहित अन्य मौजूद थे.

मनाया गया विश्व आद्र भूमि दिवस

साहिबगंज-झारखंड के एक मात्र रामसर साइट उधवा पक्षी आश्रयणी में विश्व आद्र भूमि दिवस के अवसर पर वन विभाग द्वारा विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया. यह कार्यक्रम वन क्षेत्र पदाधिकारी पंचम दुबे के नेतृत्व में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ.कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आद्र भूमियों के संरक्षण, उनके पारिस्थितिक महत्व तथा जैव विविधता के संरक्षण के प्रति आमजन में जागरूकता फैलाना था. इस अवसर पर आश्रयणी क्षेत्र एवं झील के आसपास स्वच्छता अभियान चलाया गया. जिसमें प्लास्टिक कचरे एवं अन्य अपशिष्ट पदार्थों को हटाया गया.साथ ही स्थानीय ग्रामीणों एवं पर्यटकों को आद्र भूमियों के महत्व, जल स्रोतों की सुरक्षा तथा पर्यावरण संतुलन बनाए रखने को लेकर जानकारी दी गई.वन क्षेत्र पदाधिकारी पंचम दुबे ने अपने संबोधन में कहा कि उधवा पक्षी आश्रयणी अंतरराष्ट्रीय महत्व की आद्र भूमि है. जिसे रामसर साइट का दर्जा प्राप्त है.

विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन

संताल एक्सप्रेस संवाददाता बोरियो- बोरियो प्रखंड कार्यालय के सभागार में बीईईओ तरुण कुमार घाटी की अध्यक्षता में बीआरसी के लेखापाल विलाश कुमार के सेवानिवृत एवं सीआरपी शाहजहां अंसारी को गोड्डा जिला के बोआरीजोर प्रखंड में सहायक आचार्य के पद पर नियुक्त होने पर विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया. जहां दोनों को बुके देकर व शॉल ओढ़ाकर एवं डायरी सहित उपहार देकर भावभीनी विदाई दी गई. इस दौरान बीईईओ तरुण कुमार घाटी ने कहा कि लेखापाल को योग करने की सलाह दी. वही दोनों के उज्जवल भविष्य के लिए कामना की. इस मौके पर बीपीओ राजेश्वरी प्रसाद सिन्हा, सीआरपी फैजल अफरोज, अनुज कुमार, सुलतान आलम, विश्वजीत कुमार गुप्ता, धर्मेंद्र कुमार, राजेश कुमार सिन्हा, राजेश कुमार, बीआरपी माखन लाल यादव, दिनेश तांती, जेठा, वजीर अंसारी, नूतन पंडित सहित अन्य मौजूद

खलिहान में लगी आग,धान जलकर राख

बोरियो- अंचल क्षेत्र अंतर्गत कुम्हरिया गाँव में खलिहान में आग लगने से धान जलकर राख हो गया. प्राप्त जानकारी के अनुसार कुम्हरिया निवासी नटवा मरांडी अपने खलिहान में धान रखा था. धान के पुल्ले में अचानक से आग लग गयी. आगलगी में पूरा धान जल कर राख हो गया. पीड़ित नटवा मरांडी ने बताया कि 35 से 40 हज़ार का नुकसान हुआ है. आग इतनी तेज थी कि देखते ही देखते खलिहान में रखे धान जलकर राख हो गया. घटना के बाद जेटके कुम्हरजोरी पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि देवेंद्र मालतो पीड़ित से मिलकर पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाया. उन्होंने सरकारी मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया. घटना से पीड़ित परिवार को काफी नुकसान पहुंचा है. हालांकि आग लगने का कारण पता नही चला है.

दो अध्यक्ष पद एवं 14 वार्ड पार्षद के लिए नामांकन पर्चा दाखिल

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

राजमहल- नगर निकाय चुनाव की घोषणा होने के बाद से जैसे जैसे दिन काम होते जा रहे हैं. उसी प्रकार राजमहल में राजनीतिक सरगर्मी लगातार तेज होती जा रही है. राजमहल नगर पंचायत अध्यक्ष पद के लिए 8 प्रत्याशियों ने अपना नामांकन पर्चा खरीदा है. जिसमें नगर पंचायत क्षेत्र के नया बाजार निवासी मो महिउद्दीन शेख, गुदारा घाट निवासी भावना गुप्ता, महाजन टोली निवासी मोहम्मद मखदूम शेख, नया बाजार निवासी केताबुद्दीन शेख, नया बाजार निवासी मोहम्मद जियाउल अंसारी, कासिम बाजार निवासी माधवी लता मंडल, मटियाल निवासी अब्दुल कादिर एवं नया बाजार निवासी कार्तिक कुमार साहा ने नामांकन पर्चा खरीदा है. वहीं 1 से 14 नंबर वार्ड के लिए 52 प्रत्याशियों ने नामांकन पर्चा खरीदा है. जिसमें एक नंबर वार्ड पार्षद के लिए 5, वार्ड नंबर 2 के लिए 6, वार्ड नंबर 3 के लिए 5, वार्ड नंबर 4 के लिए 3, वार्ड नंबर 5 के लिए दो, वार्ड नंबर 6 के लिए दो, वार्ड नंबर 7 के लिए 8, वार्ड नंबर 8 के लिए 4, वार्ड नंबर 9 के लिए 4, वार्ड नंबर 10 के लिए 4, वार्ड नंबर 11 के लिए 1, वार्ड नंबर 12 के लिए 4, वार्ड नंबर 13 के लिए 2 एवं वार्ड नंबर 14 के लिए 2 प्रत्याशियों ने नजीर रसीद खरीदा है. सोमवार को 16 प्रत्याशियों ने अपना नामांकन पर्चा दाखिल किया. जिसमें दो अध्यक्ष एवं 14 वार्ड पार्षदों शामिल है. नगर अध्यक्ष पद के लिए भावना गुप्ता, एवं मो मखदूम शेख, वार्ड पार्षदों में एक नंबर वार्ड के लिए मो हेना शेख, राजकुमार मंडल, वार्ड नंबर 2 के लिए सलीना बेबी, वार्ड नंबर 3 के लिए अरविंद कुमार साहा, वार्ड नंबर 4 के लिए सोहरफुल बीवी, वार्ड नंबर 7 के लिए आशुतोष विश्वास, उज्जवल कुमार हलदार, वार्ड नंबर 10 के लिए संतोषी देवी, रिंकी कुमारी, वार्ड नंबर 11 के लिए राजू सरकार, वार्ड नंबर 12 के लिए बरकत शेख, वार्ड नंबर 13 के लिए जाहिदा बीवी, वार्ड नंबर 14 के लिए रियाज शेख, कफीरन बीवी ने अपना नामांकन पर्चा दाखिल किया है. अब आने वाले दिनों में ही दिलचस्प होगा कि मतदाता किसके ऊपर मेहरबान होती है. कौन प्रत्याशी कितना अपने मतदाता के ऊपर भरोसा जीत पाती है.

बरहरवा नगर पंचायत चुनाव: निताय सरकार ने किया नामांकन दाखिल

संताल एक्सप्रेस संवाददाता बरहरवा- बरहरवा नगर पंचायत में चल रहे नगरपालिका चुनाव के तहत् वार्ड संख्या 03 से वार्ड पार्षद पद के प्रत्याशी निताय सरकार ने सोमवार को अपना नामांकन पत्र दाखिल किया. इस अवसर पर निताय सरकार दर्जनों समर्थकों एवं वार्डवासियों के साथ प्रखंड कार्यालय, बरहरवा पहुंचे. जहां उन्होंने निर्धारित प्रक्रिया के तहत् नामांकन किया. नामांकन के दौरान माहौल उत्साहपूर्ण रहा. समर्थकों ने निताय सरकार के समर्थन में नारे लगाए और उनके उज्ज्वल राजनीतिक भविष्य की कामना की. मौके पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष बरकतुल्लाह खान एवं जिला महासचिव मिथुन कुमार मंडल भी उपस्थित थे. निताय सरकार ने कहा कि वे पिछले कई वर्षों से वार्ड की जनता की निस्वार्थ सेवा करते आ रहे हैं और आगे भी इसी समर्पण के साथ सेवा जारी रखेंगे. उन्होंने कहा कि वार्ड की समस्याओं और जरूरतों से वे भली-भांति परिचित हैं और जनता का विश्वास ही उनकी सबसे बड़ी ताकत है. प्रत्याशी निताय सरकार की सक्रियता और जनसमर्थन को देखते हुए मुकाबला रोचक होने की संभावना जताई जा रही है.

मिर्जापुर पंचायत पहुंचे टी आलम, ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं

बरहरवा-बरहरवा प्रखंड अंतर्गत मिर्जापुर पंचायत के मिर्जापुर एवं लालमाटी गांव में झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के महासचिव टी आलम ने क्षेत्र का दौरा किया. इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित विभागों से समन्वय कर समाधान कराने का भरोसा दिलाया. बैठक में उन्होंने ने एसआईआर को लेकर ग्रामीणों को जागरूक करते हुए कहा कि मतदाता सूची से किसी भी योग्य नागरिक का नाम न कटे इसके लिए सभी को सजग रहना है. उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे गांव-गांव जाकर लोगों को जागरूक करें.

रोजगार के अधिकार का संदेश के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

लिट्टीपाड़ा (पाकुड़) सोमवार को प्रखंड कार्यालय लिट्टीपाड़ा में 2 फ़रवरी को महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) की शुरुआत की स्मृति में मनरेगा दिवस उत्साह और जनभागीदारी के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मनरेगा का विश्वास, रोजगार से विकास अभियान के अंतर्गत विशेष जागरूकता एवं जनभागीदारी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अभियान का उद्देश्य ग्रामीण परिवारों में मनरेगा के प्रति विश्वास को सुदृढ़ करना तथा रोजगार के माध्यम से सतत विकास को बढ़ावा देना रहा।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी मानिक दास ने ग्रामीण वयस्क मजदूरों को मनरेगा अंतर्गत एक वित्तीय वर्ष में 100 दिनों के रोजगार के कानूनी अधिकार की जानकारी दी। उन्होंने जॉब कार्ड निर्माण, कार्य की मांग प्रक्रिया, मजदूरी भुगतान की समय-सीमा एवं योजना की पारदर्शी व्यवस्था पर विस्तार से प्रकाश डाला।इस अवसर पर जल संरक्षण एवं आजीविका संवर्धन से जुड़ी परिसंपत्तियों–ई.सी.बी. निर्माण, डोभा निर्माण, बिरसा हरित ग्राम योजना अंतर्गत पौधारोपण, बीर शहीद पोटो हो खेल मैदान, दीदी बाड़ी योजना तथा बिरसा सिंचाई कूप निर्माण–जैसे स्थायी एवं उत्पादक कार्यों पर विशेष जोर दिया गया।प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी कमल पहाड़िया ने मनरेगा योजना में महिलाओं, अनुसूचित जाति/जनजाति एवं वंचित वर्गों की अधिकाधिक और सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर बल दिया।वहीं प्रखंड कल्याण/कृषि पदाधिकारी के. सी. दास ने कहा कि मनरेगा केवल रोजगार की योजना नहीं, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त करने, आजीविका सृजन और गांवों के समग्र विकास की मजबूत आधारशिला है।

पूर्व रेलवे

सं. ओ-एसी-टी-139 खोन 141-25-26 (खुला), माहित 30.01.2026, मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 होतेते लातार रे ओलाकान कामीको लागित् ई-ठिकाको (खुला) नेवतायेत् कानाः **क्रम सं. 1, केस सं. ओ-एसी-टी-139-25-26, कामी रेयाक् ञुतुमः** डीईएन/4/आसनसोल रेयाक् कामीटोठा रे एसएसई/पी(वे)/III/ अण्डाल रेयाक् चांगा रे ट्रैक मोरामुतीय आर ञेलजोतोन लागित् खुला ठिका। **ठिका रेयाक् पूंजी:** रु. 82,56,225.08, **बायना पायसाः** रु. 1,65,100/-, **क्रम सं. 2, केस सं. ओ-एसी-टी-140-25-26, कामी रेयाक् ञुतुम :** डीईएन/4/ आसनसोल रेयाक् कामीटोठा रे एसएसई/पी.वे/सिउड़ी रेयाक् चांगा रे ट्रैक मोरामुतीय आर ञेलजोतोन लागित् खुला ठिका। **ठिका रेयाक् पूंजी: रु.** 81,80,879.18, **बायना पायसाः रु.** 1,63,600/-, **क्रम सं. 3, केस सं. ओ-एसी-टी-141-25-26, कामी रेयाक् ञुतुमः** डीईएन/4/आसनसोल रेयाक् कामीटोठा रे ए.एस. कॉर्ड लाइन रे सिउड़ी-कुनुरी ताला रे किमी 56/14-16 रे एलसी गेट नं. 23/सी/ई जायगा रे सुमुङ उसुल रेयाक् सबवे बेनाव लागित् खुला ठिका। **ठिका रेयाक् पूंजी: रु.**3,41,69,054.55, **बायना पायसाः रु.** 3,20,800/-, **कामी पुराउ रेयाक् सोमोयः** 12 चान्दो (क्रम सं. 1 खोन 3 मिमित् लागित्) **बोंदोक् रेयाक् तारीक आर सोमोयः** माहित 25.02.2026 हिलोक् 12.00 बजे। पुराउ बानाडाय दो रेलवे रेयाक् वेबसाइट **www.ireps.gov.in** रे ञेल दाड़ेयाक्आ।

ASN-331/2025-26

ठिका खोबोरको वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in** रे हों मेनाक्आ।

नोंड़े पांजालेपेः @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

पूर्व रेलवे

ई-ठिका खोबोर संख्याः डब्ल्यूटी-02-जीएसयू-एएसएन-25-26, माहितः 30.01.2026, उप मुख्य परियोजना प्रबंधक/इंजीनियरिंग, गति शक्ति यूनिट, आसनसोल, पूर्व रेलवे, स्टेशन रोड, पिन-713301 होतेते लातार रे ओलाकान कामी लागित् ई-ठिकाको (खुला) नेवतायेत् कानाः **ठिका संख्याः डब्ल्यूटी-02-जीएसयू-एएसएन-25-26, कामी रेयाक् ञुतुमः** आसनसोल मंडल रेयाक् गति शक्ति यूनिट तारी रे छोटा अमबोना रे अप द्वितीय लूप, तुलसीटांड़ रे अप लूप बेनाव, सोनाचारा रे आइसोलेशन सांवते पुराउ जेलेञ वाला लूप रेयाक् प्रावधान, तापसी रे डीडी-2 लाइन हाबिच्/खोन सीधा रिसेप्शन/डिस्पैच सुबिताको सांवते स्टेशन यार्ड गोठोनआरोय आर नोवाको चेतान रेयाक् जायगाको रे एमान तेयाक् सोंगे कामीको लागित् खुला **ठिका; ठिका रेयाक् पूंजीः** रु.55,54,05,023.40; **बायना पायसाः रु.** 29,27,000/-; **कामी पुराउ रेयाक् सोमोयः** 12 चान्दो। **बोंदोक् रेयाक् तारीक आर सोमोय/बोली रेयाक् निट तारीकः** 27.02.2026 हिलोक् 15.00 बजे। पुराउ बानाडाय दो रेलवे रेयाक् वेबसाइट **ireps.gov.in** रे ञेल दाड़ेयाक्आ।

ASN-330/2025-26

ठिका खोबोरको वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in** रे हों मेनाक्आ।

नोंड़े पांजालेपेः @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

2 फरवरी : 47धावाक् झारखंड दिवस दुमका रे आंजो़म आंदोड़ेना जाव बो़छो़र गेको हिजुक् काना आक्-सार आर टामाक गो़क्आनते

आक्-सार दो़ हो़ड़कोवाक् आसो़ल बाञ्चाक् सापाप् काना, पार्टी रेयाक् दामान काथा आँजो़मजो़ड़को हिजुक् काना

साइमन हांसदाक्

दुमका। संताल परगना दुमका उपराजधानी रेयाक् गांधी मैदान टांडीरे झारखंड मुक्ति मोर्चावाक् सोमवार 2 फरवरी हिलो़क् 47धावाक्झारखंड दिवसको मानाव केदा। गांधी मैदान टांडी रे का़मीहो़राएहो़ब माड़ाडरे झारखंड मुक्ति मोर्चा रेन जो़तो़ पातियावान सो़मो़रथो़क दो़ हा़रियाड़ रो़डान झारखंड झांडी साप् काते,गो़क् काते संताल परगाना कॉलेज, दुमका रेयाक् माराङ टाण्डी रेजो़तो़को सेन जारवा एना। नोण्डे दो़ डो़म आर ना़टवा़ दो़दो़नको होंको ञेल एना आर बा़जनीया़कोको ञेल एना आर हिजुक् हो़ड़ दो़हिजुक् रे गे बा़ई-बा़ई ते दुंगुत्-दुंगुत्को ञेल एना। टाण्डीरे सेन जारवा काते डीजे साउंड बॉक्स गा़डी तायो़म तायो़म ते झामुमोवाक् झाण्डी, बैनर पोस्टर साप् काते टाण्डी बेड़हाव ते बारपे पांकको आ़चुर एना। इना़ तायो़म कॉलेज गेट सेच् ते ओडोको़क्तुलुच् मेन रोड रेको तिरया़उ एना आर गांधी मैदान टाण्डी धा़बिच् ता़ड़ाम आ़गुय तुलुच् 2 फरवरी रेयाक् मो़हो़त दो़ आर गेको बाढाव केदा। कॉलेज गेट खो़न सो़ड़ो़क सो़ड़ो़क ते बैनार पोस्टर साप् काते गे मित् ता़ड़ाम दो़ल रे दो़ झामुमो रेन विधायकको रे डॉलुईस मरांडी, धनंजय सोरेन, आलोक कुमार सोरेन ताको मित् सांवतेको ञेल एना। नोको सावं-सांवते आयमा प्रखंड अध्यक्ष, जिलाध्यक्षका़मिया़को हों रैली रे सेलेत्एनको ञेल एना। नोआ रैली ता़ड़ामदो़ सो़ड़ो़क सो़ड़ो़क ते शिव पहाड़ सेच् ते, सिदो कान्हु चौक सेच्ते गांधी मैदान टांडी रेको हेच् जारवा एना। नोते हेच्आकान बस गा़डीको दो़ पूलो झानो चौक सेच् रे गा़डीको तेंगोवाकानञेल एना। नोआ दो़ बाडायाक् काना जे जाव बो़छो़र गे झारखंड मुक्तिमोर्चावाक् झारखंड दिवस दो़ झामुमो गो़ठो़न तायो़म खो़न गे 2 फरवरी दुमका रेको मानाव आ़गुयेत् काना। झामुमो रेन बानाधाविच् बोंगा तालायेन शिबू सोरेन जिवा़त्ए ताहेंकान रे आ़डी सांगे हो़ड़ गे 2फरवरी रेको सेटेर हिजुक् कान ताहेंना आर तेहेञ होंको हिजुक् कानगेया। निया़ नेस दो़ शिबू सोरेन ए गुरेन तायो़म पा़हिल धावझामुमो होतेते झारखंड दिवसको मानाव केदा। नोआ ताक रे संताल परगना आर एटाक् जिला़को खो़न हों आयमा हो़ड़को हेच् एना। ठिक नोङकान ताक रे गे हेच्एन आदो़म आदो़म हो़ड़ कुली बाड़ा केत्को रे 2 फरवरी हिलो़क् चेदाक्को हिजुक् काना बाबो़त रे आकोवाक् जुदा़ जुदा़ काथाको ला़ई केदा। 2 फरवरी झारखंड दिवस मानावे हेच्एन गुरू मराण्डी दो़य ला़ई केदा जे उनी दो़ जाव बो़छो़र गे गुरूजीये एहो़प् आकात् झारखंड दिवस मानाव दो़य हिजुक् काना। दुमका रेयाक् माजडीहा रेन संकर मुर्मू दो़य ला़ई केदा जे मैजिक गा़डीतेको हेच् आकाना, जाव बो़छो़र गेय हिजुक् काना। साहिबगंज रेयाक् बरहेट टोठा रे मेनाक् सारजो़म घुटू रेन सिबचरण मुर्मू दो़य ला़ई केदा जे ओनको दो़ 50 गान हो़ड़को हेच् आकाना, जाव बो़छो़र गेको हिजुक् काना। साहिबगंज जिला़ रेयाक् बोरियो प्रखंड रेन समियल हांसदा दो़य ला़ई केदा जे ओनको दो़ मित् गा़डी हो़ड़को हेच्आकाना। जो़म ञू रेयाक् काथा कुली केदे रेय ला़ई केदा जेहिजुक् जोखेन आमड़ापाड़ा सेच् रे दा़ल हाको दाकाको जो़म ओचोकेत्कोआ। काठीकुंड प्रखंड रेन सोलेमान सोरेन दो़य ला़ई केदाजोमाक् बो़दो़ल ते पोयसाको एमात्कोआ। गोपीकांदर प्रखंड रेन मोनसा लिया हों जाव बो़छो़रे हिजुक् काने ला़ई केदा। ओनको दो़ 10 हो़ड़गानको हेच् आकाना। पाकुड जिला रेयाक् हिरणपुर टोठा रे मेनाक्दिबी कोलहाजोर रेन चुंडा़ टुडू दो़य ला़ई केदा जे 45-50 हो़ड़ गानबस गा़डी तेको हेच् आकाना, जोम ञुई बाबो़त कुली केदे रे पोयसाकोएम आकावात्कोय ला़ई केदा। बरहेट प्रखंड टोठा रेन अनिल मुर्मूदो़य ला़ई केदा जे बस गा़डी ते आयमा हो़ड़को हेच् आकाना, नोङका गेबो़छो़र बो़छो़रको हिजुक् गेया। पाकुड़िया प्रखंड टोठा रेन जोहोनटुडू दो़य ला़ई केदा जे मित् गा़डी गान हो़ड़को हेच् आकाना। ला़ई केदाय जे पार्टी दो़ल रे ताहेंन हों जा़रूड़ गेया, ओना इया़ते जावगे 2 फरवरी हिलो़क् हों पार्टी रेयाक् दामानाक् काथा आंजो़म ला़गित्ए हिजुक् काना। दुमका जिला़ रेयाक् चांदोपानी आतो रेन सिबलाल हांसदा दो़ आक्-सार गो़क् कातेय हेच् एना। कुली केदे रेय ला़ई केदा जे 2 फरवरी रे जाव बो़छो़र गे आक्-सार गो़क् कातेय हिजुक् काना। ला़ई केदाय जे शिबू सोरेन कोड़ा माछाय ताहेंन कान जोखेन खो़न गेगुरूजीयाक् रैली रे दामानाक् काथा आँजो़मे हिजुक् काना। मेनकेदाय जे आक्-सार दो़ हो़ड़कोवाक् आसो़ल ला़ड़हाई खो़नबाञ्चाक् सापाप् काना। ओनाते नोङकान रैलीको रेय आ़गु बाड़ाय गेया। नित गुरूजी बा़नुय रे हों नोङका गे 2 फरवरी झारखंड दिवस मानावकोहेच्एन आयमा हो़ड़ कुली बाड़ा केत्को रे पार्टी रेयाक् दामानाक् काथा आर मो़हो़त मेनाक् ते जाव बो़छो़र गेको हिजुक्कान

साकची खो़ने आत्लेन गिदरा़ महाराष्ट्र रेको ञाम केदेया

खोबोरिया

पूर्वी सिंहभूम । सीतारामडेरा थाना टोठा रेयाक् इंद्रानगर ह्यूम पाइप एरिया रेन गिरा़बा़सी 14 बो़छो़र रेन कोड़ा गिदरा़य आत् आकान रेयाक् मामला दो़ पुलिसको फान्डाव केदा। साकची खो़न 9 जनवरी हिलो़क् आचका गेय आत्एन कोड़ा गिदरा़ दो़ पुलिस टीम महाराष्ट्र रेयाक् बुलढाणा जिला खो़न नापाय सा़हिच्को ञाम आ़गु केदेया। नोआ पुरा़मामला रेयाक् खो़बो़र दो़ ओ़तेमाहां हिलो़क् डीएसपी सुनील चौधरीपुलिस कार्यालय रे ओरामेन खो़बो़रिया़को सो़गे गापालमाराव रेय ला़ई केदा। डीएसपी दो़य ला़ई केदा जे कोड़ा गिदरा़य आत्एन खो़न पे दिन तायो़मओनको घारो़ंज रेन हो़ड़ दो़ सीतारामडेरा थाना तेको सेटेरेनाआर आत् आकान रेयाक् ला़लिसको ओ़ल राकाप् आचो केदा। ला़लिसञाम तायो़म पुलिस दो़ उसा़रा ते कार्रवाई तुलुच् जांचको एहो़प्केदा। जांच ताला रे साकची आर आडे-पासे रेयाक् टोठा रे लागावाकान सीसीटीवी कैमरा रेयाक् फुटेजको ञेल केदा, ओना रे आ़डी माराङ सुरागको ञाम केदा। तकनीकी सा़बुत आरहों ञामइदियेन लेका रे पुलिस दो़ नोवाको बाडाय केदा जे किशोर दो़महाराष्ट्र सेच्ए चालावाकाना। ओना तायो़म पुलिस रेन टीम दो़ महाराष्ट्र पुलिस सो़गेको जोगाजोग केदा आर मिला़वाते कार्रवाई तुलुच् बुलढापा जिला खो़न किशोर दो़को ञाम केदेया। ञाम केदे तायो़म किशोर दो़ ओनको ओड़ाक् रेन ठेन जिमा़काय रेयाक् का़मीको एहो़प् केदा। डीएसपी दो़य मेन केदा जे भा़ग काथा दो़ नोआ काना जे गिदरा़ दो़ पुरा़उ तेय मो़ंज गेया आर उनी सालाक्ते जाहां लेकानाक् बा़ड़िच् घो़टना दो़ बाङ होय आकाना।

दुमका रे मैट्रिक-इंटर बिडा़उ एहो़प् एना, 100 मीटर बेड़हाय फराक रे निषेधाज्ञा ला़गू ताहेंना

खोबोरिया

दुमका। झारखंड अधिविद्य परिषद् रांची होतेते ओरामेन वार्षिकमाध्यमिक बिडा़उ 2026 आर वार्षिक इंटरमिडिएट कला, विज्ञान आर वाणिज्य परीक्षा 2026 बिडा़उ दो़ दुमका अनुमंडल रेयाक् आयमा बिडा़उ केंद्र ओड़ाक्को रे होयोक् काना। माध्यमिक बिडा़उ दो़ 3 फरवरीखो़न 17 फरवरी 2026 तक पा़हिल पा़ली रे आर इंटरमिडिएट बिडा़उ 3 फरवरी खो़न 23 फरवरी 2026 धा़बिच् दोसार पा़ली रे होयोक् काना।माध्यमिक बिडा़उ ला़गित् दुमका अनुमंडल रे जो़तो़ ते 59 गोटेच् बिडा़उ केन्द्र ओड़ाक् बेनाव आकाना, आर इंटरमिडिएट बिडा़उ ला़गित् दो़35 गोटेच् केंन्द्र निट आकाना। दुमका सो़हो़र घालो़क्गोपीकांदर, जामा, जामुंडी, काठीकुंड, मसलिया, रामगढ़, सरैयाहाट,हंसडीहा, शिकारीपाड़ा घालो़क् आयमा प्रखंडको रेयाक् इसकुलको रे बिडा़उ होयोक् काना। बानार बिडा़उ रे आयमा बिडा़उ ओ़लो़क्कोको सेलेदो़क् काना।

न्यू ग्रैंड होटल खो़न समाहरणालय हा़बिच्को ओडोङ केदा जुलूस, इंडोर स्टेडियम रे होय एना सभा

खोबोरिया

देवघर। नगर निगम चुनाव 2026 ता़री रे ओ़तेमाहां हिलो़क् महापौर पदरेन प्रत्याशी रवि केशरी दो़ नामांकन पत्रए दा़खिल केदा। नामांकनओ़पसो़र रे न्यू ग्रैंड होटल खो़न सेताक् 10 बजे मित्टेन जुलूसकोओडोङ केदा, ओका दो़ शहर रेयाक् जुदा़-जुदा़ डाहार सेच् ते समाहरणालय ते सेटेरेना। ओ़न्डे निट आकात् होरा लेका रे नामांकन होय एना। नामांकन तायो़म इंडोर स्टेडियम रे मित् सभाकोओराम केदा, नोआ रे रवि केशरी दो़ सेटेराकान ताहेंन हो़ड़कोताला रे काथाय दो़हो़ केदा। उनी दो़ नगर विकास सांव जोड़ाव जुदा़-जुदा़ बिसो़य आपनार काथाय दो़हो़ केदा आर हो़ड़ाक्सुबिताको बाबो़त रे मुद्दाय ला़ई केदा। का़मीहोरा ताला रे गो़क्ड़ो़क्को, टोठाकिया़ प्रतिनिधिको आरसोमाज सांव जोड़ावाकान हो़ड़ाक् सेटेरको ञेल एना। नामांकन आरओना सांव जोड़ावाकान का़मीहोराको बाबो़त रे प्रशासन सेच् खो़न जा़रूड़ो़क्आक्को दो़ आसो़कायते बेबो़सतावाकात् ताहेंकाना,ओनाते पुरा़उ का़मीहोरा नापाय ते ओराम दाड़ेयादा। नगर निगम चुनावबाबो़त रे शहर रे चुनावी का़मी दो़ मित् गे तालाव ढेर इदिक् काना आर दारायकान दिनको रे आरहों जुदा़-जुदा़ प्रत्याशीको नामांकनदाड़ेयाक्आ।

राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण का़महोरा ता़री रे देवघर रे सीएचओ आर एएनएम कोवाक् मित् माहांकिया़ इतुन ओरामेना

देवघरं। देवघर रे राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम ता़री रेसिविल सर्जन डॉ. बच्चा प्रसाद सिंह आर जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी सहनोडल पदाधिकारी एनटीसीपीयाक् बातलाव लेका रे आईएमए हॉल रेसामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारी आर सहायक नर्स मिडवाइफको़वाक् मित् माहांकिया़ इतुन ओरामेना। इतुन रे डॉ. नवनीता सिंह आर जिला परामर्शी अभिमन्यु कुमार दांगी दो़ थामाकुर ते होयोक्आक् मुसकिलाक्को बाबो़त रे मो़ंज तेको ला़यात्कोआ। ला़लाईको दो़को ला़ई केदा जे थामाकुर जो़म तेदिसा़म रेन हो़ड़ाक् निपुट गे बा़ड़िजो़क् काना। जाव बो़छो़रमोटामुटी 13 लाख हो़ड़ नोआ तेको गो़जो़क् काना। ग्लोबल एडल्टटोबैको सर्वे 2017 लेकाते भारत रे 28.6 प्रतिशत हो़ड़ थामाकुरकोजो़मेत् काना, आर से नो़ते झारखंड रे नोआ आंकड़ा दो़ 38.9प्रतिशत मेनाक्आ। हें मेनखान पो़नो़त रे थामाकुर बेवहार 11.2प्रतिशत को़म दर्ज आकान दो़ नियंत्रण का़मीहोरा जोजावाकान काथा गेयउदुक्एत् काना। थामाकुर ते बो़हो़क्, हो़टो़क्, इनबो़रो़, आडो ओड़ाक् आर गुर्दा रे कैंसर सांव-सांवते साहेंत् रूवा,हेरेल दाड़े को़मो़क् आर माजयीवको रे गिदरा़ जानामको लेकानमुसकिलाक् ढेर आकाना। निसा़येत् हो़ड़ाक् इनबो़रो़ रे कैंसर रेयाक् खतरा दो़ 20-25 गुना जा़सती ताहेंन काना। का़मीहोरा रेयाक् जो़स दो़ स्वास्थ्य कर्मीको जागवार काते गातांक रे थामाकुर खो़न रूखिया़ जियोन जिवेदो़क् ढेर ओचोय गे काना।

रांची रे हाड़ाम हो़ड़ गो़च् आकादे रेयाक् खुलासा आपा-हो़न सांवते पेयाको साप् केत्कोआ

रांची। रांची रेयाक् लालपुर थाना टोठा रेयाक् लोवर वर्द्धमान कंपाउंड (धोबी घाट) रे ञुहुममाहां हिलो़क् मधेश्वर सिंह गो़च् आकादे रेयाक् मामला फान्डाव तुलुच् पुलिस दो़ पेया दुसीको साप् केत्कोआ। साप् आकात्को दुसी रे मुन्ना कच्छप आर उनी रेन बारया कोड़ा अमन कच्छप आर अनिकेत कच्छप सेलेत् मेनाया।

ओ़तेमाहां हिलो़क् ओरामेन खो़बो़रिया़को सो़गे गालमाराव रे नगर पुलिस उपाधीक्षक केवी रमण दो़य ला़ई केदा जे एनका माछा झोड़गायेन तायो़म बानार मित् ला़च् बोयहा दो़ आपाततेत् सो़गे मिला़उ काते हाड़ाम मधेश्वर सिंहकिन दाल केदेया, ओनका रे उनी दो़य गो़च् एना। उनी दो़य ला़ई केदा जे वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) राकेशन रंजनाक् बातलाव रे गो़ठो़नाकान टीम दो़ उसा़राते का़मीय तुलुच् घटना खो़न 24 घंटा भितरी ते जो़तो़ ञुतुमान दुसीको हाजो़त केत्कोआ।

कार्यालय,जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका)-सह-उपायुक्त, गोड्डा
(हेल्प लाईन एवं जनशिकायत कोषांग,गोड्डा)
janshikyatcellhelpline@gmail.com

नगरपालिका (आम) चुनाव–2026

–: आम सूचना :–

नगरपालिका (आम) निर्वाचन चुनाव–2026 के निमित निर्वाचन कार्य को सुचारू एवं सुव्यवस्थित रूप से सफल संचालन हेतु हेल्प लाईन एवं जनशिकायत कोषांग का गठन किया गया है।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निर्वाचन हेल्प लाईन नम्बर–1950 के माध्यम से अथवा नया समाहरणालय भवन, पाण्डुबथान, गोड्डा में अवस्थित द्वितीय तल ब्लॉक–C में स्थापित हेल्प लाईन एवं जनशिकायत कोषांग से सम्पर्क स्थापित कर नगरपालिका (आम) निर्वाचन चुनाव–2026 के निमिति निर्वाचन कार्य से संबंधित सहायता एवं जनशिकायत किया जा सकता है।

ह0/–
वरीय पदाधिकारी,
हेल्प लाईन एवं जनशिकायत कोषांग
–सह–अनुमंडल पदाधिकारी, गोड्डा

PR 372143 Election(25-26).D

कार्यालय, महाप्रबन्धक, जिला उद्योग केन्द्र, देवघर

आवश्यक सूचना

एतद् द्वारा देवघर जिला अन्तर्गत कार्यरत सभी औद्योगिक इकाईयों को सूचित किया जाता है कि उद्योग निदेशालय, झारखण्ड, राँची के पत्रांक–177/राँची, दिनांक–28.01.2026 के द्वारा माननीय उच्च न्यायालय, झारखण्ड, राँची के दिनांक–19.11.2025 को पारित न्यायादेश के अनुपालन के आलोक में झारखण्ड राज्य अन्तर्गत कार्यरत सभी औद्योगिक इकाईयों को दिनांक–30.06.2026 तक उद्योग विभाग, झारखण्ड, राँची अन्तर्गत पंजीकृत कराने का निदेश दिया गया है।

अतः उक्त निदेशों के अनुपालन के आलोक में देवघर जिला अन्तर्गत कार्यरत सभी औद्योगिक इकाईयों को सूचित किया जाता है कि आप सभी दिनांक–30.06.2026 तक उद्योग विभाग, झारखण्ड, राँची के सिंगल विण्डो पोर्टल (https://advantage.jharkhand.gov.in/Single Window/) पर निःशुल्क पंजीकृत कराना सुनिश्चित करें। किसी भी तरह की कठिनाई अथवा जानकारी हेतु जिला उद्योग केन्द्र, देवघर कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में सम्पर्क किया जा सकता है अथवा मो0 नं0 **7004765477** पर सम्पर्क स्थापित कर आवश्यक मदद लिया जा सकता है।

ह0/–
महाप्रबन्धक,
जिला उद्योग केन्द्र, देवघर

PR 372173 (Deoghar)25-26*D

टेराक चापो़ट रेय पाड़ावेन ते कोड़ाय गो़च् एना

खोबोरिया

लोहरदगा । किस्को रिचुघटा आसो़ल हो़र रे रेस हिजुक् ञेलेना, जाहां टेराक गा़डी दो़ मित्टेन कोड़ाय ठो़को़र केदेया, घो़टो़ना दो़ जोबांग थाना रेयाक् खरचा बिरहोर कॉलोनी सोर रे घाटावेना। टेराक चापो़ट रेय हेच्एन ते मित्टेन बाइक देच्कोड़ाय बेण्डाव एना। बाडायाकान लेकाते थाना टोठा रेन मुर्मू रेसिताराम प्रसाद रेन कोड़ा अनुज प्रसाद टीवीएस बाइक ते मुर्मू खो़न खरचा सेच्ए हिजुक् कान ताहेंना। तो़बे खरचा धर्मकांटा सेच् हिजुक् टेराक दो़ कोड़ाय ठो़को़र तोरा केदेया। पुलिस आर आतोहो़ड़ाक् गो़ड़ों ते सदर हासपाताल तेको इदी केदेया। जाहां डॉक्टरदो़ उनी गो़च् एनाको सारसादले केदा। नोते घो़टो़ना तायो़म टेराक डायबो़र दो़ धर्मकांटा सोर टेराक ए ञिर बा़गीयादा। घो़टो़ना तायो़म कोड़ा रेन ओड़ाक् हो़ड़को राक् थाकाव आकाना। बानारगा़डी पुलिस दो़को साप् आकादा। पुलिस दो़ पुरा़ मामलाको जांच पाड़तालेत् काना।

मुफ्फसिल थाना साहेबगंज

सूचना

(भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 84)

चुँकि मेरे समक्ष यह परिवाद किया गया है कि अभिषेक यादव पिता–योगेंद्र यादव उर्फ जोगी यादव, ग्राम–जयंतीग्गाम, महादेवगंज थाना साहेबगंज मुफसिल, जिला साहेबगंज की धारा 103 (1)/238 भारतीय न्याय संहिता, एवं धारा 25 (1–B)/26/27 आर्म्स एक्ट और इसके मूलभूत अपराध के तहत अपराध कारित किया गया है। (या संदेह है कि उसने किया है) और उन पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह कह कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभिषेक यादव मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से यह दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभिषेक यादव फरार हो गया है। (या उक्त वारंट की तामिला से बचने के लिए खुद को छिपा रहा है)

इसलिए एतद्वारा यह उद्घोषणा की जाती है कि मुफसिल थाना कांड संख्या 92/2025 दिनांक 12.09.2025 के रूप में पंजीकृत) के उक्त अभियुक्त अभिषेक यादव से अपेक्षा की जाती है कि वे सिविल न्यायालय साहेबंगंज, झारखंड के इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) अभिषेक प्रसाद अपर मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी, साहेबगंज, के न्यायालय में 20.03.2026 को पूर्वाहन 11:00 बजे उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए हाजिर हो।

दिनांक 21 जनवरी 2026 को जारी किया गया

ह०/–
(अनिश कुमार पांडेय)
पु०अ०नि० सह थाना प्रभारी
मुफ्फसिल थाना साहेबगंज

PR 372189 Police(25-26)#D

मुफ्फसिल थाना साहेबगंज

सूचना

(भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 84)

चुँकि मेरे समक्ष यह परिवाद किया गया है कि राहुल कुमार यादव पिता–राजन यादव, ग्राम–काटरगंज, थाना जिरवाबाडी, जिला साहेबगंज (स्थायी पता ग्राम बड़ा जिरवाबाडी चानन, थाना जिरवाबाडी, जिला साहेबगंज) ने धारा 103 (1)/238 भारतीय न्याय संहिता, एवं धारा 25 (1–B)/26/27 आर्म्स एक्ट और इसके मूलभूत अपराध के तहत अपराध कारित किया गया है। (या संदेह है कि उसने किया है) और उन पर जारी किये गये गिरतारी के वारंट को यह कह कर लौटा दिया गया है कि उक्त राहुल कुमार यादव मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से यह दर्शित कर दिया गया है कि उक्त राहुल कुमार यादव फरार हो गया है। (या उक्त वारंट की तामिला से बचने के लिए खुद को छिपा रहा है)

इसलिए एतद्वारा यह उधोषणा की जाती है कि मुफसिल थाना कांड संख्या 92/2025 दिनांक 12.09.2025 के रूप में पंजीकृत) के उक्त अभियुक्त राहुल कुमार यादव से अपेक्षा की जाती है कि वे सिविल न्यायालय साहेबंगंज, झारखंड के इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) अभिषेक प्रसाद अपर मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी, साहेबगंज, के न्यायालय 20.03.2026 को पूर्वाहन 11:00 बजे उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए हाजिर हो।

दिनांक 21 जनवरी 2026 को जारी किया गया है।

ह०/–
(अनिश कुमार पांडेय)
पु०अ०नि० सह थाना प्रभारी
मुफ्फसिल थाना साहेबगंज

PR.NO.372187 Police(25-26):D

JHARKHAND EDUCATION PROJECT
New Collectorate Office, Pakur
Bikash Bhawan, Block-B, 2nd Floor, PIN - 816107 Email Address-ssapakur@gmail.com

पत्रांक : .... दिनांक ....

झारखंड शिक्षा परियोजना, पाकुड़

जिले में संचालित 03 मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालयों (CM SoE) में नामांकन से संबंधित सूचना

राज्य परियोजना निदेशक, झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद्, राँची का पत्रांक ME/01/1183/2023/37, दिनांक 05.01.2026 के आलोक में जिले में संचालित 03 मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालयों (CM SoE) में शैक्षणिक सत्र 2026–26 में विद्यालयवार नामांकन के लिए सुयोग्य छात्र/छात्राओं से निम्नवत रूप से आवेदन आमंत्रित किया जाता है :–

क्र स	मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय का नाम	कक्षावार रिक्ति										11			कुल
		KG	1	2	3	4	5	6	7	8	9	ARTS	SCI	COM	
1.	Dist CM School of Excellence GIRLS PAKUR (KANYA)	40	5	11	5	5	5	5	5	5	5	0	0	0	91
2.	Dist CM School of Excellence (RAJ+2)	0	0	0	0	0	0	80	0	0	80	160	80	40	440
3.	Dist CM School of Excellence KGBV, Pakur	0	0	0	0	0	0	25	0	0	0	0	0	0	25
	कुल	40	5	11	5	5	5	110	5	5	85	160	80	40	556

इच्छुक छात्र/छात्राओं तथा उनके अभिभावकों से अनुरोध है कि वे दिनांक 26.02.2026 तक अपना आवेदन ऑनलाईन अथवा ऑफलाईन मोड में राज्य परियोजना कार्यालय द्वारा निर्गत दिशा–निदेश के अनुरूप कर सकते हैं। नामांकन हेतु ऑनलाईन आवेदन झारखण्ड शिक्षा परियोजना निदेशक, राँची के अधिकारिक वेबसाइट – https://evidyavahini. jharkhand.gov.in/soeAdmission https://evidyavahini.jharkhand.gov.in/student के पोर्टल पर वांछित अभिलेखों के साथ किया जा सकेगा। जिला के सभी 03 मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालयों से आवेदन फार्म प्राप्त कर ऑफलाईन मोड में संबंधित मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय में भी आवेदन जमा किया जा सकता है। नामांकन हेतु अभिभावकों के जानकारी के लिए सभी मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालयों में तथा झारखण्ड शिक्षा परियोजना कार्यालय, नया समाहरणालय, विकास भवन, द्वितीय तल्ला, पनि न.–816107 हेल्प डेस्क गया है।

जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, पाकुड़।

PR.NO.372197 Jharkhand Education Project Council(25-26):D

कार्यालय, समेकित जनजाति विकास अभिकरण, पाकुड़
Mail-ID :-dwo-pak-jhr@nic.in

–: एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों/आश्रम आदिवासी बालिका आवासीय विद्यालय एवं अनुसूचित जनजाति आवासीय विद्यालयों में नामांकन सूचना से संबंधित प्रेस विज्ञिप्ति :–

एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों/आश्रम आदिवासी बालिका आवासीय विद्यालय एवं अनुसूचित जनजाति आवासीय मध्य एवं उच्च विद्यालयों में शैक्षणिक शत्र 2026–27 के रिक्ति के अनुसार वर्ग– VI, VII, एवं VIII में नामांकन हेतु झारखण्ड राज्य के अनुसूचित जनजाति के अर्हताधारी इच्छुक छात्र–छात्राओं से विहित प्रपत्र में आवेदन दिनांक– 20.02.2026 तक आमंत्रित किये जाते हैं। रिक्तियाँ एवं उम्र सिमा की विवरणी निम्न प्रकार है :–

1. विद्यालयवार रिक्तियाँ

क्र0	विद्यालय का नाम	कोटि	वर्गवार विवरणी		
			VI	VII	VIII
1	अनुसूचित जनजाति आवासीय उच्च विद्यालय हिरणपुर, पाकुड़।	छात्र	15	14	16
2	आश्रम आदिवासी बालिका आवासीय विद्यालय आमड़ापाड़ा, पाकुड़।	छात्रा	40	00	00
3	एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय, कुमारभाजा, लिट्टीपाड़ा।	छात्रा	60	00	00
4	एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय, राजबाड़ी, पाकुड़िया।	छात्र/छात्रा	30:30	00	00

2. कक्षावार अधिकतम उम्र सीमा 31.03.2026 को :–
   1. अनुसूचित जनजाति आवासीय विद्यालय में कक्षा 6 के लिए उम्र – 10 से 12 वर्श
   2. अनुसूचित जनजाति आवासीय विद्यालय में कक्षा 7 के लिए उम्र – 13 वर्श
   3. अनुसूचित जनजाति आवासीय विद्यालय में कक्षा 8 के लिए उम्र – 14 वर्श
   4. आश्रम आदिवासी बालिका आवासीय विद्यालय में कक्षा 6 के लिए उम्र – 12 वर्श
   5. एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय में कक्षा 6 के लिए अधिकतम उम्र – 10 से 13 वर्श
3. पंजीयन प्रपत्र (Registration Form) निःशुल्क प्राप्त करने का स्थान ।
   (क.) जिला कल्याण कार्यालय, पाकुड़।
   (ख.) सभी प्रखण्ड मुख्यालय के प्रखण्ड कल्याण पदाधिकारी के कार्यालय में।
   (घ.) एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय, कुमारभाजा, लिट्टीपाड़ा एवं राजबाड़ी, पाकुड़िया में।
4. पंजीयन प्रपत्र भरने की अंतिम तिथि –

विद्यालय का नाम	तिथि
अनुसूचित जनजाति आवासीय उच्च विद्यालय हिरणपुर, पाकुड़।	20.02.2026
आश्रम आदिवासी बालिका आवासीय विद्यालय आमड़ापाड़ा, पाकुड़।	
एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय, कुमारभाजा, लिट्टीपाड़ा।	10.02.2026
एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय, राजबाड़ी, पाकुड़िया।	

निर्धारित तिथि को अपराहन् 05:00 बजे के पश्चात कोई भी आवेदन स्वीकार नहीं किया जा जायेगा।

5. परीक्षा की तिथि :– 08 मार्च 2026 (रविवार) को प्रथम पाली में एकलव्य आवासीय विद्यालयों एवं द्वितीय पाली में अनुसूचित जनजाति आवासीय विद्यालयों की परीक्षा होगी।
6. नामांकन के समय चयनित छात्र/छात्राओं को प्रवेश–पत्र , विद्यालय परित्याग प्रमाण पत्र, जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड की छायाप्रति, जाति प्रमाण पत्र, आवासीय प्रमाण पत्र एवं BPL प्रमाण पत्र मूल रूप से प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
7. जिन छात्र/छात्राओं के माता–पिता सरकारी सेवा में कार्यरत है, उनके बच्चों का नामांकन हेतु आवेदन स्वीकार नहीं किया जायेगा। इस आशय का घोशणा पत्र आवेदन के साथ जमा करना अनिवार्य होगा।
8. आवेदक को परीक्षा केन्द्र में प्रवेश पत्र के साथ आधार कार्ड की छायाप्रति लाना अनिवार्य होगा।

परियोजना निदेशक,
आई0टी0डी0ए0,–सह–
जिला कल्याण पदाधिकारी, पाकुड़

PR 372138 Welfare(25-26)#D

गुरुजी की गैर-मौजूदगी से माहौल भावुक पर झामुमो समर्थकों के उत्साह में कमी नहीं

परंपरागत जय झारखंड के साथ इस बार दुमका में गूंजा दिशोम गुरु शिबू सोरेन अमर रहें का नारा

विशेष संवाददाता

दुमका । 2 फरवरी को दुमका गांधी मैदान में झामुमो 47वां झारखंड दिवस समारोह मना रहा है।इस मौके पर शहर में परंपरागत रूप से बड़ी रैली निकाली गई है,जिसमें संताल परगना के कोने-कोने से हजारों की संख्या में जुटे आदिवासी भाग ले रहे हैं।दिशोम गुरु शिबू सोरेन की गैर-मौजूदगी में पहली बार दुमका में 2 फरवरी की रैली हो रही है।गुरुजी की कमी खल रही है और रैली का माहौल भावुक है पर झामुमो समर्थकों के उत्साह में कमी नहीं है।

रैली में परंपरागत नारा %जय झारखंड% के साथ इस बार %दिशोम गुरु शिबू सोरेन अमर रहें% के नारा की गूंज सुनाई दी। रैली में मुख्य संबोधन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का होना है।मुख्यमंत्री के समारोह स्थल गांधी मैदान पहुंचने पर मुख्यमंत्री श्री सोरेन का जोरदार स्वागत किया गया।रैली में दुमका सांसद नलिन सोरेन और दुमका विधायक बसंत सोरेन सहित पार्टी के कई सांसद और विधायक भाग ले रहे हैं।

पूरा शहर झामुमो के हरे झंडों, बैनरों और बड़े नेताओं के कट आउट,होर्डिंग्स से सजा हुआ है।शाम में दुमका एसपी कॉलेज से रैली निकली जो सिदो-कान्हू चौक(पोखरा चौक), टीन बाजार, मेन रोड,नीचे बाजार होते हुए गांधी मैदान पहुंची।एसपी कॉलेज से निकले जुलूस को सांसद नलिन सोरेन,विधायक बसंत सोरेन और विधायक डॉ. लुईस मरांडी और झामुमो जिला अध्यक्ष शिवा बास्की नेतृत्व कर रहे थे।रैली में शामिल लोग ढोल-नगाड़ा, टमाक, डुगडुगी बजाते हुए चल रहे थे।रैली में दुमका के साथ ही गोड्डा,महगामा, देवघर,मधुपुर, जामताड़ा साहिबगंज,राजमहल,पाकुड, महेशपुर,जामा, सार ठ, शिकारीपाड़ा,बोरियो, लिट्टीपाड़ा सहित संताल परगना के सुदूर इलाके से बड़ी संख्या में आदिवासी-मूलवासी जुटे हैं।अन्य वर्षों की तुलना में इस वर्ष 2 फरवरी की रैली में अधिक संख्या में लोग जुटे हैं। झामुमो की रैली और गांधी मैदान में हो रही जनसभा में झामुमो नेताओं के भाषणों में हेमंत सोरेन सरकार की उपलब्धियां गिनाई जा रही है।शुरू से ही 2 फरवरी की झामुमो की रैली में पार्टी की दिशा और दशा तय होती रही है।रैली में शामिल नेताओं और कार्यकर्ताओं को पार्टी के सुप्रीमो और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के संबोधन का इंतजार है।उनका भाषण सबसे अंत में होना है।मुख्यमंत्री अपनी सरकार द्वारा झारखंड के विकास के लिए अपनी सरकार द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रमों पर फोकस करेंगे।गांधी मैदान में जुटे लोग अपने नेता का देश के ज्वलंत मुद्दों पर विचार सुनेंगे।

स्वामी, प्रकाशक,मुद्रक एवं संपादक अशोक कुमार द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस,धनबाद गोविंदपुर मेन रोड अशोक नगर, केजी आश्रम,गोसाईडीह धनबाद झारखंड से मुद्रित तथा संताल एक्सप्रेस कार्यालय दंगालपाड़ा, हिजला रोड, दुमका (झारखंड)से प्रकाशित, RNI NO. JHABIL/2018/76383, सलाहकार संपादक चंदन मिश्र, प्रबंध संपादक सिद्धार्थ कुमार, स्थानीय संपादक चुण्डा सोरेन सिपाही फोन न. 7367009287, 9771486686